kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-219 ❑ शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघसंचालक आदरणीय श्री मोहन भागवत जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! संघ के प्रचारक होने से लेकर संघ के आदरणीय सरसंघसंचालक होने तक भागवत जी ने समाज सेवा और युवकों के चरित्र निर्माण के लिए अमूल्य योगदान दिया है। अमित शाह

भारत जैसे देशों के लिए दोहरी चुनौती की है 21वीं सदी : यादव 11

मुआवजा राशि नहीं मिलने से नाराज बाढ़ पीड़ितों ने किया सड़क जाम 12

# नेपाल में शासन की बागडोर संभालने के मसले पर राष्ट्रपति जेन-जेड और सेना में मंत्रणा

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में शासन की कमान संभालने के सवाल पर सेना की मध्यस्थता से राष्ट्रपति रामचंद्र पौडैल और जेन-जेड के प्रतिनिधियों के बीच गुरुवार को गहन मंत्रणा हुयी।

कांतिपुर समाचार पत्र ने अपने एक्स हैंडल पर यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि देश में अंतरिम सरकार के गठन के मसले पर नेपाली सेना के सहयोग से जेन-जेड आंदोलनकारियों और श्री पौडेल के बीच विचार विमर्श हुआ। इस बातचीत में पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशील कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त करने पर भी चर्चा हुयी। जस्टिस कार्की के निकटस्थ



❑ नेपाल में जेन ज़ी प्रदर्शनों में मरने वाली संख्या 34 हुई , 1368 घायल

सूत्रों ने बताया कि वह कोई भी कदम उठाने से पहले सेना से और उसके बाद राष्ट्रपति पौडेल से देश की स्थिति को लेकर चर्चा करेंगी। ऐसा माना जा रहा है कि श्री पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिग्डेल के साथ चल रही इस वार्ता में कुछ हल अवश्य निकल का आयेगा। उल्लेखनीय है कि काठमांडू मेयर बालेंद्र शाह ने कल अपने एक्स हैंडल पर जस्टिस कार्की को समर्थन देने की बात कही थी। इसके बाद से पूर्व मुख्य न्यायाधीश को लेकर सहमति के स्वर तेज हो गए, लेकिन उनके नाम पर पूर्ण सहमति नहीं बनी है। नेपाल में सत्ताधारी नेताओं के खिलाफ हाल ही में जेनरेशन जेड के हिंसक प्रदर्शनों में देशभर में मरने वालों की संख्या 34 हो गयी है जबकि इन प्रदर्शनों में 1368 लोग घायल हुए हैं। नेपाल के समाचारपत्र दि हिमालयन टाइम्स ने देश के स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के हवाले से आज यह खबर दी। मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश बुढ़ाथोकी ने ● शेष पेज 11 पर

# सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि श्री गांधी विदेश यात्रा पर जाते हैं लेकिन इसकी सूचना नहीं दी जाती है और यह सरासर सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इस संबंध में सीआरपीएफ की तरफ से पत्र लिखकर कहा गया है कि श्री गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल को नहीं मान रहे हैं और बिना सूचना दिये विदेश यात्रा कर रहे हैं। सुरक्षा बल ने इसे सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताते हुए स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि इससे परेशान होकर यह पत्र लिखना पड़ रहा है।

सीआरपीएफ के वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख सुनील जून ने श्री खरगे को बुधवार को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि श्री गांधी सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं कर रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि श्री गांधी अपनी सुरक्षा को 'गंभीरता से ● शेष पेज 11 पर



❑ सीआरपीएफ का कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को पत्र- बिना बताए विदेश चले जाते हैं

❑ भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील

### सोनिया गांधी पर मुकदमा दर्ज करने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली एक याचिका गुरुवार खारिज कर दी।

यह याचिका श्रीमती गांधी के कथित तौर पर भारत की नागरिकता लेने से करीब तीन साल पहले यहां की मतदाता सूची में नाम शामिल होने का आरोप से संबंधित है। इसमें उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने आदेश पारित करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से कहा, ''हमने शिकायत खारिज कर दी है। अदालत ने विकास त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुरक्षित रख लिया था। श्री त्रिपाठी की याचिका में श्रीमती गांधी पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं। याचिका में श्रीमती गांधी का नाम भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि श्रीमती गांधी ने अप्रैल 1983 में भारत की नागरिकता हासिल की थीं। उनका यह भी दावा था कि श्रीमती गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था। वर्ष 1982 में उसे हटा दिया गया। इसके बाद 1983 में फिर से उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया था।

## संक्षेप

### सीपी राधाकृष्णन आज लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**नई दिल्ली।** नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर यानि शुक्रवार को अपने पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को सुबह 10 बजे सीपी राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। महाराष्ट्र के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन ने 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की। उन्हें 452 वोट मिले थे। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 मत डाले गए थे। इनमें से 752 वोट वैध पाए गए, जबकि 15 वोट अमान्य घोषित किए गए।

### रूसी सेना में शामिल होने के प्रस्तावों के झांसे में न आएं भारतीयः विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** रूस की सेना में कुछ भारतीय नागरिकों की भर्ती की मीडिया रिपोर्टों के बीच विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव के झांसे में ना आए क्योंकि इसमें कई जोखिम हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती से संबंधित मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारतीय नागरिकों को इस तरह के प्रस्ताव से दूर रहना चाहिए क्योंकि इसमें खतरे हैं। उन्होंने कहा, ॡ हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें देखी हैं। सरकार ने पिछले एक साल में कई मौकों पर इस तरह की कार्रवाई में निहित जोखिमों और खतरों को रेखांकित किया है और तदनुसार भारतीय नागरिकों को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने मास्को और यहां दोनों जगहों पर रूसी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है और अनुरोध किया है कि इस प्रथा को समाप्त कर हमारे नागरिकों को वापस भेजा जाना चाहिए।

# भारत-मॉरीशस सिर्फ साझेदार नहीं, परिवार हैं : प्रधानमंत्री

## भारत-मॉरीशस के बीच 7 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर



एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद कहा कि भारत और मॉरीशस केवल साझेदार नहीं बल्कि परिवार हैं। भारत और मॉरीशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने और नियति एक हैं। नरेन्द्र मोदी ने भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गुरुवार को एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की जिसमें भारत, मॉरिशस को निगरानी के लिए हेलिकॉप्टर, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह के पुनर्विकास में मदद और चागोस समुद्री संरक्षित क्षेत्र के विकास में सहायता करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और भारत यात्रा पर आये मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच यहां 'बेहद सार्थक' वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में श्री मोदी ने इस पैकेज की घोषणा की। दोनों देशों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कार्मिक प्रशिक्षण , विद्युत और जल विज्ञान सहित सात क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किये। इसके अलावा उन्होंने परस्पर सहयोग बढाने की कई घोषणाएं भी की। साथ ही मॉरिशस के अनुरोध पर बुनियादी ढांचे की अनेक योजनाओं में सहायता की भी घोषणा की गयी।

भारत की ओर से दिये जाने वाले वाले पैकेज में अनुदान के आधार पर शुरू की जाने वाली परियोजनाओं में नया सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, आयुष उत्कृष्टता केंद्र, पशु चिकित्सा विद्यालय और पशु अस्पताल तथा हेलीकॉप्टरों का ● शेष पेज 11 पर

❑ मॉरिशस की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारतः मोदी

❑ मॉरिशस को भारत का आर्थिक पैकेज, हेलिकॉप्टर के साथ-साथ बंदरगाह और समुद्री संरक्षित क्षेत्र का विकास होगा

### काशी का मैं कई जन्मों का ऋणीः मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वह कई जन्मों से काशी का ऋणी हैं और इस ऋण को चुकाने के लिये एक प्रयास भर कर रहे हैं। अपने संसदीय क्षेत्र काशी में श्री मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ होटल ताज में द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय मीडिया से भी कुछ बातचीत की और उन्होंने कहा '' काशी का मैं कई जन्मों का ऋणी हूं, इस ऋण के लिए मैं काशी के लिए एक प्रयास भर कर रहा हूं। उन्होने कहा '' मुझे आप लोगों ने जो काम सौंपा है, बस उसी को हृदय से पूरा करने में लगा हूं। इसकी वजह से समय बहुत कम मिल पाता है, नहीं तो आप लोगों से मिलता रहता। श्री काशी विश्वनाथ से यही प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद सदैव बना रहे। काशी के लोगों से मिलने की मेरी बहुत इच्छा होती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा '' काशी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसी को पूरा करने में लगा हूं। काशी के लोगों का स्नेह मुझे मजबूती प्रदान करता है।''

## पाकिस्तान समर्थित आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

# चार राज्यों से 5 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एक खतरनाक आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जो पाकिस्तान आधारित हैंडलर के निर्देश पर भारत में ''खिलाफत'' स्थापित करने और ''गजवा-ए-हिंद'' के तहत जिहाद छेड़ने की साजिश रच रहा था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के ठाणे, निजामाबाद और राजगढ़ में छापेमारी कर पांच मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अशहर दानिश (रांची), आफताब अंसारी (मुंबई), सुफियान अबुबकर खान



(झारखंड), मोहम्मद हुजैफा यमन (तेलंगाना) और कामरान कुरैशी (मध्य प्रदेश) के रूप में हुयी है। इस ऑपरेशन में कुल 14 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से छह को राजस्थान के भिवाड़ी में हथियार प्रशिक्षण लेते पकड़ा गया। मॉड्यूल का मास्टरमाइंड अशहर दानिश, जो रांची से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर है, वह पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था। वह ''सीईओ'', ''गजबा लीडर'' और ''प्रोफ़ेसर'' जैसे कोडवर्ड्स का उपयोग करता था। पुलिस ने रांची के इस्लामनगर और तबारक लॉज से दानिश को गिरफ्तार किया, जहां से सल्फर पाउडर, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, बॉल बेयरिंग, एक देशी पिस्तौल, कारतूस, लैपटॉप, मोबाइल फोन, नकदी और दिल्ली के कुछ क्षेत्रों के नक्शे बरामद हुए। ये सामग्री बारूद और विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बनाने में उपयोगी थी। इसके अलावा, एके-47 राइफल, रिवॉल्वर, हथगोले, सर्किट बोर्ड, तांबे की चादरें, फ्यूज पॉइंट, गैस मास्क और पीएच टेस्टर भी जब्त किए गए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि यह मॉड्यूल स्लीपर सेल की तरह ● शेष पेज 11 पर

## एनकाउंटर में 10 नक्सली ढेर, 1 करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी मारा गया

सुरक्षाबलों ने गुरुवार को मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों में एक करोड़ रुपये का इनामी और शीर्ष नक्सली नेता मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण भी शामिल है।


रायपुर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों एक ऑपरेशन में एक करोड़ रुपये का इनामी मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मोडेम की मौत सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर इलाके में शीर्ष नक्सली नेता बालकृष्ण की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद बुधवार को ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षाबलों ने बताया कि खुफिया इनपुट के आधार पर बुधवार को ऑपरेशन शुरू किया ● शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रपति संदर्भ के 14 सवालों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंज़ूरी देने की समय-सीमा निर्धारित करने के विवाद से जुड़े राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की संविधान पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें 10 दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। राष्ट्रपति संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 200/201 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंज़ूरी देने की समय-सीमा से संबंधित प्रश्न उठाए गए थे। राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए यह संदर्भ प्रस्तुत किया गया था, जो सर्वोच्च संवैधानिक प्रमुख को किसी भी कानूनी प्रश्न या सार्वजनिक महत्व के तथ्य पर उच्चतम न्यायालय की राय लेने की अनुमति देता है। राष्ट्रपति ने इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर शीर्ष अदालत की राय मांगी। सवालों में यह भी शामिल है कि क्या देश के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा ● शेष पेज 11 पर



# रोडवेज बस खाई में गिरी चार की मौत, कई घायल

❑ बेकाबू बस ने ट्रैक्टर-टैंकर में टक्कर मारते हुए दो बाइक सवारों को कुचला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। लखनऊ-हरदोई रोड पर गुरुवार शाम को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। स्थानीय लोगों की जानकारी के अनुसार हरदोई की तरफ से आ रही एक रोडवेज बस ने काकोरी के बेता नाला के पास एक ट्रैक्टर-टैंकर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस अपना संतुलन खो बैठी। अनियंत्रित होने के बाद बस ने सड़क पर जा रही दो से तीन बाइक सवारों को रौंद डाला। इसके बाद बस करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे में सड़क पर काम कर रहे मजदूर दिलशाद और एक अन्य तीन अज्ञात व्यक्तियों की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। कई यात्री और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। सभी घायलों को इलाज के लिए काकोरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहा है। खाई से बस को निकालने का काम भी जारी है। घायलों से पूछताछ करने पर पता चला कि बस में लगभग 54 सवारी के आसपास थी।



## सनातन और भारत के हित में हर मुद्दे पर आजीवन प्रतिबद्ध रहे गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय : योगी

# कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन का पहला संस्कार : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना सनातन धर्म का पहला संस्कार है। भारतीय मनीषा के ज्ञान दर्शन में इस बात को प्रतिष्ठित किया गया है कि जीवन में हमारे, समाज और राष्ट्र के प्रति जिस किसी ने योगदान दिया हो उसके प्रति कृतज्ञता का भाव होना ही चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं तथा ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन गुरुवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रामायणकाल में हनुमानजी और मैनाक पर्वत के बीच हुए संवाद के मुख्य उद्धरण 'कृते च कर्तव्यम एषः धर्म सनातनः' को समझाते हुए कहा कि यह भाव सनातन से ही मिलता है। सनातन की परंपरा में पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने के लिए आश्विन माह का पूरा कृष्ण पक्ष ही समर्पित किया गया है। गोरक्षपीठ में ब्रह्मलीन पूज्य महंतद्वय की पुण्य स्मृति में साप्ताहिक आयोजन भी कृतज्ञता ज्ञापन का ही आयाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि महंतद्वय समाज, राष्ट्र और लोक जीवन से जुड़े हर मुद्दे पर सनातन धर्म और भारत के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहे। महंत दिग्विजयनाथ जी ने सनातन धर्म, शिक्षा, सेवा और राष्ट्रीयता के जिन मूल्यों और आदर्शों को स्थापित किया, उन्हें महंत अवेद्यनाथ जी ने आत्मसात कर आगे बढ़ाया। इन मूल्यों और आदर्शों के लिए, देश और धर्म के लिए महंतद्वय आजीवन समर्पित रहे। दोनों ने सदैव देश और धर्म को प्राथमिकता दी। गोरक्षपीठ आज भी उनके बताए मार्ग का अनुसरण कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभ्य समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला माना। महंत दिग्विजयनाथ जी ने इसी ध्येय से देश की गुलामी के कालखंड में ही 1932 में महाराणा प्रताप जैसे वीर योद्धा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। 1932 में पहली संस्था खुली और फिर यह श्रृंखला बढ़ती गई। गोरखपुर में जब पहले विश्वविद्यालय की स्थापना की बात आई तो उन्होंने महाराणा प्रताप महाविद्यालय और महाराणा प्रताप महिला विद्यालय दान में देकर विश्वविद्यालय की स्थापना का शुभारंभ कराया। यह कार्य श्रेय के लिए नहीं था। उन्होंने महिला शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष शिक्षा सहित शिक्षा के हरेक क्षेत्र को आगे बढ़ाया। उनके बाद महंत अवेद्यनाथ जी ने भी इस सिलसिले को जारी रखा। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण में गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय के अविस्मरणीय योगदान का भी उल्लेख किया। कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण के यज्ञ का शुभारंभ महंत दिग्विजयनाथ जी ने किया था। उनके बाद 1983 से लेकर जीवन पर्यंत महंत अवेद्यनाथ ● शेष पेज 11 पर



# ग्रीन एनर्जी के साथ ग्रीन इकॉनमी की तरफ बढ़ेगा उत्तर प्रदेशः एके शर्मा

**ए के शर्मा ने पर ट्वीट करते करते हुए प्रधानमंत्री के सौरऊर्ज़ा के संकल्पों की भी याद दिलायी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को नेट जीरो समिट का आयोजन किया गया। इस दौरान ऊर्ज़ा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को ग्रीन एनर्जी के साथ ग्रीन इकॉनमी की तरफ़ बढ़ायेंगे।

लखनऊ के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के बाद ऊर्ज़ा मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा ल्ल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2070 तक 'नेट जीरो' का जो लक्ष्य है उस दिशा में आज लखनऊ में आयोजित 'नेट जीरो समिट' में हमने बताया कि किस तरह पारंपरिक ऊर्ज़ा एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा दोनों ही क्षेत्र में यूपी अब अग्रणी राज्य बन कर उभरा है।ल्लउन्होंने कहा कि देश में सभी राज्यों से ज़्यादा बिजली हम दे रहे हैं। साथ ही तापीय ऊर्ज़ा उत्पादन में बढ़ोत्तरी से लेकर भारत सरकार की आरडीएसएस और ग्रीन कॉरिडोर जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में हम प्रथम स्थान पर हैं।श्री शर्मा ने कहा कि नवीन ऊर्ज़ा में भी पीएम कुसुम व पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, बायोगैस जैसी महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से प्रदेश स्वच्छ ऊर्ज़ा के लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प को भी तीव्र गति से पूर्ण करते हुए देश में अग्रणी है।ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि बेहतर सोलर पैनल, बैटरी, उत्तम क्वालिटी की स्टोरेज कैपेसिटी सहित अन्य सभी उपकरणों के लिए आयात पर निर्भरता पूरी तरह से खत्म कर अपने देश में ही निर्मित करने हेतु हम प्रयासरत हैं।आयोजकों एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देता हूँ।

## प्रयागराज में लापरवाही और अवैध संचालन पर बड़ी कार्रवाई, कई अस्पताल-पैथोलॉजी सील

प्रयागराज । डाक्टर की लापरवाही से महिला की मौतङ्क खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिलेभर में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने महेवा नैनी स्थित कृष्णा हास्पिटल का निरीक्षण कर उसका ओटी और ओपीडी चैम्बर सील कर नोटिस जारी किया। इसी प्रकार रामनगर सिरसा स्थित माँ विन्ध्यवासिनी चैरिटेबल हास्पिटल में इलाज के दौरान युवक की मौत पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर पूरे हास्पिटल को सील कर दिया गया।आईजीआरएस पर आई शिकायतों के आधार पर भी कई जगह कार्रवाई की गई। भीरपुर शिवांग फार्मेसी, अकोढ़ा करछना में श्री पी.सी. मौर्या द्वारा संचालित पैथोलॉजी तथा मेजा खास स्थित न्यू ज्योति पाली क्लीनिक को अवैध संचालन के कारण सील कर दिया गया। वहीं मेजा खास के त्रीमूर्ति हास्पिटल का ओटी सील कर पंजीकरण निलंबित किया गया।टीम ने अंत में पुरवा खास चौराहा, करछना में अवैध रूप से संचालित राज हास्पिटल को भी सील कर दिया। इस पूरी कार्रवाई की निगरानी मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज द्वारा की गई।

# जिला पंचायत की तैयारी में अभी से जुट गए भावी प्रत्याशी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। जिला पंचायत सदस्य चुनाव वार्ड 80 अस्सी के लिए समाजसेवी नवल शुक्ला अपने साथ युवाओं की टीम विवेक शुक्ला समेत अन्य सहयोगी लोगों के साथ जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत नीबी में ज़न संपर्क कर अस्सी से लोकप्रिय प्रत्याशी पिछले चुनाव में समाज के प्रत्याशीयो में पहले नंबर पर रहे जमीनी नेता जो हर आदमी के सुख दुःख में सम्मिलित रहते हैं जनता की एक आवाज पर खड़े रहते वाने प्रमोद मिश्र पयासी के लिए समर्थन और लोगों से वोट माँग कर जिताने की अपील की वादा किया की प्रमोद पयासी हमेशा जनता से जुड़े रहते हैं हम आप लोगों को भरोसा दिलाते हैं वो आप सभी की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और आपके साथ हर परिस्थिति में खड़े मिलेगे उपस्थित लोगों ने भरोसा दिलाया हम पिछले वर्ष भी पयासी के साथ थे इस चुनाव में और लोगों को जोड़कर खुलेआम उनके साथ रहकर जिताने का काम करेंगे सभी ने साथ देने का भरोसा जताया और वार्ड अस्सी के हर गांवों में इस चर्चाओं पर गौर करे तो प्रमोद पयासी की चर्चा जोरों पर है और उनको हर समय जनता के उपस्थित रहने का लाभ मिलता हुआ दिख रहा हैं इस प्रचार प्रसार में दीना नाथ शुक्ला , विनय कुमार विवेक कुमार, शिवेंद्र कुमार, शिवम कुमार ,संजय मिश्र ,पप्पू मिश्रा, छोटन शुक्ला ,मुंशी मिश्र , मिथिलेश शुक्ल आदि लोग सम्मिलित रहे।

## थरवई थाना प्रभारी पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप

प्रयागराज। थरवई थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता का कहना है कि उसके घर में घुसकर अपराधियों ने मारपीट और लूटपाट की, लेकिन इंस्पेक्टर ओम प्रकाश एफआईआर दर्ज करने के बजाय आरोपियों को बचाने में लगे हुए हैं।पीड़िता ने बताया कि वह 5 सितम्बर से एप्लीकेशन लेकर थाने और अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी पर मामले को दबाने का आरोप लगाया गया है।गौरतलब है कि इंस्पेक्टर ओम प्रकाश पूर्व में भी कई बार विवादों और सुर्खियों में रह चुके हैं। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है और पीड़िता न्याय की मांग कर रही है।

## हंडिया के अतरौरा गांव में रंजिश में चली गोली, युवक घायल

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में बुधवार को पुरानी रंजिश के चलते गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि अवरा गांव निवासी शिवम् पाण्डेय पुत्र चन्द्रमा प्रसाद पाण्डेय ने बगल के गांव के ही विजय प्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व. माता प्रसाद पाण्डेय पर अवैध असलहे से फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजय प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया।सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही थी और पहले भी कहासुनी की घटनाएं हो चुकी थीं। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान का 20वां दीक्षांत समारोह 13 सितम्बर को

प्रयागराज। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (त्त्त्ज्ञ्) प्रयागराज का 20वां दीक्षांत समारोह 13 सितम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन मुख्य परिसर स्थित सभागार में किया जाएगा।इस अवसर पर कुल 648 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें बीटेक कार्यक्रम के 440 छात्र-छात्रा शामिल हैं, जिनमें से 350 छात्र और 90 छात्राएं हैं। इसके अलावा 11 एमटेक प्रोग्राम के 176 छात्रों को भी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को कुल 22 मेडल भी दिए जाएंगे। ट्रिपल आईटी प्रयागराज के निदेशक ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और यह संस्थान के शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा।

## निःशुल्क मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ 16 सितम्बर से

प्रयागराज। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अनुपूरक उद्यमों से जोड़ने के उद्देश्य से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मधुमक्खियाँ न केवल शहद उत्पादन में सहायक हैं बल्कि फसलों में पर-परागण से उनकी उत्पादकता बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि इसे कम भूमि और कम पूंजी में अधिक आय का साधन माना जाता है।इसी क्रम में अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज में 16 सितम्बर 2025 से 15 दिसम्बर 2025 तक तीन माह (90 दिवसीय) का मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। हालांकि, प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने और खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।इस प्रशिक्षण में पुरुष और महिलाएं, सभी वर्गों के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज से संपर्क कर निर्धारित आवेदन-पत्र 16 सितम्बर 2025 तक जमा कर सकते हैं। आवेदन-पत्र के साथ दो सभ्रांत व्यक्तियों या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

## प्रयागराज में 12 सितम्बर को राजनीतिक दलों संग बैठक

प्रयागराज। निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर जिले में दो अहम कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा ने जानकारी दी कि इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रस्तावित मतदेय स्थलों की सूची के संदर्भ में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक 12 सितम्बर, 2025 को शाम 5 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट प्रयागराज में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। बैठक में राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों और शिकायतों का निस्तारण कर अंतिम सूची आयुक्त झांसी मंडल, झांसी एवं रिटर्निंग ऑफिसर को भेजी जाएगी।इसके अतिरिक्त, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण 15 सितम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण में निर्वाचक नामावलियों से संबंधित विधिक प्रावधान, बी.एल.ओ. ऐप, ईआरओ नेट/आईटी की गतिविधियों के साथ-साथ अधिकारियों के दायित्व और कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे समय से 15 मिनट पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित हों और प्रशिक्षण के बाद आयोजित परीक्षा में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

## रायबरेली सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

रायबरेली। सांसद लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली अध्यक्ष ''दिशा'' समिति राहुल गांधी एवं संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र अमेठी/ सह-अध्यक्ष ''दिशा'' समिति किशोरी लाल एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक की। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, राष्ट्रीय निराश्रित पेंशन योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन(हर घर नल से जल), प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अवस्थापना सम्बन्धी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्ज़ा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल प्रबन्धन कार्यक्रम, सुकन्या मंगला योजना,एक जिला एक उत्पाद, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, खेलो इंडिया,सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई।

# कोहरे के मौसम में उत्तर मध्य रेलवे ने कई ट्रेनें की रद्द

**1 दिसम्बर से लागू होगा आदेशकुछ ट्रेनों की आवृत्ति घटाई गई, हावड़ा-मथुरा सहित कई गाड़ियां आंशिक रूप से निरस्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने आगामी कोहरे के मौसम (दिसम्बर 2025 से फरवरी 2026) में ट्रेन संचालन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए कई बड़े बदलाव किए हैं। रेलवे ने घोषणा की है कि 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक कई मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां पूरी तरह रद्द रहेंगी, कुछ ट्रेनों की आवृत्ति घटाई जाएगी और कुछ गाड़ियां आंशिक रूप से निरस्त होंगी।

### पूरी तरह निरस्त गाड़ियां

प्रयागराज जं. मुजफ्फरपुर (14112/14111), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसीऽकोलकाता (22198/22197) और सोगरियाऽनई दिल्ली (20451/20452) ट्रेनों का संचालन तय अवधि तक बंद रहेगा।

### आवृत्ति में कमी

ग्वालियरऽबरौनी (11123/11124), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसीऽलखनऊ जं. (11109/11110), कानपुरऽनई दिल्ली (12033/12034), आगरा फोर्टऽलखनऊ जं. (12180/12179) और आगरा कैंटऽहोशियारपुर (11905/11906) ट्रेनों के संचालन के दिनों में कटौती की गई है।

### आंशिक निरस्तीकरण

हावड़ाऽमथुरा (12177/12178) ट्रेन को आगरा कैंट और मथुरा के बीच रद्द किया गया है।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले ट्रेनों की स्थिति अवश्य जांच लें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# जिला कृषि अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण अनिमियता की भेजी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं, प्रयागराज। जनपद के जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह द्वारा साधन सहकारी समिति, पथरा, विकास खण्ड़-कोरांव, प्रयागराज का निरीक्षण किया गया। समिति के निरीक्षण में पाया गया कि पी0ओ0एस0 मशीन पर यूरिया लगभग 1100 बोरी तथा डी0ए0पी0 750 बोरी प्रदर्शित हो रहा था परन्तु समिति पर भौतिक रूप से यूरिया 110 बोरी तथा डी0ए0पी0 70 बोरी ही उपलब्ध थी, जो कि पी0ओ0एस0 मशीन के स्टाक के सापेक्ष यूरिया 990 बोरी तथा 630 बोरी कम उपलब्ध थी। उक्त के सम्बन्ध में सचिव से पूछने पर उनके द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया गया। उक्त कमियां पाये जाने पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा समिति का बिक्री रजिस्टर अपनी अभिरक्षा में लेकर रजिस्टर में अंकित विवरण का मिलान पोर्टल से कराने पर अनियमितता की स्थिति प्रकाश में आयी है। रजिस्टर पर जिन तिथियों में बिक्री दर्शायी गयी है उन तिथियों में पोर्टल पर बिक्री नही दिखायी पड़ रही है तथा रजिस्टर के अनुसार विक्रीत मात्रा में काफी भिन्नता है। इसी प्रकार किसानों के नाम भी रजिस्टर के अनुसार पोर्टल पर नही मिल रहे हैं। उपरोक्त अनियमितता पाये जाने पर जिला कृषि अधिकारी, प्रयागराज द्वारा सचिव श्री बालेन्द्र प्रताप सिंह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक-सहकारिता, प्रयागराज को पत्र प्रेषित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि कृषकों को निर्धारित दर पर उनके आधार एवं खतौनी तथा फसल हेतु संस्तुत मात्रा के अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जाये। अनियमितता की स्थिति प्रकाश में आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर विधिक कार्यवाही सम्पादित करायी जायेगी। साथ ही किसान भईयों से अपील भी की है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है एवं निरन्तर रैक भी प्राप्त हो रही है। क्षेत्रीय आवश्यकतानुरूप उर्वरकों का आवंटन कराकर प्रेषण कराया जा रहा है।

# त्योहारों को देखते हुए रेलवे ने शुरू की कई नई ट्रेनों का संचालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा त्योहारों में अधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल यात्रियों की सुविधा हेतु 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 26 सितम्बर से 30 नवम्बर ,2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को तथा मऊ से 28 सितम्बर से 02 दिसम्बर ,2025 तक प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को 20 फ़ेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ द्वि-साप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी 26 सितम्बर से 30 नवम्बर ,2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 12.36 बजे, कल्याण जं. से 12.55 बजे, इगतपुरी से 14.45 बजे, नासिक रोड से 15.15 बजे, जलगांव जं. से 18.45 बजे, भुसावल से 19.15 बजे, खंडवा से 21.00 बजे, दूसरे दिन इटारसी 00.40 बजे, भोपाल से 02.45 बजे, वीणा से 5.10 बजे,वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन से 7.45 बजे, उरई से 09.10 बजे, गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन से 11.15 बजे, फतेहपुर से 12.20 बजे, प्रयागराज जंक्शन से 14.40 बजे, ज्योनाथपुर से 18.45 वाराणसी जं.से 19.50 बजे, जौनपुर से 22.15 बजे तथा औंड़िहार से 23.15 बजे छूटकर तीसरे दिन मऊ 00.35 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, 01124 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक त्योहार विशेष गाड़ी 28 सितम्बर से 02 दिसम्बर ,2025 तक प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को मऊ से 05.50 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 06.55 बजे, जौनपुर से 9.20 बजे, वाराणसी जं. से 11.45 बजे, ज्योनाथपुर से 12.50 प्रयागराज जंक्शन से 16.55 बजे, फतेहपुर से 19.15 बजे से, गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन 20.20 बजे,उरई से 22.25 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन 23.50 बजे छुटकर दूसरे दिन वीणा से 2.25 बजे, भोपाल से 4.50 बजे , इटारसी 06.55 बजे, खंडवा से 11.33 बजे, भुसावल से 14.05 बजे, जलगांव जं. से 14.37 बजे, नासिक रोड से 17.43 बजे, इगतपुरी से 19.00 बजे, कल्याण जं. से 21.05 बजे तथा ठाणे से 21.28 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 22.20 बजे पहुँचेगी।

# नेपाल में तख़्तापलट से भारतीय उद्योगपतियों को भारी नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नेपाल में हाल ही में सेना द्वारा किए गए तख़्तापलट के बाद वहाँ की सरकार गिर चुकी है। राजनीतिक अस्थिरता और आपात हालात के चलते भारत-नेपाल व्यापार पर बड़ा असर देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, भारत से नेपाल को होने वाले निर्यात और नेपाल से भारत आने वाले आयात दोनों पर गहरा संकट मंडरा रहा है। भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयाँ, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स तक भारत से नेपाल को बड़े पैमाने पर निर्यात होता है। वर्ष 2024 के आँकड़ों के अनुसार, भारत ने नेपाल को 2.19 अरब डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात किए थे, जो नेपाल की तेल आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा है। वहीं, भारत नेपाल से जूस, जूट उत्पाद, हस्तशिल्प, नूडल्स, ऊनी कालीन और पॉलिएस्टर धागा आयात करता है। पिछले साल नेपाल से भारत को वनस्पति तेल और वसा (152.71 मिलियन डॉलर), इस्पात (101.10 मिलियन डॉलर), कॉफी-चाय-मसाले (98.05 मिलियन डॉलर) और लकड़ी से बने सामान (70.89 मिलियन डॉलर) का सबसे अधिक आयात हुआ था। मौजूदा हालात में नेपाल की सीमाओं पर ट्रेलर और मालवाहक गाड़ियाँ फंसी हुई हैं, जिससे लगभग 3,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। व्यापारियों और उद्योगपतियों के बीच निराशा का माहौल है और माल के आवागमन की अनिश्चितता ने कारोबारी गतिविधियों को ठप कर दिया है। रामबाबू रस्तोगी ने कहा कि नेपाल की अस्थिर स्थिति ने न केवल भारत-नेपाल व्यापार को प्रभावित किया है, बल्कि हजारों उद्योगपतियों की आर्थिक स्थिति पर भी सीधा असर डाला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही हालात सामान्य होंगे और व्यापार पुनः पटरी पर लौटेगा।

## लसीएम ग्रिड प्रोजेक्ट मैनेजर पर जानलेवा हमला, रंगदारी न देने का आरोप

प्रयागराज । जिले के धूमनगंज क्षेत्र में सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट सीएम ग्रिड के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र कुमार पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया।आरोप है कि रंगदारी न देने पर हमलावरों ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ऑफिस में घुसकर सतेंद्र को बुरी तरह पीटा।हमले में गंभीर रूप से घायल प्रोजेक्ट मैनेजर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।घटना के बाद प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में दहशत का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसटी पोस्टरों से सीएम योगी नदारद, संगठन में मचा बवाल

**मुख्यमंत्री वनाम पंकज चौधरी के बीच मनमुटाव पोस्टरवार के रूप मे आया खुलकर सामने**

**युवा ने जताई नाराज़गी, भाजपा जिलाध्यक्ष बोले करेंगे जांच**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। जीएसटी सुधारों के प्रचार के लिए जिलेभर में लगाए गए पोस्टर अब विवाद का कारण बन गए हैं। इन पोस्टरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और स्थानीय नेताओं की तस्वीरें तो मौजूद हैं, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर न होना संगठन में चर्चा का विषय बना है।हिंदू युवा वाहिनी ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए आपत्ति जताई है। जिला उपाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि यह महज लापरवाही नहीं बल्कि नेपाल में चल रहे तख्तापलट से प्रेरित होकर किया हुआ सुनियोजित साजिश की तरह प्रतीत होता है। उनका कहना है कि अगर भूल होती तो एक-दो पोस्टर में दिखती, मगर पूरे जिलेभर में हर जगह तस्वीर गायब होना योगी आदित्यनाथ के खिलाफ बहुत बड़े षड्यंत्र की तैयारी है।भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि वह जिले से बाहर हैं और लौटने के बाद मामले की जांच कराएंगे। वहीं, पार्टी के एक अन्य पदाधिकारी का कहना है कि पोस्टर न तो संगठन ने लगवाया है और न ही केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की ओर से लगाए गए हैं।फिर भी सीएम योगी की गैरमौजूदगी वाले ये पोस्टर इस वक्त जिले की सियासत में गरमागरम चर्चा का कारण बने हुए हैं और लोग इसे योगी आदित्यनाथ के विरोधियों के मंच पर इकट्ठा होकर योगी के तख्तापलट की तैयारियों के षड्यंत्र की तरफ अंदरूनी तैयारी मान रहे हैं।

# भटहट में दो दिवसीय शेयरिंग नॉलेज एवं नवाचार मेला हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । ब्लॉक संसाधन केंद्र भटहट के सभागार में 10 व 11 सितंबर 2025 को नॉलेज शेयरिंग एवं नवाचार मेला का भव्य आयोजन हुआ । नवाचार मेला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । नवाचार मेला का अवलोकन निपुण सेल की कायनात ,खंड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय व बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया । नवाचार मेला प्रदर्शनी में शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा शनदार तरीके से गणित, भाषा ,विज्ञान ,पर्यवरण व अंतरिक्ष की प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया । शिक्षकों का प्रदर्शन जीवंत रूप ले रहा था । प्रदर्शनी देखने के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद ने शिक्षकों को संबोधित करते हु? कहा की सकारात्मक सोच प्रत्येक कार्य को संभव कर देता है बशर्ते कार्य निष्ठा व लगन के साथ किया जाए । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने कहा की शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहे हैं बाकी की जिम्मेदारी संगठन पर छोड़ दे । संगठन शिक्षकों के सेवाओ पर आंच नही आने देगा । शिक्षक मेला में सभी एआरपीगण का विशेष सहयोग रहा । एआरपी अजीत कुमार अपअध्याय ने नवाचार मेला में सम्मीलित सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया । आज के नवाचार मेला के दुसरे दिन उत्कृष्ट प्रतियोगियों का चुनाव किया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालय बरागदही को प्रथम स्थान ,पीएम श्री गुलरिया प्रथम को द्वितीय स्थान एवं पीएमश्री कंपोजिट पूर्व मध्यमिक विद्यालय जमुनिया व कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूढाडीह को संयुक्त रूप से तृतीय पुरास्कर से नवाजा गया। खण्ड अधिकारी ने इन विजेताओं के अलावा नवाचार मेला में सम्मिलित समस्त 17 विद्यालयों के प्रतिभागी शिक्षकों को भी सम्मानित किया ।

# लखनऊ गोल्फ क्लब में पीजीटीआई नेक्स्टजेन गोल्फ टूर्नामेंट 2025 सफलतापूर्वक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ऐतिहासिक लखनऊ गोल्फ क्लब की हरी-भरी फ़ेयरवे पर खेल भावना और सौहार्द्र का अनोखा संगम देखने को मिला, जब पीजीटीआई नेक्स्टजेन गोल्फ टूर्नामेंट 2025 का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बड़े भाई रामेश्वर सिंह के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विजेताओं को सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने टूर्नामेंट की सफलता पर आयोजकों को बधाई देते हुए विशेष रूप से श्री सुबाष चंद्र (आईपीएस, सेवानिवृत्त) के बारे में बताया कि हम दोनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में साथ काम किया है और आज उन्हें इस आयोजन का हिस्सा बनते देखना सुखद है। उन्होंने आगे कैप्टन आर.एस. नंदा, सचिव रजनीश सेठी, संयुक्त सचिव सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल एवं पीजीटीआई सीईओ अमनदीप जोहल को उनके दूरदृष्टि और कठिन परिश्रम के लिए सराहा।



**लखनऊ गोल्फ क्लब का भविष्य**

हेरिटेज मीट्स द फ्यूचर शीर्षक के साथ अपना विज़न साझा करते हुए डॉ. सिंह ने क्लब के लिए ?100 करोड़ का 'स्पोर्ट्स प्रमोशन कॉर्पस' बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि क्लब को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित बनाने के लिए सदस्यता विस्तार, प्रायोजन , और युवाओं में निवेश अनिवार्य है। इसके लिए संरचित कोचिंग एवं प्रशिक्षण से ही भावी गोल्फ चैंपियनों का निर्माण संभव है।

**गोल्फ उम्मीद और धैर्य का खेल**

डॉ. सिंह ने गोल्फ को उम्मीद का खेल बताते हुए कहा, हर स्विंग एक नई शुरुआत है, हर कदम हरे मैदान पर हमें धैर्य, अनुशासन और संबंधों की मजबूती सिखाता है। गोल्फ हमें यह सीख देता है कि पिछला शॉट बदला नहीं जा सकता और अगले शॉट का अनुमान नहीं लगाया जा सकता; हमें वर्तमान पर ही फोकस करना होता है। यही जीवन की सफलता का मूल मंत्र है।

**विजेताओं को सम्मानित करते हुए विधायक ने साझा किया क्लब के गौरव का रोड मैप**

**लखनऊ की गौरवशाली परंपरा**

उन्होंने कहा, लखनऊ गोल्फ क्लब की परंपरा बेहद गौरवशाली रही है। यहाँ के खिलाड़ी और सदस्य सदैव हमारी राजधानी की खेल भावना को प्रेरित करते रहे हैं। 2007 से सदस्य होने के नाते मेरी सदैव यही कामना रही है कि यह संस्थान निरंतर ऊँचाइयाँ छुए और इसी तरह भव्य आयोजन करता रहे।

**आभार और संकल्प**

अपने संबोधन के अंत में डॉ. सिंह ने आयोजकों की दूरदृष्टि, प्रायोजकों के सहयोग और खिलाड़ियों के उत्साह के लिए आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ आने वाले वर्षों में ऐसे आयोजनों के जरिए युवाओं को प्रेरित करेगा और भारत की खेल विरासत को नई ऊँचाइयाँ देगा।

# भातखंडे विश्वविद्यालय में बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के 10 छात्र हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में बुधवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के 10 छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों को ब्लॉक स्तर की आंतरिक प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया था। समारोह के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी और कुलपति प्रोफ़ेसर मांडवी सिंह थे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम के दौरान, बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के छात्र अवनीश ने 'पर्यावरण संरक्षण' पर एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसने सभी उपस्थित लोगों को बहुत प्रभावित किया। पुरस्कृत किए गए छात्रों में, चित्रकला के सीनियर वर्ग में विशेष कुमार ने प्रथम, शिव चौरसिया ने द्वितीय और अंश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण के सीनियर वर्ग में अवनीश सैनी और जूनियर वर्ग में अक्षय शुक्ला ने प्रथम स्थान हासिल किया। गायन के सीनियर वर्ग में समर सिंह ने प्रथम और उत्कर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन के सीनियर वर्ग में श्री हरी गुप्ता तृतीय रहे, जबकि मध्य वर्ग में अलकाप ने द्वितीय और हर्षित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




# अधिवक्ता पर हमला, एफआरआई दर्ज, आरोपी पर गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ । कोतवाली क्षेत्र में अधिवक्ता पर हमला और धमकी का मामला गरमा गया है। पीड़ित अधिवक्ता सत्येन्द्र सिंह निवासी गोपालनगर कॉलोनी, बालागंज ने आरोपी वाहन चालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, 8 सितंबर 2025 की शाम लगभग 6:45 बजे अधिवक्ता अपनी बाइक (UP-32 FL-9818) से बालागंज जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक चारपहिया कार (UP-32 PH-2779) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अधिवक्ता घायल हो गए और उनका वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित का आरोप है कि कार चालक श्रेयांशु वर्मा उर्फ रस्तोगी, निवासी राधाग्राम, मौके पर गाली-गलौज करता हुआ फरार हो गया। जब अधिवक्ता ने आरोपी को राधाग्राम के पास रोकने की कोशिश की तो उसने दोबारा धमकाना शुरू कर दिया।



अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी पहले भी लोगों पर वाहन चढ़ा चुका है और पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया। इतना ही नहीं, 9 सितंबर की रात आरोपी ने अपने कई मोबाइल नंबरों से कॉल कर अधिवक्ता को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी की पत्नी ने भी मैसेज कर यह स्वीकार किया कि उसका पति नशे में लोगों से विवाद कर रहा है और फोन न उठाने की सलाह दी। पीड़ित अधिवक्ता ने इस पूरे घटनाक्रम की तहरीर थाना ठाकुरगंज में दी, जिस पर पुलिस ने [illegible] दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिवक्ता ने कहा कि आरोपी से उन्हें जान-माल का खतरा है और पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# कथा में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है : अमरेन्द्र भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगर पंचायत नगराम के कटरा मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक कमलेश कुमार पांडेय द्वारा राजा हरिश्चन्द्र के जीवन का साक्षात्कार विस्तार से झांकी के माध्यम से दिखाया कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं , उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एकमात्र मुक्ति पाने का उपाय है । उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आवाह्न किया । इस दौरान कथा श्रवण करने के लिए जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज व समाजसेवी संदीप शुक्ला पहुंचे , इस बीच कथावाचक का दोनों लोगों ने अंग वस्त्र धारण कराया और उनका आशीर्वाद लिया। भक्तों को संबोधित करते हुए श्री भारद्वाज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा से नगराम की पावन धरती धन्य हो



गई है , उन्होंने कहा कि भागवत में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आवाह्न करते हुए कहा कि कथा में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। समाजसेवी संदीप शुक्ला ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध , लोभ , मोह , हिंसा , संग्रह आदि का त्याग कर विवेक के साथ श्रेष्ठ काम करने चाहिए। कथावाचक ने बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन राजा हरिश्चंद्र की कथा ने श्रद्धालुओं

**नगराम में राजा हरिश्चन्द्र की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता**

को प्रभावित किया कथावाचक ने राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा , धर्मपरायणता और त्याग की महिमा का वर्णन किया। कथावाचक ने बताया कि राजा हरिश्चंद्र ने सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुए अपना राज्य धन और यहां तक कि परिवार को भी त्याग दिया लेकिन सत्य से कभी विचलित नहीं हुए। उनके जीवन का यह प्रेरणादायक प्रसंग उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत किया गया । इस दौरान झांकी मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। श्रीमद्भागवत के मुख्य सहयोगी संदीप शुक्ला, सज्जन लाल कश्यप सभासद,आचार्य सचिन तिवारी, कमल शर्मा , शुशील गुप्ता,अवधेश गुप्ता , अंकित गुप्ता, पिन्टू रावत समेत राम सुमिरन का है।

# परिवहन आयुक्त द्वारा आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त बीएन सिंह गुरुवार को राजधानी में स्थित आरटीओ ऑफिस औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। सुबह सुबह पहुंचे आयुक्त ने कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। परिवहन आयुक्त ने कार्यालय में आए लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी।आयुक्त ने बताया कि अधिकांश कार्य अब ऑनलाइन माध्यम से सरलता से हो रहे हैं। इस दौरान पत्रकार वार्ता में उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत कराया। इनमें कार्यालय में पेयजल व्यवस्था और होमगार्डों के बैठने की जगह शामिल है। गोमती नगर में नए एआरटीओ कार्यालय की योजना भी बताई। ''नो हेलमेट-नो फ्यूल'' अभियान और 2016 से 2021 तक के लंबित चालानों के निस्तारण की प्रक्रिया पर चर्चा की। आयुक्त सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर काम कर रहा है। जल्द ही नई सुविधाओं को और प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा।

# व्यापारियों के हितों के लिए काम करता रहूंगा: प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह का जन्मदिन है जिसे उनके मंडल के साथियों व व्यापारियों द्वारा लोटस पोर्टिको में केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने आए हुए सभी व्यापारी भाइयों का धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि वो सदैव व्यापारी हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। प्रदेश संयोजक एसडी सिंह वैसवारा , प्रदेश संरक्षक सौरभ तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दशकों से व्यापारी हितों के संघर्ष को याद किया और उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज दीक्षित प्रदेश कोषाध्यक्ष विवेक शुक्ला, प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल रावत जी,प्रवीण मिश्रा, प्रदेश उप मंत्री आर के सिंह चौहान , प्रदेश संगठन मंत्री एस के मिश्रा , प्रदेश मीडिया प्रभारी शिकशन सिंह , जिला संरक्षक पंकज मौर्या , जिला अध्यक्ष अवधेश विश्कर्मा,जिला उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा,जिला सदस्य कार्यकारिणी सुरेश चन्द्र दीक्षित, नहर रोड संरक्षक प्रमोद तिवारी , नहर रोड अध्यक्ष विजय गुप्ता , नहर रोड महाममंत्री मोहित सिंह, नहर रोड कोषाध्यक्ष दिवाकर पांडे , रोहित सिंह प्रशांत सिंह , प्रतीक शुक्ला , सुरेंद्र शुक्ला, सर्वेश , बी के टी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष सिंह,महाममंत्री जितेंद्र बहादुर सिंह , कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंग, पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र बहादुर सिंह , एवं साथी व्यापारी मौजूद रहे।

# बक्कास में आधार शिविर व हेल्थ कैंप के माध्यम से ग्रामीण जनता को दिया गया लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ग्राम पंचायत बक्कास के सभागार में प्रधान राजेश कुमार की अध्यक्षता में आधार कार्ड, एवं सुकन्या समृद्धि योजना शिविर का आयोजन राजेश कुमार तिवारी सहायक डाकघर अधीक्षक दक्षिणी उपमंडल की टीम द्वारा किया गया। जिसमें 18 नए आधार कार्ड बनाए गए और 76 आधार कार्ड अपडेट हुए। वहीं पॉम मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के कुशल डॉक्टरों द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 99 मरीजों की आंखों की जांच हुई। जांच के दौरान 25 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई तथा 30 मरीज शुगर से पीड़ित पाए गए। मरीजों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर सहयोग के लिए सचिव विनोद कुमार गौड़, रोजगार सेवक संदीप यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामप्रकाश मौर्य, आशा बहु, आंगनवाड़ी, तथा समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जो लोग शेष रह गए हैं उनके लिए कल भी यह शिविर जारी रहेगा। प्रकाश गांव के लोकप्रिय प्रधान राजेश कुमार रावत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा उनकी रगों में खून बनकर बह रही है। मेरे पूर्वज भी जनता की सेवा में आगे रहे हैं इस परिपाटी का पालन करते हुए मैं जन सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर रुचि लेता रहता हूं। बक्कास गांव की जनता ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए इस नेक कार्य की सराहना की।

# डीआईओएस की मनमानी, तानाशाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी : महेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आईटी चौराहे पर स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षकों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फॉर्म 16 नहीं दिया जा रहा है जिससे शिक्षक आईटीआर नहीं भर पा रहे हैं जबकि इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 15 सितंबर है। इनकम टैक्स रिटर्न न भर पाने के स्थिति में आयकर विभाग द्वारा 10 हजार का जुर्माना लगाया जाता है फॉर्म 16 न मिलने से और आईटीआर न भर पाने की वजह से शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को फॉर्म 16 उपलब्ध कराने के लिए 28 अगस्त को लिखित प्रार्थना पत्र दिया था, इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखा लेकिन आज तक



**रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षक 13 सितंबर को करेंगे कार्य बहिष्कार, आप ने दिया समर्थन**

जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ द्वारा फॉर्म 16 उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि डीआईओएस फॉर्म 16 के लिए शिक्षकों से धन उगाही कर रहे हैं। जिन शिक्षकों ने पैसा नहीं दिया उनके फॉर्म 16 नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के कई ऐसे विद्यालय है जहां शिक्षकों को फॉर्म 16 उपलब्ध नहीं कराए गए है । जिला विद्यालय निरीक्षक की इस कार्यशैली से समस्त शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ का कार्यालय लूट का अड्डा बना हुआ है। डीआईओएस की मनमानी, तानाशाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी शिक्षकों के साथ आम आदमी पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिक्षकों को 12 सितंबर को शाम तक फॉर्म 16 उपलब्ध नहीं कराया तो शनिवार 13 सितंबर को शिक्षक विद्यालय में बैठकर कार्य बहिष्कार करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ की होगी।

# शनी रावत हत्याकांड: फोन पर मिली बधाई बनी मौत का सबब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । पुलिस ने किया खुलासा बहन के प्रेम विवाह से खफा भाइयों ने दोस्ती का दिखावा कर बहनोई को कार में बिठाया और दोस्तों संग मिलकर बेरहमी से कत्ल कर डाला। हैवानियत की हद पार करते हुए हत्यारोपियों ने न सिर्फ गला दबाया बल्कि लोहे की रॉड से शव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। चौंकाने वाली बात यह रही कि बहन के मां बनने की खबर सुनकर 'मामा बनने' की बधाई ही हत्यारों के दिलों में बदले की चिंगारी भड़का गई। निगोहां पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि मृतक शनी रावत (24), निवासी शंकरबक्श खेड़ा ने एक वर्ष पूर्व मस्तीपुर गांव निवासी जीतू यादव की बहन से प्रेम विवाह किया था। यह विवाह परिवार वालों को नागवार गुज़रा। खासतौर से लड़की के भाई जीतू यादव और देवेश यादव उर्फ बुग्गा इस रिश्ते से बेहद नाराज़ थे। वे पिछले एक साल से मौका तलाश रहे थे। इसी बीच बहन को संतान सुख मिला और रिश्तेदारों ने जीतू यादव को फोन पर मामा बनने की बधाई दी। यही बात उसकी गैरत पर लगी और उसने किसी भी कीमत पर शनी को खत्म करने का मन बना लिया।मुख्य आरोपी जीतू ने अपने साले संतोष को शनी की लोकेशन का जिम्मा दिया। संतोष ने शनी की मौजूदगी मोहनलालगंज के खुजौली देशी ठेका पर बताई। इसके बाद देवेश स्कॉर्पियो कार लेकर वहां पहुँचा और शनी को बहाने से कार में बैठा लिया। तभी



जीतू अपने दो और साथियों राजकपूर व जयसिंह संग दूसरी कार से पहुँच गया। सभी ने मिलकर पहले गला दबाकर शनी की हत्या कर दी और फिर लोहे की रॉड से शव को पीट-पीटकर विकृत कर दिया। इसके बाद शव को गौतमखेड़ा के बांक नाले में फेंक दिया। बीते 8 सितंबर को जब ग्रामीणों ने शव देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।मृतक के पिता रामनरेश ने कहा मेरे बेटे ने अपनी मर्जी से शादी की थी, इसमें उसकी क्या गलती थी , शादी के बाद से ही आरोपी लगातार धमकियां दे रहे थे। हमने कई बार समझौता करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मेरी आंखों के सामने मेरा सहारा छीन लिया। हम चाहते हैं कि हत्यारों को कड़ी से कड़ी सज़ा मिले। गांववालों ने कहा कि शनी बहुत ही मिलनसार और हंसमुख स्वभाव का था। उसकी

**प्रेम विवाह से खफा भाइयों ने दोस्तों संग रची खूनी साज़िश**

**मुख्य आरोपी समेत तीन फरार, दो आरोपित गिरफ्तार स्कॉर्पियो और रॉड बरामद**

मौत से पूरे इलाके में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को फरार आरोपियों को जल्द पकड़कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए मामले में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस ने देवेश व संतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार, लोहे की रॉड और गमछा बरामद हुआ है। जबकि मुख्य आरोपी जीतू यादव, राजकपूर और जयसिंह की तलाश जारी है। प्रेम विवाह अक्सर सामाजिक विवादों की वजह बनते हैं, लेकिन इस मामले में रिश्तेदारी की जटिलता ने एक युवक की जान ले ली।

# खैराबाद नगरपालिका में बोर्ड मीटिंग हुई सम्पन्न

**टैक्सी स्टैंड एवं पार्किंग शुल्क उपविधि नियमावली पर सहमत बनी**

**नगरपालिका अध्यक्षा बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मीटिंग**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सड़क, नाली निर्माण, प्रकाश, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यों के लिए बैठक बुलाई गई। नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड की विशेष बैठक नगर पालिका परिषद अध्यक्षा बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित तिथि व समय के अनुसार अपराह्न 03:00 बजे पूर्ण हुई। मीटिंग में में बढ़े हुए ग्रह कर,जलकर,आदि पर सभासदों द्वारा समस्या को अधिशाषी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता,नगरपालिका अध्यक्षा बेबी को अवगत करवाया गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा सभासदो को आश्वास्त किया गया किसी को कोई समस्या नही आने दी जाएगी तथा गृह कर पर लगे ब्याज/सरचार्ज को सर्व सम्मति से माफ कर दिया गया। वही अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने सभा सदो से कहा गया आप लोग अपने अपने वार्डो की समस्याओं से अवगत करवाइये हम विधिक तरीके से उन समस्याओं का निस्तारण करवाएंगे। नई नियमावली के अनुसार टैक्स ब्यवस्था लागू की गई है उसको अनुसार आपसभी अपना सहयोग व कार्य करे। जिसमें टैक्सी स्टैण्ट एवं पार्किंग शुल्क, विज्ञापन शुल्क व उपविधि सर्वसहमति से पारित किया गया। वही नगर की आधार भूत संरचना, सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, जलनिकासी, साफ-सफाई एवं रोजगार सृजन हेतु चर्चा की गई है, जिसे की नगर चतुर्दिक विकास सम्भव हो सके,। अध्यक्ष महोदया द्वारा नगर के विकास में सहयोग एवं साथ-साथ चलने हेतु वार्ड सभासद गण का आभार प्रकट किया गया एवं तत्पश्चात सधन्यवाद बोर्ड की बैठक समाप्त हुयी। बोर्ड बैठक में सभासद विष्णु कुमार, हबीब, मुन्नी, युसुफ खॉ, उमेश, शबेनाज़, सुनील, फरजन्द अली, आलोक बाजपेई, राकेश चन्द्र, मो0 मुर्सलीन, मोमिना, जफरयाब बेग, शकील अहमद, मो0 नसीम खॉ, मो0 जावेद, सऊद अहमद, कविता, साबिर अली, हसीन अहमद, राशदुन निशां, शायरून निशां, नासरा बानों, रोशन जहॉ, महरून निशा व प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं नदीम बाबू उपस्थित रहें।

## 3 सितंबर से बाढ़ ने दी दस्तक 6 तक बराबर बढ़ता रहा पानी, शारदा के टूटे हुए तटबंध ने ढाया सितम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**घरों में घुसा पानी प्रभावित हुई धान की फसलें जन जीवन अस्त व्यस्त**

बसंतापुर,बेहटा,सीतापुर । जी,हा एक बार फिर शारदा के टूटे हुए तटबंध से नदी के किनारे स्थापित गांव बसंतापुर में बाढ़ के पानी ने कोहराम मचा दिया जिससे कई गांव जलमग्न हो गए कुछ किसानों की धान की फसलें पानी व मलवे में दब कर नष्ट हो गई पिछली बार वर्ष 2025 में150 मीटर तटबंध कटने के बाद इस बार भी बचाव कार्य कराते कराते लगभग 100 मीटर तट बंध नदी ने धराशाई कर दिया जिससे तटबंध मार्ग से वेग से निकलता हुआ पानी आनन फानन में खेतों व धान की फसलों को प्रभावित करता हुआ घरों में घुसना प्रारम्भ हो गया 2 सितंबर की देर शाम से बाढ़ की स्थित बनने लगी रातों रात पानी गांव में प्रवेश कर गया 3 सितंबर को पानी की स्थित देखने लहरपुर तहसीलदार मनीष कुमार त्रिपाठी लेखपाल मुकेश कुमार सहित सिंचाई विभाग सीतापुर की टीम ने पानी का जायजा लिया 3 तारीख से 6 सितंबर तक बराबर बैराजों से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी की वजह से गांव में पानी बढ़ता ही रहा यहां तक बहुत सारे घरों में पानी भरने की वजह से खाना बनना भी दूभर हो गया बहुतक परिवारों ने किसी तरह छत पर खाना बनाकर समय गुजारा 3 से 4 दिनों तक यही स्थित बनी रही 6 सितंबर की रात 10इ,ख्र के बाद लेखपाल के अनुसार 800 लंच पैकेट तहरी व 250 लंच पैकेट पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया 7 सितंबर को रात में पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया वही पर 8 सितंबर को समय से 5 बजे के लगभग शाम को पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया अन्य दो दिनों की अपेक्षा इस दिन लंच पैकटों में पुड़ी सब्जी की अपेक्षा मीठा में रेडिमेट पपड़ी का एक पीस भी शामिल रहा इसके साथ हरा मिर्च और आचार भी दिया गया बच्चों को फलों में केला का वितरण किया गया पहले दिन बच्चों को केला के साथ बिस्कुट भी दिया गया इस प्रकार ग्रामीणों के अनुसार 6 सितंबर से 8 सितंबर तक एक बार लंच पैकटों का वितरण तो कराया गया परन्तु अभी तक शासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राशन किटों का वितरण नहीं कराया जा सका अभी तक राशन किट वितरण न हो पाने एवं दिन में एक बार ही लंच पैकेट के वितरण को लेकर गांव के ही दर्जनों लोग ,शिवकुमार शुक्ला,मुबारक अली, भुरवु तिवारी द्रोणाचार्य संजय कुमार पंकज सिंह रणधीर सिंह अभय प्रताप मिश्रा संजय गुप्ता रामू अवस्थी श्यामू अवस्थी निजामु सहित तमाम लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा यदि समय से राशन किट का वितरण हो गया होता तो शायद आज समय कुसमय लंच पैकटों का वितरण करना न पड़ता ग्रामीणों की नाराजगी पर राशन वितरण के सम्बन्ध में जब कैनविज टाइम्स संवाददाता ने तहसीलदार लहरपुर से फोन पर सम्पर्क करना चाहा तो महोदय ने फोन उठाना उचित नहीं समझा ।

## गाँव के होनहार ने संगीत की दुनिया में रचा इतिहास, भातखंडे विश्वविद्यालय से हासिल की मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां/सीतापुर । सीतापुर जनपद के बिसवा तहसील के अंतर्गत ग्राम मल्हपुर, पोस्ट अहमदाबाद के निवासी नरेन्द्र कुमार वर्मा ने अपने अथक परिश्रम और समर्पण से वह मुकाम हासिल किया है, जो गाँव ही नहीं, पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। एक किसान परिवार में जन्मे नरेन्द्र के पिता श्री प्रहलाद कुमार खेती-बाड़ी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता श्रीमती माया देवी एक गृहिणी हैं।

नरेन्द्र का सपना था कि वह संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बनाए। बचपन से ही संगीत में रुचि रखने वाले नरेन्द्र ने अपने इस जुनून को कभी कम नहीं होने दिया। उन्होंने बचपन में ही संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दिया था। हालांकि औपचारिक शिक्षा की शुरुआत वर्ष 2012 में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ से हुई, जहाँ उन्होंने प्रवेशिका से लेकर स्नातक और परास्नातक तक की पढ़ाई की। कई वर्षों की मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन के बाद नरेन्द्र ने एम.पी.ए. (शास्त्रीय संगीत) की शिक्षा सफलतापूर्वक पूरी की। इस दौरान उन्होंने शास्त्रीय संगीत के विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन किया और अपनी कला को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। नरेन्द्र कुमार वर्मा की यह मेहनत और लगन तब रंग लाई जब भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह में उन्हें मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी, और विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के करकमलों से प्राप्त हुई। दीक्षांत समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने नरेन्द्र की उपलब्धि की सराहना की। नरेन्द्र ने अपने इस सम्मान का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और आशीर्वाद के बिना यह संभव नहीं था। नरेन्द्र की सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे गाँव और जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत है। एक छोटे से किसान परिवार से निकलकर संगीत की ऊँचाइयों तक पहुँचना यह साबित करता है कि अगर संकल्प मजबूत हो और मेहनत सच्चे दिल से की जाए तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता।

# उच्च स्तरीय टीम पहुंची रेडिको खेतान कन्दूनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कन्दूनी बिसवां सीतापुर । औद्योगिक विकास की ओर बढ़ते कदमः प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गठित उच्च स्तरीय टीम पहुँची रेडिको खेतान लिमिटेड सीतापुर, औद्योगिक प्रगति का लिया जायज़ा

उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मूल मंत्र ल्लविकसित उत्तर प्रदेश एवं आत्मनिर्भर भारतङ्क को साकार करने की दिशा में गठित उच्च स्तरीय टीम मे सम्मिलित श्री प्रवीर कुमार, (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) के नेतृत्व में रेडिको खेतान लिमिटेड, कंदुनी, बिसवां, सीतापुर स्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई का दौरा किया। दौरे में मुख्य रूप से श्री पी. गुरुप्रसाद, (प्रमुख सचिव, राजस्व) सीतापुर जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अपर्णा ऐश्वर्या एवं अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल रहे। टीम ने फैक्ट्री परिसर में पहुँचकर 350 खख्रक की क्षमता वाली डिस्टिलरी एवं अत्याधुनिक बॉटलिंग यूनिट का निरीक्षण किया और यहाँ संचालित हो रही विनिर्माण गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। फैक्ट्री परिसर में उक्त टीम का स्वागत संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी श्री एच.एस. शुक्ला एवं श्री अंशु श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मानव संसाधन अधिकारी श्री अजय कुमार गोस्वामी ने संस्थान द्वारा एट्टट योजनाओं के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की पहलों का विस्तार से उल्लेख किया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी तथा समाजसेवी श्री शरद चौधरी की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। रेडिको खेतान लिमिटेड द्वारा संचालित इकाई की कार्यप्रणाली और तकनीकी प्रबंधन को देखकर टीम ने रेडिको प्रबंधन की सराहना की और इसे उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला बताया। टीम ने प्रबंधन से राज्य में और अधिक निवेश करने का आग्रह किया तथा आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रशासन कंपनी हित में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा और आवश्यकता अनुसार सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शारदा बैराज पहुँचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गेट संचालन को खुद किया चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । अपने तय कार्यक्रम के तहत जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ शारदा बैराज पहुँचे। बैराज परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने विभागीय और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जल शक्ति मंत्री ने शारदा बैराज, शारदा पोषक नहर, हेड रेगुलेटर तथा जल यांत्रिक संयंत्रों एवं स्वचालन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैराज के गेट संख्या 18 एवं 19 को स्टार्ट बटन दबाकर संचालन प्रक्रिया का अवलोकन किया, जो पूर्णतः सुचारु पाई गई। इस दौरान बैराज के समस्त गेटो का संचालन सुगम पाया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) सुजीत कुमार सिंह ने अवगत कराया कि शारदा बैराज में कुल 20 गेट हैं, जिनकी क्षमता लगभग 4,02,000 क्यूसेक है। वर्ष 2008 में बैराज से अधिकतम 3,94,752 क्यूसेक प्रवाह दर्ज किया गया था। सभी गेट स्काडा प्रणाली से पूर्णतः स्वचालित हैं, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर मैनुअल संचालन की सुविधा भी उपलब्ध है। बैराज की दाहिनी ओर स्थित शारदा सहायक पोषक नहर की क्षमता 27,000 क्यूसेक है, जिससे प्रदेश के 18 जनपद लाभान्वित होते हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से बाढ़ एवं कटान निरोधी परियोजनाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों की परियोजनाओं की सतत मॉनिटरिंग हो, ताकि किसानों और आमजन को समय पर राहत मिल सके। मंत्री ने नदी के जलस्तर बारे में भी जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शारदा और घाघरा नदियाँ खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। शारदा नदी में कराया गया चैनलाइजेशन कार्य प्रभावी साबित हो रहा। इस दौरान प्रमुख सचिव (सिंचाई) अनिल गर्ग, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सिंचाई विभाग के एचओडी संदीप कुमार, मुख्य अभियंता प्रभाकर प्रसाद, उपेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नीलेश जैन, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश सिंह, विजय कुमार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, करणपाल, राम बहादुर, सुरजीत कुमार सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जल शक्ति मंत्री ने सीतापुर में किया हरिशंकरी पौध का रोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । मंत्री, जल शक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 श्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरूवार को जनपद-सीतापुर में सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन परिसर में हरिशंकरी पौध का रोपण किया। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से ''एक पेड़ मॉ के नाम'' अभियान के अन्तर्गत हरिशंकरी पौध का रोपण किया गया है। हरिशंकरी पौध पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त लाभकारी है तथा जल संचयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। इस पौध की लोगों के आस्था के साथ जुड़े होने के कारण इसका संरक्षण भी आसानी से हो जाता है। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौध रोपण हेतु प्रेरित भी किया, जिससे पर्यावरण हरा-भरा रहे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से योजनाओं के विषय में चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिये। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बुज़ुर्ग गंभीर रूप से घायल



ततरोई (नैमिषारण्य), सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिश्रिख क्षेत्र की ग्राम पंचायत ततरोई चौराहा पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज़ रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने अचानक सड़क पार कर रहे राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 50 वर्षीय राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर इतनी तेज़ रफ्तार में था कि टक्कर लगने के बाद सड़क किनारे खड़ा एक बिजली का पोल और स्ट्रीट लाइट भी टूटकर गिर गई। हादसे के दौरान अन्य राहगीर बाल-बाल बच गए। घायल राकेश को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना में ग्राम प्रधान रंजीत रावत की स्ट्रीट लाइट और पोल क्षतिग्रस्त होने से काफी नुकसान भी हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एसएसबी के सहायक कमांडेंट गगनप्रीत ने ग्रामीण संग की बैठक



सम्पूर्णानगर- खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। 49 वी वाहिनी के कमांडेंट शेर सिंह चौधरी के निर्देश पर नेपाल के बिगड़े हालात के चलते एसएसबी के सहायक कमांडेंट गगनप्रीत सिंह ने गुरुवार को भारत नेपाल सीमा से सटी बसही कॉलोनी के सामुदायिक भवन में व्यापारियों एवं ग्रामीण संग बैठक कर नेपाल की हालत पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया और कहा कि इस वक्त नेपाल का माहौल खराब चल रहा है गांव में कोई भी अंजान य संदिग्ध व्यक्ति दिखे या कोई नेपाल से आता है तो इसकी सूचना तत्काल एसएसबी को दें व सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों के बारे में भी सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहे बैठक के दौरान भारत नेपाल सीमा से जुड़ी अन्य कई एक विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ग्राम प्रधान राजनाथ यादव बसही एसएसबी कंपनी के इंस्पेक्टर राम सिंह सैनी सहित एसएसबी के तमाम जवान व ग्रामीण मौजूद रहे।

### 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी ने भारत नेपाल सीमा के गांव मटेही में लगाया पशु चिकित्सा शिविर



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। 70वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी द्यद्य में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत श्री राजन कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट के दिशा निर्देशन में आज दिनांक 11.09.25 को डॉ. विनोद कुमार , पशुचिकित्सा अधिकारी, लखीमपुर खीरी, के सहयोग से 70वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत ''बी''समवाय के इग्ट में नि:शुल्क पशुचिकित्सा शिविर (व्रुएइ) का आयोजन किया गया है। जिसमें 64 जानवरों का मुफ्त जांच कर नि:शुल्क दवा वितरण किया । डॉ. विनोद कुमार, पशुचिकित्सा अधिकारी, ने ग्रामवासियों को जानवरों को बरसात के मौसम में होने वाली बिमारियों से बचाव के उपाय बताए एवं वही मानव चिकित्सा शिविर (ख्रएइ) में वाहिनी से पहुंचे डॉ दिनेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं उनकी टीम ने 45 पुरुष महिलाएं एवं बच्चों का जांच कर मुफ्त में दवा वितरण किया । तथा बरसात के मौसम में घर एवं आसपास में साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया । इस मौके ''बी'' समबाय प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार मिश्रा तथा अधीनस्थ अधिकारी व बलकर्मिक उपस्थित थे।

### क्या बड़े मसीहा है एस एस कॉन्टेक्टर आखिर क्यों मेहरबान है सचिव अभय प्रताप दीपक

कसमंडा कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत पंचायत सचिव अभय प्रताप दीपक की प्रभारी ग्राम पंचायतों में अपनी चहेती फर्म एस एस कॉन्टैक्टर पर लाखों का भुगतान लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। ऑनलाइन पोर्टल पर बिना कार्य स्पष्टीकरण के लाखों के भुगतान देखे जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है। सूत्रों का दावा है। सचिव साहब आए दिन अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहते हैं। जब कोई भी फरियादी विकासखंड पहुंचता है। तो कार्यालय पर ताला लगा होता है। या फिर सचिव का अधीनस्थ कार्य करता है। उक्त साहब की प्रभारी पंचायतों में हुए भुगतान का यदि उच्चाधिकारियों द्वारा जिम्मेदारी से निरीक्षण किया जाए तो सचिव और ठेकेदार के बीच सरकारी धन का बड़ा बंदरबांट साबित होगा।

## शिक्षक एवं खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के निर्धारण को लेकर डीएम ने की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए निर्वाचन हेतु जनपद में लखनऊ खंड के शिक्षक एवं खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से पहले मतदेय स्थलों के निर्धारण के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने की। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि अंतिम सूची तैयार करते समय सभी सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा और हितधारकों की राय को महत्व दिया जाएगा। एडीएम/डिप्टी डीईओ नरेंद्र बहादुर सिंह ने बैठक की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों व शिक्षक संगठनों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी/तहसीलदार भी शामिल हुए।

## खबर प्रकाशन का हुआ बड़ा असर: बनगवां मंडी में पसरा सन्नाटा, अवैध निर्माण पर संकट गहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बनिगवा खीरी। जनपद के बनिगवा मंडी मे विगत दो दिन पूर्व नेपाल की राजधानी काठमांडू में हुए तख़्तापलट और उग्र हिंसक प्रदर्शनों के बाद हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं। नेपाल में अब भी कर्फ़्यू लागू है और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत-नेपाल सीमा से सटे सभी इलाकों में चौकसी कड़ी कर दी गई है। सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

सूत्रों के अनुसार नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के बाद सरकार ने इस्तीफ़ा दे दिया है और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा देश छोड़कर फरार हो चुके हैं। इस राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा का सीधा असर अब भारत-नेपाल सीमा पर बसे बाज़ारों पर भी दिखाई देने लगा है।

सबसे ज़्यादा असर गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की सरकारी कृषि भूमि पर अवैध रूप से बसी बनगवां मंडी पर देखा जा रहा है क्यूंकि यह मंडी कई दिनों से अपने अवैध कब्जे और मादक पदार्थों की तस्करी से अख़बार की सुर्खियाँ बनी हुई है जिसकी खबर प्रकाशन के बाद इस मंडी मे सन्नाटा पसर चुका है। यह मंडी कभी नेपाली ग्राहकों से गुलजार रहती थी लेकिन नेपाल में बिगड़े हालात के बाद यहां सन्नाटा पसरा हुआ है। इसी बीच मंडी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि नेपाल की परिस्थितियों का असर अब सीधे इस मंडी के कारोबार पर पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक लगभग एक वर्ष पूर्व बनगवां में तैनात रहे लेखपाल ने मंडी का सर्वे कराया था। इसमें करीब 193 दुकानों की पहचान की गई थी और धारा-3 के अंतर्गत पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई भी प्रचलन में लाई गई थी।

बावजूद इसके अवैध निर्माण थम नहीं पाया। प्रशासन ने करीब 5 वर्ष पूर्व मंडी खाली कराने के लिए मुनादी भी कराई थी लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। विगत दो दिनों पूर्व तहसील प्रशासन ने बनगवां मंडी में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया था फिलहाल वर्तमान में यहां लगभग 200 अवैध दुकानें बन चुकी हैं और अवैध कब्ज़ा लगातार बढ़ रहा है। नेपाल की मौजूदा अशांति और बॉर्डर पर बढ़ी सख़्ती ने अब इस मंडी के भविष्य पर भी संकट के बादल और गहरा दिए हैं।

# व्यापारी के सम्मान की रक्षा करना एक मात्र लक्ष्य: नवनीत गुप्त

**प्रदेश मंत्री पवन जैन के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में संगठन में कई नये व्यापारी सदस्यों को संगठन की सदस्यता दिलायी गयी साथ ही कई अहम निर्णयों पर मोहर लगायी गयी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बृहद बैठक प्रदेश मंत्री पवन जैन के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई बैठक में सैकड़ों व्यापारियों ने संगठन में सदस्यता ग्रहण की साथ ही कई अहम निर्णयों पर मुहर लगाई गई कई व्यापारियों को जिम्मेदारी भी दी गई नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी को माला पहनाकर मार्केट में रोड शो निकाला रोड शो जगह जगह व्यापारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने की व संचालन प्रदेश मंत्री पवन जैन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने संघे शक्ति कलयुगे का मंत्र देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है आज हम संगठित होकर ही अपने स्वाभिमान की रक्षा करने में सक्षम हैं जिसका प्रमाण आज संगठन में व्यापारियों के निरन्तर आस्था बढ़ना हैं संगठन का व्यापारी के सम्मान के रक्षा करना ही एकमात्र लक्ष्य है व्यापारी का कोई भी जाति या धर्म नहीं होता है वह राष्ट्रहित में अपना योगदान देता रहा है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता ने कहा कि कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए संगठन शासन एवं व्यापारी के मध्य पुल का कार्य करेगा उद्योग लगाने में आ रही समस्याओं के लिए व्यापार मंडल उनका निदान करेगा। नवनियुक्त जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा व्यापार मंडल भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलकर व्यापारियों के सम्मान की सुरक्षा करेगा साथ ही हर विभाग में अपना प्रतिनिधि को चयनित करके व्यापारियों के समस्याओं का निदान करेगा।प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बैठक में लिए निर्णय से अवगत करते हुए कहा कि फूड विभाग के खिलाफ उनके कार्यालय पर आगामी 16सितंबर को धरना दिया जाएगा तथा जिले में भ्रमण कर रिक्त इकाइयों का गठन किया जाएगा। प्रदेश मंत्री पवन जैन ने कहा कि व्यापारी के हितों के रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर है और अंतिम पायदान के व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जाएगा जिस प्रकार से सैकड़ों व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है निश्चित रूप से व्यापारियों की ताकत बढ़ रही हैं। अंत में नवनीत गुप्ता शोंटू ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक जिला महामंत्री संजीव आहूजा ,रूपेंद्र सिंह लाम्बा,नरेश शंखधार, राजेश गुप्ता ,संजय रस्तोगी ,जावेद अली खान, सर्वत्र हामिद खान, सगीर अहमद, राजू सैफी,फखरे आलम, दीपक सक्सेना,शाहिद रईस, असीम फारूखी, हाजी रफी सैफी ,एडवोकेट उमर सैफी, मजरूल हक,सलीम ,शाकिर अली, उवैस भाई, दानिश, शान मोहम्मद, साहिल,अरमान, देवेंद्र गुप्ता, दीपक शर्मा, नसीम सैफी, नजाकत अहमद, आदि सैकड़ों व्यापारियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## किशोरी की बिगड़ी हालत इलाज के दौरान मौत

बदायूं। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में खेत से घास काटकर लौटी किशोरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसे किसी जहरीले कीड़े के काटने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है।बदायूं में खेत से घास लेकर लौटी किशोरी की मंगलवार दोपहर हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसको सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव कौरेरा निवासी भूरे ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी रेशमा मंगलवार को पशुओं को घास लेने खेत पर गई थी। घर लौटने के बाद जैसे ही किशोरी ने पानी पिया, उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसको आसफपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल आते-आते वह बेहोश हो गई। डॉक्टर ने देखते ही मेडिकल कॉलेज भेज दिया। परिवार के लोगों ने उसे भर्ती कराया लेकिन देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को मामले की सूचना दी, जिस पर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया है।

# डीएम की अध्यक्षता कल्कि देव तीर्थ समिति के कार्यो की बैठक सम्पन्न

**जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टमटा ने बताया कि कुरुक्षेत्र तीर्थ के विकास के लिए शासन द्वारा 175.20 लाख की धनराशि स्वीकृत की है जबकि मनोकामना तीर्थ के विकास के लिए 224.40 लाख की धनराशि तथा नैमिषारण्य तीर्थ के विकास के लिए 205.60 लाख की धनराशि स्वीकृत की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संभल कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अंतर्गत सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 महाकूपों के विषय में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा प्राचीन तीर्थों एवं महाकूपों पर नगर पालिका एवं पर्यटन विभाग द्वारा क्या क्या कार्य किए जा रहे हैं उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टमटा ने बताया कि कुरुक्षेत्र तीर्थ के विकास के लिए शासन द्वारा 175.20 लाख की धनराशि स्वीकृत की है जबकि मनोकामना तीर्थ के विकास के लिए 224.40 लाख की धनराशि तथा नैमिषारण्य तीर्थ के विकास के लिए 205.60 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। प्राचीन कल्कि मंदिर एवं हरि बाबा धाम तथा माँ कैलादेवी मंदिर के विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय द्वारा भारत के भारत रत्न प्राप्त, परमवीर चक्र प्राप्त तथा अशोक चक्र प्राप्त महान विभूतियों तथा शहीदों के लिए एक आर्ट गैलरी का सुझाव रखा गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नैमिषारण्य तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ जी महाराज द्वारा परिक्रमा मार्ग के कुछ स्थान पर खराब होने की जानकारी दी गयी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र ही मार्ग को सही कराया जाए। जिलाधिकारी ने बूढ़े बाबा एवं अन्य प्रमुख स्थानों की कनेक्टिविटी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के अन्तर्गत जिला पर्यटन अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बेड एण्ड ब्रेक फास्ट एवं होम स्टे नीति 2025 के विषय में भी जिलाधिकारी को जानकारी प्रदान की जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, नैमिषारण्य तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी,तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह,समिति के सदस्य संजय पोली एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के संबंध में डीईओ ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुए उनसे बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। बताया कि निर्वाचन के लिए मंडलायुक्त बरेली मंडल रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सम्बंधित जनपदों के जिलाधिकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 01 से 31 अक्टूबर तक बूथ पुनरीक्षण का कार्य प्रस्तावित है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि वर्तमान विधान परिषद सदस्य का कार्यकाल 07 दिसंबर 2026 को पूर्ण होगा। वर्ष 2022 में हुए निर्वाचन में कुल मतदाता 3275 थे जिसमें से 2202 पुरुष व 1073 महिलाएं थी तथा इसके लिए 10 मतदेय स्थल बनाए गए थे। मतदाता के लिए 16 किलोमीटर के दायरे में मतदेय स्थल बनाए गए थे।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी के मुनीश अग्रवाल, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के अरविंद सिंह राठौर व सुरेश राठौर व समाजवादी पार्टी के अशोक यादव, आम आदमी पार्टी के राकेश सोलंकी, बहुजन समाज पार्टी के अरविन्द कुमार भारती तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक वर्मा व अजीत मौजूद रहे।

# दादा भाई नौरोजी जयंती पर गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में दादा भाई नौरोजी की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।गुरुवार को डीपीबीएस कालेज में राष्ट्र प्रेम और सामाजिक चेतना के महान प्रतीक दादा भाई नौरोजी की जयंती पर विचार गोष्ठी एवं व्याख्यान का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जी.के सिंह ने किया। व्याख्यान के मुख्य बिंदुओं में दादा भाई नौरोजी के आर्थिक योद्धा योगदान और सामाजिक कार्यों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने कहा कि दादा भाई नौरोजी केवल ल्लभारत के ग्रैंड ओल्ड मैनङ्क ही नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत की सामाजिक और आर्थिक चेतना के महान वाहक थे। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों के जीवन से संघर्ष, सेवा और त्याग की प्रेरणा लेनी चाहिए। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष अनिल कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने आर्थिक सिद्धांतों, विशेषकर ल्लड्रेन थ्योरीङ्क की व्याख्या की।

## ट्रंप सरकार के खिलाफ ब्राह्मणों ने जताई नाराजगी

अनूपशहर। नगर के ब्राह्मण समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को पत्र भेज कर ट्रंप सरकार के पीटर नवारो द्वारा ब्राह्मणों पर की गई टिप्पणी पर आक्रोश व्यक्त किया।गुरुवार को ब्राह्मण समाज द्वारा तहसीलदार संजय कुमार को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध किया गया है, कि ट्रंप सरकार में सहयोगी के रूप में कार्यरत पीटर नवारो द्वारा ब्राह्मणों पर मुनाफा कमाने की टिप्पणी पर आक्रोश प्रकट करते हैं। पत्र में अवगत कराया गया है, कि रूस द्वारा भारत को काफी कम दाम पर पेट्रोल बेचा जा रहा है। अमेरिका की तुलना में यह दर काफी सस्ती है। भारत की एकता अखंडता को प्रभावित करने के लिए ट्रंप सरकार के सहायक पीटर नवारो द्वारा यह कहना कि रूस से तेल लेने पर भारत के ब्राह्मण मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। जबकि अन्य लोगों को आर्थिक हानि हो रही है। यह बयान देश में फूट डालने वाला है। इस बयान की ब्राह्मण समाज कठोर आलोचना करता है।

# सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने मोहन स्वरूप गुप्ता

**जिला मंत्री उपेन्द्र उपाध्याय निर्वाचित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। प्रांतीय निर्देशानुसार विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को सर्व सम्मति से चुना गया। यह आयोजन डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के संघ भवन में संपन्न हुआ। गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं चुनाव अधिकारी कवि माधव मिश्र (पूर्व प्रांतीय कर्मचारी नेता,राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत सेसर्वप्रथम रविन्द्र मोहन सक्सेना ने मोहन स्वरूप गुप्ता के नाम का प्रस्ताव जिलाध्यक्ष पद पर रखा जिसका अनुमोदन इं प्रमोद कुमार शर्मा एवं ब्रजेश कुमार चौहान ने किया। दस मिनट तक किसी दूसरे का जिलाध्यक्ष पद पर नाम नहीं आने पर सर्व सम्मति से चुनाव अधिकारी कवि माधव मिश्र ने उन्हें जिलाध्यक्ष घोषित किया। बाद में पूरे सदन ने निर्वाचित जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता को समस्त अधिकार देते हुए सर्व सम्मति से कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को चुनने के लिए कहा जिस पर चुनाव अधिकारी कवि माधव मिश्र की सहमति पर कार्यकारिणी में 26 पदाधिकारियों के साथ 11 सक्रिय सदस्य को सर्व सम्मति से चुना गया। मुख्य अतिथि एवं चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चुनाव उपरांत सभी पदाधिकारियों को घोषित करते हुए फूल माला पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व सम्मति से निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हैं। आप सब की जिम्मेदारी है कि पेंशनर की समस्याओं का निस्तारण करते हुए पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करें क्योंकि कर्मचारी तीस चालीस वर्ष सेवा करने के बाद ही पेंशन का हकदार होता है। सरकारों ने कर्मचारी की पेंशन बीस साल पहले बंद कर दी लेकिन एमपी, एमएलए, एमएलसी को आज भी पेंशन दी जा रही है। यह कैसा दुर्व्यवहार है। आठवां वेतन आयोग जल्द से जल्द लागू किया जाए। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने कहा कि मैं पेंशनर की समस्याओं के लिए लड़ूंगा लेकिन अगर आप को पारिवारिक समस्या है तो उसके लिए भी हर समय तैयार हूं। नव निर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन सक्सेना, जिला मंत्री उपेन्द्र उपाध्याय, मीडिया प्रभारी इंजीनियर प्रमोद कुमार शर्मा, संप्रेक्षक राजेश जौहरी, उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान, कोषाध्यक्ष सुशील सक्सेना (नीरू), संगठन मंत्री रामप्रकाश सिंह राठौर, उपाध्यक्ष सतेंद्र शाक्य, प्रचार मंत्री छोटे लाल सगर, संरक्षक विनोद पाल सिंह, श्रीकृष्ण मिश्रा, सक्रिय सदस्य अशोक कुमार सक्सेना ने विचार व्यक्त करते हुए एकता के साथ संघर्ष करके पेंशनर को उनके हक दिलाने की वकालत की। अन्य चुने गए कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में रउफ हुसैन सिद्दिकी, सुभाष चंद्र शर्मा, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## लेखपाल को रास्ते में रोककर दी धमकी, एफआईआर दर्ज

संभल, बबराला। सरकारी कार्य में बाधा डालने और धमकी देने का मामला सामने आया है। राजस्व लेखपाल सोनू शर्मा ने थानाध्यक्ष बबराला को दी तहरीर में बताया कि वह 4 सितंबर को अपने क्षेत्र के सरकारी कार्य हेतु बबराला आए थे। इसी दौरान बबराला निवासी प्रदीप यादव पुत्र प्यारे लाल ने रास्ते में रोककर धमकी दी और आरोप लगाया कि उसके [illegible] गलत बनाए गए हैं।लेखपाल का कहना है कि प्रदीप यादव अपने 2S3 साथियों को मौके पर बुलाकर गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर वह थाना बबराला पहुंचे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रदीप यादव दबंग प्रवृति का व्यक्ति है और उसने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

संभल। जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में आज गुरुवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड बनियाखेड़ा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी श्रीमती विनोद बाला द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए इन योजनाओं के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लाभान्वित करने हेतु कहा गया। 1098, 181, 112, 1076, 108, 102 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप में बताते हुये इन सभी को प्रयोग हेतु कहा गया। सहायक विकास अधिकारी श्री नीरज कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष गौरव गुप्ता पुलिस विभाग से अजय सिंह एस0आई0, खेमपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, विनोद आदि उपस्थित रहे।

## घर-घर कूड़ा सेग्रीगेशन को लेकर चला जागरूकता अभियान

संभल । नगर पंचायत बबराला में नगर विकास विभाग एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को वार्ड संख्या 03 लोहिया कॉलोनी में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार मोहल्ला निगरानी समिति के अध्यक्ष, कार्यालय सहायक व सफाई मित्रों ने वार्डवासियों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया।इस दौरान बैनर और पंपलेट के माध्यम से जानकारी दी गई तथा कचरा अलग-अलग करने का डेमो भी किया गया। मोहल्ले के लोगों को घर-घर कूड़ा सेग्रीगेशन, होम कम्पोस्टिंग की प्रक्रिया, स्वच्छ वातावरण से होने वाले स्वास्थ्य लाभ और सामुदायिक भागीदारी की अहमियत के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिबंधित पॉलीथिन की जगह जूट या कपड़े के थैले इस्तेमाल करने की अपील भी की गई। स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को और सशक्त बनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया।यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देती है बल्कि स्वच्छ मोहल्ला S स्वस्थ जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## मेले में आएं और विभिन्न उत्पादों की खरीददारी करें: कपिल गुप्ता

चंदौसी। संजीवनी चाय के निर्माता परमेश्वर लाल सैनी पूर्व संभल लोक सभा प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी का मेला गणेश चौथ में, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगाया स्टॉल । संजीवनी चाय स्टॉल पर पहुंच कर व्यापारी कपिल गुप्ता [illegible] मेले में अपने-अपने नगर के प्रसिद्ध उत्पाद के स्टॉल लग रहे हैं वहां पहुंच कर खरीददारी की। भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी से मुलाकात की साथ ही दोनों व्यापारियों ने मेला गणेश चौथ को एक ऐतिहासिक चंदौसी की शान बताया । और कहा कि चंदौसी का गणेश चौथ मेला डॉ. गिरिराज किशोर जी द्वारा शुरू किया गया था । आज उनके परिवार की देखरेख में एक विशाल मेला लग रहा है। बरसों से जिसमें देश भर से लाखों श्रद्धालु आते थे। डॉ. गिरिराज किशोर के बेटे मनोज कुमार गुप्ता सबको साथ लेकर मेले का आयोजन करते हैं। और यह आयोजन आज भी सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता है, जहाँ विभिन्न तरह की झांकियाँ और गणेश जी की विशाल प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है । व्यापारियों के लिए भी प्रचार-प्रसार के अन्य आयोजन भी किए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस मेले में आएं और विभिन्न उत्पादों की खरीददारी करें। इस दौरान मेले में पुलेन्द्र सिंह, हरि ओम, मनीष शर्मा, दिनेश प्रेमी, मुनाजिर पठान, पुष्पेंद्र सिंह, रवि शर्मा, मौजूद रहे।

## पखवाड़ा अभियान का आयोजन

**बदायूँ।** भाजपा मंडल कार्यालय गौतरा पर आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान की मंडल कार्यशाला को जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन शर्मा ने संबोधित किया। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद भर में सेवा, संगठन एवं समाजहित से जुड़े विविध कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त मंडल के पदाधिकारी गण, व इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष भावेश प्रताप सिंह, सह संयोजक अमन गुप्ता मंडल महामंत्री सह संयोजक मनोज सोलंकी मंडलउपाध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह,मंडल महामंत्री संतोष कुमार सिंह, शीतल सिंह मंडल मंत्री व सभी मंडल के शक्ति केंद्र के संयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष गण,सोशल मीडिया के संयोजक कमलेश मिश्रा, व वरिष्ठ कार्यकर्ता, उपस्थित रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन चल रही पैथोलॉजी लैब, जांच रिपोर्ट में पाई जा रही भिन्नताएं

**बदायूं।** जिले में नियम कानून को ताक पर रखकर पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जा रहा है। बिना विभागीय अनुमति तथा अप्रशिक्षित कर्मचारियों के द्वारा लैब का संचालन हो रहा है इन पैथोलॉजी लैब में जांच के नाम पर लोगों की जेब काटी जा रही है। उझानी सीएचसी प्रभारी के संज्ञान में होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।उझानी नगर व आसपास के क्षेत्र में काव्या पैथोलॉजी लैब बिल्सी रोड, एमएस पैथोलॉजी गद्दी टोला, सोलंकी लैब, अशरफ बिल्सी रोड, आरबीएस पैथोलॉजी लैब वरी बाईपास ,देवी ज्योति लैब कछला रोड, डॉ लाल कलेक्शन सेंटर कछला रोड, रहमान लैब मानपुर रोड, नेहा पैथोलॉजी लैब बिल्सी रोड, यहां यह पैथोलॉजी लैब खुली हुई हैं। मल, मूत्र व ब्लड की जांच करने का कार्य इन लैब में किया जाता है। जांच कराने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों से मनमाना शुल्क वसूला जाता है, जबकि इन पैथोलॉजी लैब संचालकों के पास न तो विभागीय अनुमति है और न ही यहां जांच के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी ही मौजूद हैं। नियमानुसार पैथोलॉजी संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग की अनुमति तथा प्रशिक्षित पैथोलॉजिस्ट,लैब टेक्नीशियन, एलए व सुविधाएं होना आवश्यक है। यहां नियम कानून को ताक पर रखकर लैब संचालित हो रही है। इन दिनों चल रहे मलेरिया डेंगू सीजन में अधिकांश चिकित्सक बुखार आदि के संदिग्ध मामलों में मरीजों की जांच करा रहें हैं। मिलीभगत के चलते जांच के नाम पर जमकर लोगों की जेब काटी जा रही हैं। इसके बाद भी मरीज को सही रिपोर्ट मिल सकेगी इसकी गांरटी नहीं है। उझानी क्षेत्र में पैथोलॉजी लैब व अस्पतालों में कराए गए परीक्षण की रिपोर्ट में भिन्नता भी मिली है। गौरतलब है कि रोगी की जांच के बाद लैब रिपोर्ट के अनुसार ही चिकित्सा शुरू कर दवाइयां आदि दी जाती है। ऐसे में जांच रिपोर्ट महत्वपूर्ण होती है। गलत जांच रिपोर्ट होने से मरीज की जान को खतरा भी हो सकता है। सीएमओं ने जारी किए निर्देश- सीएमओ डॉ रामेश्वर मिश्र ने बताया कि बिना अनुमति के संचालित लैब आदि को लेकर निर्देश जारी किए हैं। यदि कहीं बिना अनुमति के लैब का संचालन हो रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

# उसहैत थाने में भ्रष्टाचार को लेकर भकियू का घेराव

**भकियू ने पुलिस पर लगाया जुआ-सट्टा कराने का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनीतिक ने थाना उसहैत मे हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर एवं थाने के कार्यकलापों में राजनेताओं के हस्तक्षेप को लेकर थाने का घेराव किया। इसका संचालन जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने किया। और अध्यक्षता पुनम गुप्ता ने की जिसमें भूरे चरण सिंह, शेर सिंह पुत्र रामपाल निवासी पाठक नगला एवं रामविलास पुत्र महाराम यह बाहर के रहने वाले हैं। और पाठक नगला में रह रहे हैं। यह सभी बदमाश प्रकृति के लोग हैं। गांव में एक मंदिर है। जो किसी दूसरे व्यक्ति ने बनवाया था। रामविलास पुत्र महाराम ने अबैध कब्जा कर रखा है। और वहीं पर रह रहा है। गांव के ही शिवपाल यादव पुत्र शिवलाल ग्राम पाठक नगला इनके साथ उपरोक्त लोग आए दिन गाली-गलौज मारपिट करते हैं। और कई बार अवैध हथियार लेकर शिवपाल के घर में घुसकर मारपीट की थी। जिसकी शिकायत कई बार थाना प्रभारी उसहैत से की थी लेकिन राजनेताओं के दबाव से उल्टी शिवपाल यादव पर ही कार्रवाई पुलिस कर देती है। और जो दबंग लोग हैं वह राजनेताओं की सह से बच जाते हैं। और यह लोग आए दिन छोटी-छोटी वारदात करते रहते हैं। लेकिन पुलिस कार्यवाही उन गुण्डो पर नहीं करती है। और शिवपाल यादव पर उल्टी कार्रवाई कर देते हैं। इसके परिवार के साथ मारपीट की कई बार वारदात हुई। लेकिन राजनीति के चलते उन लोगो पर तहरीर दी गई। लेकिन एफआर लगा दी जाती है। और यह लोग छूट जाते हैं। थाने के अंदर दलाल और माफिया कुर्सी पर बिठाय जाते हैं। और पीड़ित न्याय की गुहार लगता है। खड़े-खड़े और उसे न्याय नहीं मिल पाता कस्बा के अंदर पुलिस पैसा लेकर जुआ-सट्टा का कार्य करवा रही है। एवं गरीब रेडी वालों से पुलिस द्वारा अवैध उगाई की जाती है। कस्बा की पुलिस और खनन माफिया की मिली भगत से खनन का काम जोरों पर है। लेकिन खनन अधिकारी सूचना मिलने पर भी सो जाते हैं। कार्रवाई नहीं होती आरा मशीन और पुलिस की मिली भगत से रात के अंधेरे में हरे भरे आम नीम शीशम के पेड़ कटवाए जाते हैं। जिससे पुलिस को मोटी रकम प्राप्त होती है।कस्बे की पुलिस द्वारा निर्दोष और भोले भाले व्यक्तियों पर झूठे मुकदमे शराब लगाकर अवैध हथियार लगाकर जेल भिजवा दिए जाते हैं। और दोषी व्यक्ति पैसा देकर छूट जाता है। उसहैत थाना प्रभारी द्वारा गरीब जनता के साथ बातचीत करने का तरीका गलत है। और थाने में पड़ी कुर्सियों पर माफियाओं दलालों को बिठाया जाता है वह फरियादी जमीन पर बैठकर अपनी फरियाद सुनाते हैं। उपरोक्त समस्याओं का निदान 10 दिनों के अंदर होना चाहिए नहीं तो संगठन थाने पर सभी तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष की कार्यकारिणी पदाधिकारी और किसानों को इकट्ठा करके उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिस आंदोलन के दौरान किसी भी तरह की कोई घटना घटित होती है। तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी निम्नलिखित पदाधिकारी ने अपना सहयोग दिया हरीश पटेल राजेश पटेल, पप्पू मोरिया, सूरजपाल सिंह, अशोक कुमार, जसवीर यादव, हैवलेश गुप्ता, हरबंस पटेल, मोहम्मद तारीख सायरा, इसराइल मेंबर, पूनम गुप्ता, सर्वेंद्र यादव, कलेक्टर सिंह, रजत प्रदीप कुमार, अश्वनी शर्मा, कमल गुप्ता, शिवपाल यादव, कल्लू वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# जंगल से घास लेने गई दलित युवती से दुष्कर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। जंगल में घास लेने गई दलित युवती के साथ मुस्लिम युवक द्वारा दुष्कर्म करने के बाद जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 10 सितंबर की दोपहर उसकी नाबालिक पुत्री पशुओं के लिए जंगल से घास लेने गई थी। घास काटते समय आदिल पुत्र रफीक निवासी खेलिया थाना अहमदगढ़ बाइक लेकर उसके पास आया और बहला फुसलाकर घर छोड़ने के बहाने से बाइक पर बैठाकर उसकी पुत्री को अनीवास से शाहजहांपुर नहर की पटरी से होता हुआ जंगल में ले गया और वहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घर लौटने पर पीड़िता ने स्वजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। प्रीत दलित होने के साथ नाबालिक भी है। घटना के बारे में किसी को बताने पर आरोपी ने परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस उपाधीक्षक राम करन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को चिकित्सा परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

## दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

बदायूँ। मा0 मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन 10 एवं 11 सितम्बर को न्याय पंचायत-अब्दुल्लागंज, विकास खण्ड-उझानी बदायूँ में किया गया। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ नवीन चन्द्र आर्य ने बताया कि दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को ब्लाक प्रमुख शिशुपाल के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित करके किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञो द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रशिक्षण इकाई लगाने पर जोर दिया।

## राहुल गांधी लड़ रहे हैं आमजन की लड़ाई: चंद्रशेखर

अनूपशहर। कांग्रेस नेता चंद्रशेखर शर्मा ने भाजपा पर जाति व धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी को सभी धर्म का नेता बताया। गुरुवार को बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी चंद्रशेखर शर्मा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में आम जनता की लड़ाई लड़ रहे है। जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेता देश में सांप्रदायिकता फैलाकर वोट बटोरने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के बलिदान को देश की जनता भूल नहीं सकती है। और राहुल गांधी द्वारा जनता के लिए सरकार से की जा रही लड़ाई आगामी चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से विजई बनाएगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वह देश को आजाद कराने वाले गांधी परिवार के बलिदानों को याद रखें और समय आने पर भाजपा को वोट की ताकत से उसकी हैसियत का अंदाजा लगवाएं। इस मौके पर सलाम खां, ज्ञानेंद्र सिंह राघव आदि मौजूद रहे।

# जीवनदीप हॉस्पिटल के सामने हादसे का कारण बन रही अवैध पार्किंग

**समाज सेवियों का कहना है कि सख्ती के साथ सड़क व सड़क की पटरिओ पर खड़ी हो रही गाड़ियों को हटवाया जाए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। सर्कुलर रोड जीवनदीप हॉस्पिटल के सामने सड़क किनारे फुटपाथ पर जीवन दीप हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों की गाड़ियां हाइवे के फुटपाथ पर बेतरतीब तरीके से खड़ी गाड़ियां दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि सर्कुलर रोड पर लोगों ने सड़क के किनारे को गाड़ियों की पार्किंग बना लिया है। जगह कम होने के कारण कई बार यहां सड़क दुर्घटना हो चुकी है। यहां तक की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो चुकी है। यह इलाका नगर पालिका में शामिल हो है फिर भी न तो नगर पालि का और न जिला प्रशासन इस तरफ ध्यान दे रहा है। सड़क पर दोनों तरफ अतिक्रमण लोगों को दर्द दे रहा है। हॉस्पिटल की पार्किंग होने से सड़क तक गाड़ियां खड़ी होती हैं।सूत्रों के मुता बिक कई बार लोगों ने इस समस्या को उठाया लेकिन आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। आज भी सड़क पटरी पर हॉस्पिटल के सामने मरीजों की गाड़ियां सड़क तक खड़ी रहती हैं। नगर पालिका अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन को रोज चिढ़ा रहे हैं। सड़क दुर्घटना में कई मौत भी हो चुकी है। ट्रैफिक पु लिस भी कुछ करने को तैयार नहीं है। हॉस्पिटल के अतिक्रमण से सड़क के लोगों को रास्ता च लने में दिक्कत होती है।फातिमा स्कूल आने वा ले बच्चों को छुट्टी के समय घर जाते समय एक बड़ी समस्या होती है।नगर पालिका परिषद से लेकर जिला प्रशासन तक कुछ भी करने को तैयार नहीं है।कई बार लोगों ने इस समस्या को उठाया और अफसरों का दरवाजा खटखटाया लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई।अधिकारि यों की उदासीनता के कारण हॉस्पिटल संचाल क बिना किसी रोकटोक के सड़क की पटरिओपर पार्किंग बना रखा है।लेकिन हॉस्पिटल संचा लक को सड़क दुर्घटना होने से उन्हें कुछ लेना देना नहीं है।सड़क पर अतिक्रमण के चलते जा म की स्थिति पैदा हो जाती है।स्कूली बच्चों को भी परेशानी से दो चार होना पड़ता है।समाज सेवियों का कहना है कि सख्ती के साथ सड़क व सड़क की पटरिओ पर खड़ी हो रही गाड़ियों को हटवाया जाए। हॉस्पिटल की पार्किंग सड़क पर वाहनों को खड़ा करने वालों पर सख्त कार्र वाई होनी चाहिए।जो भी सड़क के किनारे वाह नों को खड़ा करें उनका चालान हो और भारी भरकम जुर्माना लगाया जाना चाहिए।लोगो का कहना है कि वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा कर हॉस्पिटल संचालक वाहनों को अपने पार्कि ग में खड़ा करवाना चाहिए।इससे दुर्घटना होने का खतरा टल जाएगा।हॉस्पिटल संचालक अवै ध रूप से सड़क को पार्किंग बनाकर वाहनों को खड़ा किया जा रहा है।चौड़ी सड़क के बावजूद रात में घूमने से लोग डरते है।सड़क पर खड़े वा हनों से किसी भी समय दुर्घटना होने का खतरा रहता है।यहीं कारण है कि लोग घूमने की जगह अपने घर में रहना पसंद करते हैं।मौखिक और लिखित में लोग कर चुके हैं।लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।ट्रैफिक पुलिस भी इस समस्या को देखने को तैयार नहीं है।आए दिन जाम लगते हैं लेकिन किसी की भी नजर इस समस्या पर नहीं पड़ रही है।बतादें कि आकाश सिंह ने इस संबंध में नगर पालिका को कई बार सूचना दिया गया,लेकिन सुनवाई नहीं हुई।यह अवैध पार्किंग किसी हादसे का इंतजार कर र ही है।रविंद्र कुमार ने बताया कि हमें रोज इस रास्ते से गुजरना पड़ता है।लड़कियों और स्कूल के बच्चों के लिए यह रास्ता असुरक्षित हो गया है।पैदल चला मुश्किल है।फातिमा स्कूल में जब छुट्टी होती है तो वाहनों की कतार और लंबी हो जाती है।उस समय हालात और बिगड़ जाते हैं। कोई ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होती।ओमप्रकाश ने बताया कि पैदल चलने वालों के लिए न फुट पाथ है और न कोई सुरक्षा।यहां रोज जाम लग ता है।जो काफी देर तक बना रहता है।ट्रैफिक पुलिस आती है तो मात्र खानापूर्ति कर चली जाती है।

## करोड़ों की ठगी मामले में फरार खनन माफिया पर 25 हजार का इनाम घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। कन्नौज पुलिस ने फर्जी गेमिंग ऐप करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में फरार आरोपी हाफि ज अली पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के चकरसूल गांव का रहने वाला हाफिज अली ख नन माफिया के रूप में जाना जाता है।कन्नौज पुलिस ने 27 अगस्त को जीटी रोड पर एक ब ड़ी कार्रवाई में फर्जी गेमिंग ऐप गिरोह के तेरह सदस्यों को गिरफ्तार किया था।गिरफ्तार मुख्य आरोपी आयुष शुक्ला ने पूछताछ में खुलासा किया कि ठगी की 2.36 करोड़ रुपये की रकम हाफिज अली के रिश्तेदार अतीकुर्रहमान के कॉ र्पोरेट खाते में भेजी गई थी। यह खाता हाफिज अली और उसके परिवार के सदस्य मिलकर च लाते थे।पुलिस ने जांच के बाद हाफिज अली के भाई कायम अली को गिरफ्तार कर जेल भे ज दिया है।हाफिज अली की गिरफ्तारी के लिए कन्नौज पुलिस के साथ यूपी एसटीएफ भी लगी हुई है।कई स्थानों पर छापेमारी की गई है, लेकि न अभी तक वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।वही हाफिज अली का नाम पहले भी अवैध ग तिविधियों में सामने आ चुका थाना नवाबगंज पुलिस ने कन्नौज पलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

# जलशक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने गिरिजापुरी बैराज का किया निरीक्षण

**कटान प्रभावित ग्रामों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के दिये निर्देशबैराज की क्षमता तथा वाटर डिस्चार्ज के सम्बन्ध में प्राप्त की जानकारी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतन्त्र देव सिंह ने प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ जनपद भ्रमण के दौरान गिरिजापुरी बैराज का निरीक्षण कर नदियों का जल स्तर, वाटर डिस्चार्ज तथा बैराज की क्षमता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैराज निरीक्षण के दौरान ग्राम चहलवा, विजय नगर, मोहरावा व जंगल गुलरिहा आदि कटान प्रभावित ग्रामों के ग्रामवासियों ने मां. मंत्री श्री सिंह से ग्राम को कटान से सुरक्षित कराये जाने के अनुरोध पर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बन्धित ग्रामों हेतु कटान रोधी कार्य का प्रस्ताव तैयार किया जाय। निरीक्षण के उपरान्त गिरिजा बैराज स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में बाढ़ व कटान की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधि.अभि. सरयम नहर ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा को निर्देश दिया कि जनपद में हुई कटान से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध करायें। सिंचाई मंत्री श्री सिंह यह भी निर्देष दिया कि अधि.अभि. गिरिजापुरी बैराज व ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से घाघरा में मिजने वाले नेपाल राष्ट्र के नदी-नालों इत्यादि के विषय गहन अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें। प्रमुख सचिव श्री गर्ग ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाघरा नदी की सिल्ट सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई रजनीकान्त अग्रवाल व बाढ़ खण्ड के श्याम जी चौबे, विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिका तिवारी, नोडल अधि.अधि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार, अधि.अभि. सरयू नहर ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खाद की कमी से किसान परेशान, धक्का-मुक्की एक महिला घायल

हाथरस । उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद में देहात कस्बों में डीएपी खाद की कमी से किसान परेशान हैं। सादाबाद और सहपऊ ब्लॉक की बी-पैक्स समिति पर किसानों की गुरुवार को भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ में धक्का-मुक्की के दौरान एक महिला घायल हो गई और कुछ किसान गिर पड़े।समितियां प्रति बीघा केवल 14 किलो खाद दे रही हैं और अधिकतम तीन कट्टे तक ही खाद दी जा रही है। किसानों का कहना है कि इतनी कम मात्रा में खाद से आलू की पैदावार प्रभावित होगी। उनका मानना है कि क्षेत्र की जमीन को रासायनिक खाद की अधिक आवश्यकता है, क्योंकि जैविक या देसी खाद से पैदावार बहुत कम होती है। नगला सलेम की बी-पैक्स समिति पर भीड़ बढ़ने के बाद सचिव वहां से चले गए। किसानों का आरोप है कि खाद वितरण में भेदभाव किया जा रहा है।एडीओ कोऑपरेटिव सतपाल सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया है कि एक-दो दिन में खाद की आपूर्ति नियमित हो जाएगी और किसी भी समिति पर खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# 16 सितंबर को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपेगा,ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कार्यकारि णी की बैठक बृहस्पतिवार को गांधी पार्क में संपन्न हुई।बैठक में प्रादेशिक आह्वान पर 16 सितंबर को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन डीए म को सौंपने के लिए अंतरिम निर्णय लिया गया है,मांग पत्र ग्रामीण अंचल के पत्रकारों की लड़ा ई के लिए दिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष अनिल त्रिवेदी,महामंत्री किशोर चंद्र जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचल में पत्रकारों के सामने तरह-तरह की समस्याएं होती हैं जिनका समाधान नहीं हो पाता।अब ग्रामीण पत्रकार अपने हक और अधिकार को लेकर सजग हो चुके हैं। सा त सूत्रीय मांग अंतर्गत राज्य मुख्यालय लखन ऊ में शासन की ओर से अन्य संगठनों की तरह कार्यालय हेतु भवन का आवंटन किया जाए जि ससे सुदूर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को रूकने तथा प्रदेश स्तरीय बैठक करने की सम स्या न हो, मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योज ना का लाभ दिया जाए जिससे स्वयं और उनके परिवार कैशलेस इलाज करा सकें,इस योजना में सिर्फ अखबार कार्यालयों में कार्यरत संवाद दाताओं को शामिल किया जाए जिनकी सूची जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है,जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने दंम भरा कहा कि ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए साथ ही लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए,उनकी सूची भी जिला सूच ना कार्यालय के माध्यम से तैयार हो,ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध फर्जी मुकदमे दर्ज करने से पहले पुलिस प्रशासन राज पत्रित अधिकारी से जांच कराया जाए ताकि पत्रकारों का उत्पीड़न रोका जा सके।राज्य, जिला स्तर,तहसील अस्त र,पर मान्यता प्राप्त पत्रकार स्थाई समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसूरों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियति बैठक कराई जाए,शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण पत्र कार एसोसिएशन के सभी संबंधित तहसील अध्यक्षों को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल करना समय की मांग होगी। संचालन कर रहे अखिलेश त्रिपाठी ने 16 सितंबर को अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचने का आह्वान किया गया है। इस मौके पर श्री प्रकाश शुक्ला,दिलीप तिवारी, सुशील दुबे,आकाश श्रीवास्तव,सुशील पांडे, दुर्गेश जायसवाल,आनंद पांडे, ओमकार पांडे,आशीष श्रीवास्तव,इकबाल शाह, महिला जिलाअध्यक्ष खुशबू कनौजिया ज्योति वर्मा अजय शुक्ला,अरुण पाठक आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# निदेशक प्रसार की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र में हुई महत्वपूर्ण बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वितीय में निदेशक प्रसार की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार द्वारा केंद्र द्वारा कराए जा रहे कार्यक्रमों एवं पिछले बैठक में दिए गए सुझाव के कार्यवाही की विस्तृत चर्चा की। इसके उपरांत केंद्र के सभी वैज्ञानिक अपने-अपने विषयों की प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना की विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में बहराइच जनपद के उपनिदेशक कृषि द्वारा प्राकृतिक खेती एवं एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कराए जाने का सुझाव दिया। इसी क्रम में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा सब्जियों की अच्छे गुणवत्ता की नर्सरी उत्पादन पर चर्चा की साथ में जिला गन्ना अधिकारी बहराइच ने सुझाव दिया कि जिले में बायोलॉजिकल लैब की स्थापना की जाए। इसके अलावा पादप सुरक्षा अधिकारी बहराइच, इफको के क्षेत्राधिकारी, आगा खां फाउंडेशन, क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के डॉ नंदन सिंह ने अपने-अपने सुझावों को प्रस्तुत किया। समिति के प्रगतिशील कृषक सदस्यों रामप्रवेश मौर्य, कैलाश नाथ वर्मा, गीता देवी, नरेंद्र वर्मा, गुरनाम सिंह, शिवकुमार सभी ने अपने-अपने सुझावों को प्रस्तुत किया। केंद्र के सभी वैज्ञानिक डॉ पीके सिंह, सुनील कुमार, श्रीमती रेनू आर्य, उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम, डॉ सूर्यबली सिंह के अलावा केंद्र के सभी कर्मचारी जयेश सचान, बृजेश कुमार सिंह तथा उपेंद्र सिंह सभी लोग उपस्थित रहे।

## डिलीवरी ब्वॉय की हत्या में शामिल एक बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर । थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में रहने वाले एक डिलीवरी ब्वॉय की 5 सितम्बर को गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपित एक व्यक्ति को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। इस घटना में आरोपित कुछ अन्य लोगों के बारे में पुलिस जांच कर रही है।पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र के हल्द्वानी गांव में किराए के मकान में रहने वाले डिलीवरी ब्वॉय जितेंद्र और मुबारक के बीच खाना मंगवाने को लेकर आपस में विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि मुबारक ने जितेंद्र की गला दबाकर हत्या कर दी थी, तथा मौके से भाग गया था। इस मामले में मृतक के भाई ने मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही पुलिस ने मुबारक पुत्र सज्जन खान निवासी जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। उसे पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़

**प्राइवेट ऑटो चालकों की मनमानी, क्षमता से अधिक भूसे की तरह भर रहे है बच्चे को**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिव हन विभाग,स्कूल प्रबंधन, परिजन पूरी उदासीन हैं।स्कूली वाहनों के मानकों,नियमों का कोई पालन नहीं कराया जाता है। स्कूली बच्चे ई- रिक्शा,आटो टेम्पो से स्कूल आ जा रहे इसे कोई रोकने टोकने वाला नहीं है।आरटीओ प्रव र्तन के अधिकारी से लेकर टीम तक स्कूली वा हनों की जांच के नाम महज खानापूर्ति तक सी मित है।आए दिन ओवरलोड़ से हादसे हों रहे हैलेकिन फिर भी परिवहन विभाग कुम्भकर्णी नी द से नहीं जाग रहा है।ई- रिक्शा से लेकर प्राइ वेट वैन व टेम्पो संचालक बेखौफ नियमों का खुला उल्लंघन कर स्कूली बच्चों को भूसे की तरह ठूंसकर स्कूल ले जाते और लाते है जिन पर आरटीओ प्रवर्तन टीम की कोई नजर नहीं पड़ती है।ना ही कभी जांचकर धरपकड़ की जा ती है।जबकि बिना परमिट,फिटनेस के वाहनों के अलावा अन्य वाहनों से बच्चों को स्कूल पहुं चाना और लाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है फिर भी आरटीओ टीम की मेहरबानी से नियमों को दरकिनार कर खुलेआम संचालन कर रहे है जो परिवहन विभाग के लिए चुनौती हैं।इन वाहनों पर किसी प्रकार अंकुश नहीं लग रहा है,गुरुवार को भी प्राइवेट टेम्पो और ई-रिक्शा से बच्चे स्कू ल जाते दिखे।ऐसे सैकड़ों प्राइवेट वैन गोण्डा जिले में धड़ल्ले से सड़कों पर चल रहे हैं जो बि ना परमिट,फिटनेस टैक्स दिए स्कूली बच्चों को लेकर फर्राटा भर रहे हैं जिनसे रोजाना दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।इन वाहनों के चालक भी अनाड़ी होते हैं जो हादसों को बढ़ा वा दे रहे हैं।

## बेसहारा पशु बन रहे हादसों का कारण , लोग परेशान



गोंड़ा। शहर के मुख्य चौराहों, गलियों, बाजारों में ये आवारा पशु घूमते रहते हैं, जिसके चलते बा जारों में खरीदारी करने आए ग्राहक व वाहन चालक काफी परेशान हैं।इसके अलावा शहर के दुकानदार भी आवारा पशुओं से काफी दुखी हैं,गौरतलब है कि शहर के बस स्टैंड,सब्जी मंडी जेलरोड, विकास भवन,रेलवे स्टेशन, फैजाबाद रोड आदि जगहों पर तो बेसहारा पशुओं की संख्या इस कदर बढ़ी है कि जहां देखो गाय, बछड़े, सांड इत्यादि पशु इधर-उधर मुंह मारते नजर आते हैं।एक ओर जहां ये बेसहारा पशु आवागमन में दिक्कत बने हैं।वहीं, हादसों को न्यौता भी दे रहे हैं।दोपहिया वाहन चालक एवं बाजारों में विशेषकर बच्चे, बड़े,बूढ़े इन पशुओं का शिकार हो रहे हैं।शहर में बेसहारा घूम रहे पशुओं को लेकर स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।यहां तक कि स्वयं सरकारी कार्यालयों के बाहर भी इन पशुओं का जमावड़ा देखा जा सकता है। भीड़ वाले क्षेत्रों में पशुओं का झुंड सड़क हाद सों का कारण बन रहा है। सड़क पर पड़ी गंदगी के समीप इन पशुओं की संख्या बढ़ रही है।शह र कि सड़को पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा यात्री,कर्मचारियों के लिए भारी परेशानी बना है।

# शिक्षक के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन

**खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षामित्रों को किया गया राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज बहराइच। शिक्षक दिवस पर लोक भवन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह मैं विकासखंड कैसरगंज के प्राथमिक विद्यालय गुलरिया गाजीपुर के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों को सम्मान प्रदान कर शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की है मनोज कुमार सिंह ने विद्यालय में शैक्षिक नवाचार अनुशासन और विद्यार्थियों की सर्वोच्च प्रगति के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं उनकी निष्ठा और परिश्रम से विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता नई ऊंचाइयों तक पहुंची है सम्मान प्राप्त करने के बाद भावुक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पुरस्कार केवल मेरा नहीं बल्कि पूरे विद्यालय और शिक्षा जागरूक समाज का है मुख्यमंत्री जी के हाथों से सम्मानित होना मेरे लिए गर्व का क्षण है यह सम्मान मुझे और अधिक समर्पण के साथ शिक्षा सेवा के लिए प्रेरित करेगा इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा की मनोज कुमार सिंह का यह सम्मान न केवल विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव शाली है बल्कि समाचीयर शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है यह उपलब्धि शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्साहित करेगी इस सम्मान के समाचार से क्षेत्र वासियों और शिक्षा जगत में हर्ष और गौरव की लहर सी दौड़ पड़ी है वहीं दूसरी ओर शिक्षा दिवस के अवसर पर ब्लॉक संसाधन केंद्र कैसरगंज के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के शिक्षकों व शिक्षामित्र को उनके उत्कृष्ट कर और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

# अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारक कराये अपना ई-केवाईसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि आयुक्त महोदय, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा निर्देशित किया गया है कि उ0प्र0 शासन द्वारा ऐसे सभी राशन कार्ड लाभार्थियों, जिनकी ई-केवाईसी अभी तक नहीं करायी गयी है, को आगामी 03 माह तक खाद्यान्न दिया जाना निलम्बित कर दिया गया है तथा इस प्रकार ऐसे गैर-ई-केवाईसी वाले लाभार्थियों को माह सितम्बर 2025 में 10 सितम्बर 2025 से प्रारम्भ होने वाले खाद्यान्न वितरण चक्र से आगामी 03 माह तक खाद्यान्न नहीं दिया जायेगा। जैसे उक्त राशन कार्ड लाभार्थियों द्वारा अपना ई-केवाईसी करा लिया जायेगा, उन्हें आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त होने लगेगा।उन्होनें बताया कि जिन परिवारों के नये राशन कार्ड निर्गत हुए है उनके प्रत्येक सदस्य को अनिवार्य रूप से अविलम्ब ई-केवाईसी कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में उक्त नये निर्गत राशन कार्डों पर ई-केवाईसी न होने के कारण उन्हें खाद्यान्न दिया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

# नानपारा अधिवक्ता संघ में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन नानपारा में वर्ष 2025-26 के लिए शपथ आयुक्त पदों पर निर्वाचित अधिवक्ताओं को न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय नानपारा अरुण यादव द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर दायित्व ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर शपथ आयुक्त मंत्री पद पर ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष पद पर अजय श्रीवास्तव तथा ऑडिटर पद पर फैजान अहमद को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीती 26 अगस्त को संपन्न हुए चुनाव में 115 मतदाताओं में से 110 ने मतदान किया था। इसमें ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने 65 मत पाकर मंत्री पद पर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंदी अभिषेक दूबे को 44 मत मिले और एक मत अवैध रहा। वहीं अध्यक्ष पद पर अजय श्रीवास्तव एवं ऑडिटर पद पर फैजान अहमद का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधिकारी श्री यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जीत की बधाई देते हुए बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएँ दीं। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रूप नारायण जायसवाल ने किया। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी सूर्य बख्स सिंह, आलोक विश्वकर्मा व तुषार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। नवनियुक्त मंत्री ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में रमेश पाठक, चतुर्भुज सहाय श्रीवास्तव, ओम प्रकाश वर्मा, निर्मल श्रीवास्तव, धीरेन्द्र सिंह सेंगर, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, वीरेंद्र वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे

# भाजपा सरकार सिर्फ़ लोगों को आपस में लड़ाने का काम किया प्रदेश का किसान-नौजवान परेशानः राजकुमार राजू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरनपुर के ग्राम लुकटिहाई,गाँव में पीडीए जनपंचायत का आयोजन किया गया।इस दौरान जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि ''भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण पिछ्डों,दलित व अल्पसख्यकों का विकास नहीं हो पा रहा है।किसान-नौजवान परेशान व दुःखी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय सिर्फ़ जुमलेबाजी चल रही है।उन्होंने कहा विभिन्न संस्थानों में खाली पड़े पदों पर भर्तियां बन्द हैं पढ़ा-लिखा नौजवान बेकारी का दंश झेल रहा है।उन्होंने आगामी चुनाव में समाजवादी को भारी मतों से जिताने की अपील किया भाजपा सरकार सिर्फ़ लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है भाजपा सरकार दलितों,पिछड़ों व अल्पसख्यकों की सबसे बड़ी दुश्मन है।पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव एव पूर्व विधायक अरशद खा ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है।उन्होंने कहा कि अगर आगामी चुनाव में भाजपा को नहीं रोका गया तो अल्पसख्यकों,पिछ्डों व दलितों का कॉफी नुकसान होगा पिछड़ों,दलितों व अल्पसख्यकों की सही मायने में हितैषी समाजवादी पार्टी ही है।इस अवसर पर मुख्य रूप से सतीश वर्मा,प्रधान बद्रीनाथ, महिला सभा अध्यक्ष मीता सिंह,अनिल शर्मा,ओम शर्मा,कल्याण सिंह सरोज आदि ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से भगवानदीन वर्मा,रजनीश यादव ,अनिल भारती,ओमकार भारती,प्रशांत अवस्थी.बद्री प्रसाद वर्मा.रमेश वर्मा. मनोज वर्मा. भजनलाल वर्मा. जमील अहमद. दिनेश वर्मा. राजा राम वर्मा. ओम वर्मा.लाला कश्यव. लवी यादव. शिवकुमार वर्मा.पुष्पा देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।

# धनपाला विद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया शास्त्रीय नृत्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के कैथागांव स्थित धनपाला मेमोरियल स्कूल में गुरुवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविध शैलियों पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनकी लय, ताल और भाव-भंगिमा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।अभिभावकों ने भी बच्चों की मेहनत और प्रस्तुति की सराहना करते हुये विद्यालय परिवार को बधाई दी।मंच पर सुप्रसिद्ध मोहन वीणा (सात्विक वीणा) वादक पंडित सलिल भट्ट जी तथा तबला पर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार कौशिक कौंवर की संगत ने पूरे वातावरण को दिव्य और संगीतमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने सभी को अदभुत आनंद और गर्व का अनुभव कराया।पंडित सलिल भट्ट जी, महान वीणा वादक और 'ग्रैमी अवॉर्ड' से सम्मानित पंडित विश्वमोहन भट्ट जी के सुपुत्र हैं।वे 'सात्विक वीणा' के आविष्कारक एवं विश्वविख्यात वादक के रूप में पहचाने जाते हैं। उन्हें अपनी अद्वितीय वादन शैली और संगीत साधना के लिये देश विदेश में अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुये हैं। उन्होंने यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया सहित विश्व के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर भारत की शास्त्रीय संगीत परंपरा को गौरवपूर्वक प्रस्तुत किया है।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अविनाश मिश्रा ने पंडित सलिल भट्ट जी और कौशिक कौंवर जी का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय कला से जोड़ते हैं तथा उनमें संगीत और नृत्य के प्रति गहरी समझ और रुचि पैदा करते हैं।यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों के लिए एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक अनुभव सिद्ध हुआ जिसने बच्चों में कला एवं संस्कृति के प्रति नई चेतना और प्रेरणा का संचार किया। इस मौके पर उपमेश उपाध्याय, प्रतीक्षा शुक्ला,मंजू सिंह,ज्योति पाण्डेय, सौम्या श्रीवास्तव, पवन शर्मा,आशीष मिश्रा,सौरभ श्रीवास्तव,संजना, तुलसा देवी,शुभम सिंह, प्रवीण तिवारी,प्रत्यूष शुक्ला सहित अन्य तमाम शिक्षक एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

# ई रिक्शा की चार्जिंग में विद्युत चोरी नही होनी चाहिये : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**डीएम ने वाहनों की फिटनेस जांच और परिवहन सुरक्षा को लेकर दिया सख्त निर्देश**

**यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाय**

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिये गये निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा किया तथा जनपद में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई के सम्बंध में जानकारी ली एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत,एआरटीओ, यातायात विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जनपद में अवैध एवं अपंजीकृत रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि ई रिक्शा चार्जिंग को लेकर कहीं पर भी विद्युत चोरी ना हो और वैद्य कनेक्शन से ही ई रिक्शा चार्ज किये जाय।डीएम ने स्कूलों में संचालित वाहनों के फिटनेस जांच एवं परिवहन के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से स्कूलों में संबंध वाहनों की फिटनेस व पेपर आदि की जांच की जाये साथ ही स्कूली वाहनों में क्षमता से ज्यादा छात्रों की जांच भी करें यदि किसी विद्यालय द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहनों में बैठाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें साथ यह भी सुनिश्चित कराएं कि सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगा हो। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़कों नेशनल हाईवे, एक्सप्रेसवे पर होने वाली दुर्घटनाओं पर असंतोष व्यक्त किया एवं संबंधित अधिकारियों को सभी हाईवे, एक्सप्रेसवे, सड़कों पर साइनेज बोर्ड, आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर, निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगवाने को कहा तथा जो अनाधिकृत रूप से कट हो उनको बंद करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने के उददेश्य से एआरटीओ व यातायात विभाग को संयुक्त रूप से नियमित अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने तथा नियमों का पालन न करने वालों के चालान आदि करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार, रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा आयुर्वेदिक यूनानी कार्यालय का बाबू

पीलीभीत। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी रजा उल हसन खान ने निदेशक आयुर्वेदिक यूनानी तिब्बती चिकित्सा निदेशालय लखनऊ को भेजे पत्र ने कहा कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय पीलीभीत में अपना पंजीकरण कराया था। पीड़ित द्वितीय वर्ष के पंजीकरण का नवीनीकरण कराने कार्यालय पहुंचा तो वहां की डीओ मीरा वर्मा ने कहा कि हमारे पास बीएनवाईएस के रजिस्ट्रेशन करने का कोई आदेश नहीं आया है। इसलिए इसका रजिस्ट्रेशन नहीं होगा पीड़ित ने जानकारी के उद्देश्य से दिसंबर 2024 को कार्यालय पहुंचा तो वहां के बाबू संदीप सिंह मौर्य ने कहा कि इसका नवीनीकरण नहीं होगा पहले आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बती चिकित्सा बोर्ड लखनऊ उत्तर प्रदेश से कराना होगा इसके लिए 3525 रुपए इसका शुल्क ?25000 अलग से देने के लिए कहा कि वह विश्वविद्यालय के बीएनवाईएस का रजिस्ट्रेशन होता है। बोर्ड के बीएनवाईएस के रजिस्ट्रेशन अभी नहीं हो रहे हैं। मैं खुद जाकर करा दूंगा काफी समय तक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ तब पीड़ित ने काफी बार बाबू को फोन किया पहले तो पैसे वापस करने को बाबू कहता रहा बाद में फोन उठाना बंद कर दिया पीड़ित ने जब घर पैसे मांगने पहुंच तव बाबू गाली गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया कहने लगा जो करना है। कर लो मैं किसी से नहीं डरता हूं।

# विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।विश्व हिंदू रक्षा परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर यशवंत सिंह का गुरुवार को प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए उत्सव जैसा अवसर बन गया। इस मौके पर एक विशाल रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मोटरसाइकिल और कारों के काफिले के साथ निकली रैली ने पूरे शहर का माहौल जोश और ऊर्जा से भर दिया।ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से हुआ स्वागत रोड शो का शुभारंभ जेपी होटल से किया गया, जो आसाम चौराहा, ओवरब्रिज, डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा और गोनिया चौराहा होते हुए नकटा दाना चौराहा पर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप, फूलों की वर्षा और आतिशबाजी के बीच जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।नकटा दाना चौराहा पर आयोजित सभा में ठाकुर यशवंत सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। यदि सभी मिलकर कार्य करेंगे तो संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।युवाओं से सक्रिय योगदान की अपील सभा में परिषद के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधन करते हुए संगठन की नीतियों और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से समाजहित और हिंदुत्व की रक्षा में सक्रिय योगदान देने की अपील की।भारी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद।कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला महामंत्री गोपाल शर्मा, प्रभारी आशीष लोधी, जिलाध्यक्ष गौरव राना, जिला संगठन मंत्री शुभम सक्सेना, जिला महामंत्री सूरज वर्मा, जॉली गुप्ता, आशुतोष महाराज, विनोद कश्यप, पवन राजपूत, अजय राजपूत, बंटी गुप्ता, मनोज वर्मा, नागेंद्र राठौर, ऋषभ पांडेय, अनूप मिश्रा, शैलेन्द्र गंगवार, गगन विश्वकर्मा, बिल्लू और अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जयकारों से गूंजती सड़कों ने शहर को उत्सव के माहौल में बदल दिया। कार्यकर्ताओं का मानना है कि ठाकुर यशवंत सिंह के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

## नगर पालिका में बोर्ड की बैठक का हुआ आयोजन मुख्य

पूरनपुर। बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद पूरनपुर सभागार में अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा करके सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुए।जैसे जीआईएस सर्वे, भवन मानचित्र के शुल्क पर बढ़ोतरी पर विचार, जिसमें अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को बताया गया कि नगर क्षेत्र के नक्शा को विनियमित क्षेत्र का प्रस्ताव शासन को पूर्व में भेजा जा चुका है। अध्यक्ष महोदय के द्वारा आदेशित हुआ कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत डीपीआर प्रकाश व्यवस्था एवं सड़क के लिए भेजी जाये तथा समस्त वसूली कर्ताओं को स्वकर प्रणाली के अंतर्गत पुनः गृह कर की सर्वे करने को निर्देशित किया गया।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, लेखाकार दिनेश भारती, सभासद उर्मिला देवी, सूरज बाथम, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विकास गुप्ता, शाहजहाँ बेगम, राजेश कुमार, सूबेजहाँ बेगम, गौरव कुमार, नेहा, नुसरत परवीन, रोहित मिश्रा, नादिर रज़ा, सुशील कुमार गुप्ता, शराफत अली, अनुज कुमार गुप्ता, मो. मियां व नगर पालिका कर्मचारी गण उपस्थित रहे।बोर्ड बैठक के दौरान पूर्व अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के सुपुत्र सिद्धांत मिश्रा एवं राममूर्ति खंडेलवाल की धर्म पत्नी शांता खंडेलवाल के निधन पर 2 मिनट का शोक रख कर बैठक का समापन किया गया हैं।

## पुलिस ने स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने पचानबे ग्राम स्मैक के साथ बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार वकार उर्फ चाइना पुत्र लड्डन निवासी चौधराना थाना जायस एवं गुलजार पुत्र सईद अहमद निवासी हटिया जेर मस्जिद थाना जायस को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में वकार उर्फ चाइना के कब्जे से पचपन ग्राम स्मैक एवं अभियुक्त कैफ को कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद किया गया।मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सके जिसे एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया गया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## अपराध गोष्ठी में एसपी ने अपराधों पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को अपराध पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, अखिलेश वर्मा, दिनेश कुमार मिश्र, श्वेताभ भास्कर व जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगशत को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल हेल्थ कैंप लगा कर दवाई वितरण कर रही एएनएम

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिरया बरगदिया सहित ध्रुव कालोनी में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया है। इस कैम्प में बाढ़ पीड़ितों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई हैं।कैम्प में बाढ़ प्रभावित लोगों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। मेडिकल कैम्प में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की जा रही हैं।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एएनएम जितेंद्र कौर अपनी टीम के साथ लगातार कार्य कर रही है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं।

## कार मिस्त्री पर जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा लाइन पार निवासी वाहिद पुत्र मोहम्मद शरीफ ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा की कुछ दिन पूर्व मेरा भाई साजिद जो की कार मिस्त्री है। चार पहिया वाहन से मोहल्ला साहूकारा लाइन पार स्थित कुरेशियांन मस्जिद होते हुए अपने घर आ रहा था। घर पहुंचने से पहले ही जब मेरे भाई ने कार खड़ी की तभी पहले से ही घात लगाए मोहल्ले के ही चाद खा पुत्र कल्लू, नाजिम पुत्र छोटे, उवैस पुत्र छोटे निवासी वार्ड नंबर 16 कल्लू सोयब पुत्र उस्मान निवासी मोहल्ला साहूकारा लाइन पार वार्ड नंबर 12 सभी ने एक राय होकर मुझे गंदी-गंदी गालियां देने लगे मना किया तो उक्त लोगों ने की कार यहां से हटा लो जब मैं इस बात का विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इन लोगों के हाथों में डंडे चाकू धारदार था।जिससे हमला कर दिया हमले में मेरी नाथ कट गई मेरी नाक से काफी खून निकला आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो उपरोक्त हमलावर भाग गएऔर जाते जाते सभी को जान से मारने की धमकी दे गए।जिसका वीडियो भी मौजूद है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# पुराना गुरुद्वारा, लखनऊ नाका प्रकरण पर प्रशासन सुस्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**विधायक ने लिखा अब सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र**

**मामले की उच्चस्तरीय जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग**



सुलतानपुर। विदित हो कि नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के लखनऊ नाका पर सैकड़ों वर्षों से स्थित ऐतिहासिक उदासीन संगत आश्रम पुराना गुरुद्वारा नया अखाड़ा की बेशकीमती करोड़ों की संपत्ति को समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी उर्फ राजू पुत्र स्व. सूर्यप्रकाश, संतोष चौधरी पुत्र स्व. गुलाबचंद्र निवासीगण पुरानी हनुमानगढ़ी लखनऊ नाका थाना कोतवाली नगर सुल्तानपुर व आलोकनाथ अग्रहरि पुत्र स्व. बृजकुमार निवासी गभडिया आदि लोगों द्वारा फर्जी बैनामे करके विक्रय करने का आरोप लगा था जिसकी जांच होने पर राजस्व निरीक्षक नगर की रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि उपरोक्त सभी 9 बैनामे गुरुद्वारा पंजाबी सिख नानकशाह के स्वामित्व वाली भूमि व मकान का हुआ है जिसमें गुरुद्वारे के किरायेदार कई दशकों से आवासित हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि उपरोक्त सभी रजिस्ट्री, दानपत्र विलेख, बिल्डर एग्रीमेंट तथ्यों को छुपाकर किया गया है।

बीते 6 अगस्त 2025 को धर्मेंद्र चौधरी, संतोष चौधरी, लोकनाथ अग्रहरि, फतेहपुर संगत आश्रम के गद्दी महंत बाबा धर्मप्रकाश, बाबा शीतलदास, अक्षांश अग्रहरि, ओपी यादव समेत अन्य 10 अज्ञात लोगों पर गुरुद्वारे पर अवैध कब्जे करने के प्रयास में नगर कोतवाली में दर्ज हुआ था मुकदमा। दिनांक 8 अगस्त 2025 की पैमाईश की रिपोर्ट में गुरुद्वारा वर्तमान में 0.0791 हे. यानी लगभग साढ़े 6 बिस्वा में स्थित है, जिसका क्रय विक्रय 1597/6 के सहखातेदारों धर्मेंद्र चौधरी, संतोष चौधरी व आलोकनाथ अग्रहरि द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सुल्तानपुर विधायक/पूर्व मंत्री विनोद सिंह की द्वारा सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कार्यवाही करने की बात कही है।

## डीएम कार्यालय के बाबू ने युवक से की अभद्रता

सुल्तानपुर। जिलाधिकारी कार्यालय के आईजीआरएस विभाग में बीते दिन हंगामे का माहौल बन गया। जयसिंहपुर गडौली निवासी अंकित विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि मार्च माह में उन्होंने सम्बन्ध प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी उसका निस्तारण नहीं हुआ। अंकित विश्वकर्मा का कहना है कि वह दोपहर करीब 1 बजे विभाग में पहुंचे और जिम्मेदार कर्मचारी अनूप गुप्ता से मामले के निस्तारण की गुहार लगाई। युवक ने बताया कि वह लखनऊ में नौकरी करता है और सिर्फ एक दिन की छुट्टी पर घर आया है, इसलिए जरूरी काम जल्द निपटाना चाहता था। लेकिन कर्मचारी ने उसे डांटते हुए कहा ख5 बजे आना। युवक का आरोप है कि दोबारा विनती करने पर अनूप गुप्ता भड़क गए और अपशब्द कहते हुए बोले ख्क्या मैं तुम्हारे बाप का नौकर हूं?ख इतना ही नहीं, उन्होंने युवक को कार्यालय से बाहर भगा दिया। घटना के बाद कार्यालय में मौजूद अन्य लोग भी सकते में रह गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी दफ्तरों में इस तरह का व्यवहार आम हो चला है। वहीं, पीड़ित युवक ने पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने की बात कही, लेकिन मामला तूल पकड़ता देख करीब शाम 6 बजे प्रमाण पत्र जारी हुआ ।

# किसान नेताओं की हुई पंचायत मांगे पूरी न होने पर एसपी कार्यालय पर देंगे धरना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक कि महत्वपूर्ण पंचायत कृषि भवन पीलीभीत में जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया पंचायत में बरेली मंडल के मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह राठी बरेली,बरेली जिला अध्यक्ष तेजपाल गंगवार, जिला सचिव अखिलेश यादव उर्फ कपिल यादव उपस्थित रहे है।पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि थाना माधोटांडा में निर्दोष किसानों पर जो झूठें फर्जी मुकदमे पंजीकरण है। उनको तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दिनांक 25 सितंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक पीलीभीत कार्यालय पर आंदोलन करेगी। आंदोलन में जनपद बरेली, बदायूं, पीलीभीत,शाहजहांपुर, लखीमपुर,रामपुर आदि जनपदों से भारी संख्या में आंदोलन में भाग लेंगे।जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होंगी।इस मौके पर चंद्रसेन ब्लॉक अध्यक्ष मरौरी, ज्वाला प्रसाद तहसील अध्यक्ष सदर, शिव स्वरूप, हरे राम, पूरन लाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

# टीईटी अनिवार्यता आदेश से शिक्षक समाज में संकट: प्रदेशव्यापी संघर्ष की तैयारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी (ज्म्ज्) अनिवार्य रूप से लागू करने के आदेश के बाद पूरे देश के शिक्षक समुदाय में गहरी निराशा और तनाव का माहौल व्याप्त है। इस निर्णय के परिणामस्वरूप लगभग दस लाख शिक्षक अपनी आजीविका के संकट से जूझ रहे हैं। शिक्षकों के बीच मुख्य चर्चा यह है कि जब उन्होंने शासन द्वारा जारी अधिसूचना के सभी मानदंड पूर्ण कर नियुक्ति पाई थी, तब सेवा के मध्य में टीईटी परीक्षा देना कितना उचित है। क्या ऐसी व्यवस्था अन्य सरकारी उपक्रमों व विभागों में भी लागू की जाती है? उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा ने प्रदेशभर के साथ-साथ अन्य राज्यों के शिक्षकों को भी इस संकट से बचाने का आश्वासन देते हुए व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने शिक्षक भवन, लखनऊ में जिलाध्यक्षों, मंत्रियों की आपात बैठक आहूत कर संघर्ष की रणनीति पर चर्चा की। डॉ. शर्मा ने शिक्षकों के बीच जनजागरण का आह्वान करते हुए संयमित संघर्ष में शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। प्रदेश में करीब दो लाख नॉन टीईटी शिक्षक इस आदेश से प्रभावित हो रहे हैं। इसको लेकर डॉ. शर्मा ने जिलाध्यक्षों से टीईटी, नॉन टीईटी, बीटीसी, विशिष्ट बीटीसी, प्रशिक्षणमुक्त, इंटर पास, उर्दू मुअल्लिम आदि श्रेणियों का विस्तृत डाटा 12 सितंबर तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि प्रभावित शिक्षकों की सही संख्या का आंकलन हो सके। इसके अतिरिक्त, 16 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। उसके बाद चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

# बेहाल नेपाल

नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन लगाने के बाद उग्र हुआ आंदोलन आखिरकार संवैधानिक संकट में बदल गया और सरकार गिरने का कारण बना। यहां तक कि मंत्रियों के बाद प्रधानमंत्री के.पी. ओली तक को इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा। उग्र युवाओं ने संसद, सुप्रीम कोर्ट, मंत्रियों के आवास व कुछ मीडिया हाउस को भी निशाना बनाया। भले ही तात्कालिक रूप से सोशल मीडिया पर बैन को हिंसा की वजह बताया जा रहा हो, लेकिन यह प्रतिक्रिया तात्कालिक नहीं थी। युवाओं की दशकों की हताशा और राजनीतिक कदाचार, काहिली व निरंकुशता के चलते गुस्सा नेपाल की सड़कों पर लावा बनकर फूटा है। नेपाल सरकार की सख्ती से आंदोलनकारियों के दमन ने आग में घी का काम किया। नेपाल की राजनीति में अवसरवाद व राजनीतिक अस्थिरता ने भी सरकारों के प्रति युवाओं के आक्रोश को बढ़ाया है। विडंबना देखिए कि 17 बरसों में यहां 14 सरकारें बन चुकी हैं। बहरहाल इस हिंसक प्रतिकार में 19 से अधिक युवाओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। दरअसल, शुरुआत में सोशल मीडिया साइटों पर एक विवादास्पद प्रतिबंध ने युवा नेतृत्व वाले जेन-जेड समूह के गुस्से को भड़का दिया। यह समूह सत्ता के शीर्ष पदों पर कथित भ्रष्टाचार और उनकी संतानों के विलासी जीवन के खिलाफ अभियान चला रहा था। इस युवा ब्रिगेड ने लोकप्रिय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके दावा किया कि मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की संतानों की फिजूलखर्ची भरी जीवनशैली अवैध धन-दौलत की बदौलत है। इस पोल-खोल अभियान से घबरायी सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का असफल प्रयास किया। सरकार का यह दांव उस पर ही उलटा पड़ा और सरकार की ही विदाई हो गई। हालांकि, युवाओं का आक्रोश देखते हुए सरकार ने प्रतिबंध हटाने की घोषणा की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वैसे इस आंदोलन के दौरान जिस तरह हिंसा, आगजनी व तोड़फोड़ हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण ही कही जाएगी। युवाओं की हिंसक भीड़ ने मंगलवार को संसद, सर्वोच्च न्यायालय, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और मंत्रियों के घरों को निशाना बनाया। दरअसल, आंदोलनकारी शासन व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन और भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे हैं। उनकी मांग रही कि सोमवार को पुलिस गोलाबारी में हुई मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा दी जाए। अराजकता और अव्यवस्था के बीच, काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर, बालेन शाह, एक प्रभावशाली हितधारक के रूप में उभरे हैं। इस पैंतीस वर्षीय पूर्व रैपर ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन का समर्थन करके जेन-जेड का विश्वास जीता है। उन्होंने संसद भंग करने की मांग की है। जिसके बाद सैन्य अधिकारियों और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत हुई। निस्संदेह, मौजूदा वक्त में सेना की बड़ी भूमिका होने के बाद अब उसके व सुरक्षा एजेंसियों के लिये तात्कालिक चुनौती अस्थिर स्थिति पर नियंत्रण और सामान्य स्थिति को बहाल करने की होगी। आने वाले दिनों में व्यवस्थागत सुधारों के रोडमैप पर चर्चा के साथ बातचीत के जरिये संकट का समाधान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। दरअसल, ओली और उनके पूर्ववर्तियों की नीतियों की विफलता ने युवाओं में निराशा व मोहभंग को बढ़ावा दिया है। वहीं इस उथल-पुथल के मूल में नेपाली अर्थव्यवस्था का संकट भी है, जो पर्यटन और प्रवासी नागरिकों द्वारा भेजी जाने वाली रकम पर निर्भर रही है। विडंबना यह है कि इन दोनों स्रोतों में पिछले वर्षों में कमी आई है। बेरोजगारी दर का बीस फीसदी के आसपास होना युवाओं के आक्रोश को तार्किक बनाता है। दरअसल, सरकार युवाओं की उम्मीदों की कसौटी पर खरा उतरने में नाकाम ही रही है। आये दिन नेताओं द्वारा किए जाने वाले वायदों से खिन्न युवा धरातल पर बदलाव देखना चाहते हैं। बहरहाल, मौजूदा उथल-पुथल ने नेपाल को एक नई शुरुआत करने का अवसर जरूर दिया है। वहीं भारत के लिये भी यह सचेतक घटनाक्रम है कि उसके पड़ोस में श्रीलंका, बांग्लादेश के बाद नेपाल में जनाक्रोश में विदेशी जमीन से संचालित सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका रही है।

# अनिश्चित भविष्य एवं आभासी दुनिया से दुःखी युवापीढ़ी

**पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरुआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी, मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है, जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं, जैसे रोजगार की असुरक्षा, भविष्य की अनिश्चितता, कार्यस्थलों का दबाव, प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं। आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं।**

पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों, उनमें बढ़ रहे तनाव एवं दुःखों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम-जनजीवन में भी युवकों की स्थिति, उनके सपने, उनके जीवन लक्ष्य आदि पर चर्चाएं हो, अन्यथा युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन के स्थान पर हिंसा-आतंक-विध्वंस की स्थितियां विकराल होती जायेगी, जैसाकि नेपाल में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरुआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी, मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है, जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं, जैसे रोजगार की असुरक्षा, भविष्य की अनिश्चितता, कार्यस्थलों का दबाव, प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं। आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं। देर रात तक स्क्रीन से चिपके रहना उनकी नींद और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर रहा है। आभासी मित्रता और लाइक्स की दुनिया में उन्हें वास्तविक संबंधों की गर्मजोशी नहीं मिल पाती। संवाद की जगह इमोजी ले लेते हैं और भावनाओं का स्थान कृत्रिम पोस्ट। परिणामस्वरूप वे वास्तविक सामाजिक जीवन से कटते जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जब इंसान अपने मित्रों, परिवार और समाज के साथ आमने-सामने संवाद करता है, तो तनाव कम होता है। कृतज्ञता का भाव मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। परंतु डिजिटल आभामंडल में जीने वाला युवा जब अपनी तुलना लगातार दूसरों की सफलता और भौतिक समृद्धि से करता है, तो उसमें हीनभावना और निराशा जन्म लेती है। यही निराशा कई बार आक्रोश और हिंसा का रूप ले लेती है। सवाल यह है कि मानसिक तनाव का सीधा रिश्ता हिंसा से कैसे जुड़ रहा है। दरअसल, जब कोई व्यक्ति भीतर से असुरक्षित, असंतुष्ट और हताश होता है तो उसकी ऊर्जा रचनात्मकता की बजाय विध्वंसक रास्ते पकड़ लेती है। जिन युवाओं को उचित दिशा, रोजगार और सामाजिक मान्यता नहीं मिल पाती, वे गुस्से में समाज के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। यही गुस्सा कई बार सामाजिक अशांति, अपराध और दंगों के रूप में सामने आता है। यह वैश्विक ट्रेंड केवल पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और विशेष रूप से नेपाल में हालिया परिदृश्य इसका उदाहरण है। नेपाल में पिछले महीनों हुए दंगे, हाल की युवाक्रांति और युवा आंदोलनों ने इस सच्चाई को सामने ला दिया कि निराशा से भरे युवाओं की ऊर्जा किस तरह हिंसा और अराजकता का रूप ले सकती है। नेपाल का इतिहास ही युवा आंदोलनों से भरा रहा है। राजतंत्र से लोकतंत्र और फिर लोकतांत्रिक अस्थिरता के बीच युवा हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं। हाल ही में नेपाल में हुए दंगों और विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में भी युवा ही थे। नेपाल के युवा लंबे समय से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। वहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 30 वर्ष से कम आयु का है, लेकिन रोजगार और अवसरों की कमी उन्हें या तो प्रवासी मजदूरी की ओर धकेल रही है या फिर हिंसक आंदोलनों की ओर। सोशल मीडिया इस असंतोष को और हवा दे रहा है। एक तरफ वहां पर नई राजनीतिक चेतना के स्वर सुनाई देते हैं, दूसरी तरफ यह चेतना जब रचनात्मक दिशा नहीं पाती तो दंगे, हिंसा और अराजकता का रूप ले लेती है। नेपाल के हालिया आंदोलन यह भी बताते हैं कि युवा सिर्फ रोजगार और आर्थिक अवसर ही नहीं चाहते, वे सामाजिक न्याय, ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन और राजनीतिक स्थिरता की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों को अनसुना किया जाता है, तो वही आक्रोश सड़क पर हिंसा के रूप में फूट पड़ता है। यदि हम नेपाल की घटनाओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह सिर्फ एक देश की समस्या नहीं है। यह उस वैश्विक संकट की झलक है जिसमें पूरी दुनिया की युवा पीढ़ी फंसी हुई है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में भी 2016 के बाद से चालीस वर्ष से कम उम्र के युवाओं में अवसाद और चिंता बढ़ी है। एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में रोजगार की असुरक्षा ने युवाओं को और हताश किया है। तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रयोग ने श्रम आधारित रोजगार के अवसर सीमित कर दिए हैं। नेपाल उसी वैश्विक प्रवृत्ति का एक प्रतिरूप है जहां निराशा और तनाव ने हिंसा का रूप ले लिया है। युवाओं के दुख, तनाव और हिंसा की प्रवृत्ति को केवल नीतियों या आर्थिक सुधारों से नहीं रोका जा सकता। इसके लिए बहुस्तरीय प्रयासों की जरूरत है। युवाओं को आभासी जीवन से बाहर लाने और वास्तविक संवाद व संबंधों की ओर प्रेरित करना होगा। सरकारों को युवाओं के लिए स्थायी और सुरक्षित रोजगार के अवसर सृजित करने होंगे। शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य पर भी केंद्रित करना जरूरी है। अवसाद और चिंता को कलंक की बजाय सामान्य समस्या मानकर परामर्श सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी। युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी में लगाना होगा ताकि उनकी निराशा हिंसा की ओर न मुड़े। युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न करने होंगे। युवा पीढ़ी किसी भी समाज का भविष्य होती है। लेकिन जब यही पीढ़ी दुख, तनाव और हिंसा के दुष्चक्र में फंस जाती है तो समाज का भविष्य ही संकटग्रस्त हो जाता है। युवा सपनों को आकार देने का अर्थ है सम्पूर्ण मानव जाति के उन्नत भविष्य का निर्माण। यह सच है कि हर दिन के साथ जीवन का एक नया लिफाफा खुलता है, नए अस्तित्व के साथ, नए अर्थ की शुरूआत के साथ, नयी जीवन दिशाओं के साथ। हर नई आंख देखती है इस संसार को अपनी ताजगी भरी नजरों से। इनमें जो सपने उगते हैं इन्हीं में नये समाज की, नयी आदमी की नींव रखी जाती है। नेपाल के हालिया दंगे इस खतरे की चेतावनी हैं। यह सिर्फ नेपाल का प्रश्न नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का प्रश्न है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम युवाओं को केवल सपने ही न दिखाएँ, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जूझने का संबल दें। असीमित आकांक्षाओं और कठोर यथार्थ के बीच संतुलन स्थापित करना ही मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक शांति की कुंजी है। यदि हम यह संतुलन नहीं बना पाए, तो युवा आक्रोश न केवल दंगों और हिंसा का कारण बनेगा बल्कि पूरी सभ्यता की स्थिरता को चुनौती देगा एवं महाविनाश का कारण बनेगा। - ललित गर्ग

# सामाजिक विषमताएं बनाम देश का आर्थिक विकास

**संजीव ठाकुर**

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक,आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में विषमताओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं।

## सेहत मंत्र

# गुड़ से सिर्फ मिठास ही नहीं, सेहत को कई गुणकारी लाभ भी मिलते हैं

अक्सर लोग घरों में किसी भी चीज में मीठे का प्रयोग करने के लिए चीनी को ही प्राथमिकता देते हैं। पर वास्तव में चीनी स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी हितकर नहीं मानी जाती। यहां तक कि चीनी की तुलना जहर से की जाती है। ऐसे में अगर आप अपनी किसी भी चीज का जायका बढ़ाने के लिए एक हेल्दी ऑप्शन ढूंढ रहे हैं तो गुड़ का सेवन किया जा सकता है। यह एक ओर हेल्दी होता है तो वहीं दूसरी ओर, कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इतना ही नहीं, जब इसका प्रयोग भोजन में किया जाता है तो व्यंजन का स्वाद ही पूरी तरह बदल जाता है। तो चलिए जानते हैं गुड़ के कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में? बहुत से लोग भोजन के बाद गुड़ खाना पसंद करते हैं। अगर आप भी ऐसा ही करते हैं तो समझ लीजिए कि आपको पाचन संबंधी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। दरअसल, गुड़ में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो पेट की सभी समस्याओं को दूर करता है। जिसके कारण व्यक्ति को पेट में गैस, पेट में दर्द, अपच या कब्ज आदि तकलीफें नहीं होतीं। वहीं अगर आपको भोजन के बाद खट्टी डकारें आ रही हैं तो गुड़ का सेवन, सेंधा नमक और काला नमक डालकर करें। जिन लोगों को हमेशा ही उच्च रक्तचाप की समस्या रहती है, उन्हें विशेष रूप से गुड़ को भोजन में शामिल करना चाहिए। ऐसा करने से आपका ब्लड प्रेशर नियंत्रण में रहेगा और आप कई तरह की समस्याओं से आसानी से बचे रहेंगे। हड्डियों को लम्बे समय तक फिट बनाए रखने के लिए शरीर में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम होना आवश्यक है। गुड़ में भी कैल्शियम व फास्फोरस प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए अगर इसका सेवन किया जाए तो हड्डियों में कमजोरी व दर्द की समस्या उत्पन्न नहीं होती। वहीं जिन लोगों को पहले से ही ज्वाइंट पेन है, वह भी गुड़ को अदरक के साथ खाएं। नियमित रूप से गुड़ व अदरक के सेवन से आपको कुछ ही दिनों में फर्क नजर आएगा।

## धर्म मंत्र

# बारसूर में मामा भांजा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां धार्मिक स्थलों को देखने के लिए देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जगदलपुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भी बारसूर की ऐतिहासिक धरोहरें कुछ ऐसी ही हैं, जिन्हें देखने के लिए हर साल दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोई यहां के धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं, तो कोई यहां के गौरवशाली इतिहास का जीवंत नजरा देखने आते हैं। छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक ज्ञात पुरातात्विक स्थलों में से एक है बारसूर। यहां के प्रारंभिक इतिहास के बारे में विद्वानों के बीच कोई एक मत नहीं है। कुछ का दावा है कि यह 840 ईस्वीं से पहले के गंगावंशी शासकों की राजधानी थी। अन्य यह तर्क देते हैं कि इसे नागवंशियों द्वारा बनाया गया था। जिन्होंने 10वीं, 11वीं ईस्वीं में काकतियों द्वारा विस्थापित किए जाने से पूर्व लगभग तीन शताब्दियों तक इस भूमि की अधिकतर भूमि पर राज्य किया था। यह माना जाता है कि बारसूर में इसके अच्छे दिनों में लगभग 150 मंदिर थे। उनमें से एक 11वीं शताब्दी का चंद्रादित्य मंदिर है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण सामंती सरदार चंद्रादित्य द्वारा करवाया गया था और उसके नाम पर ही इसका नाम पड़ा। यहां पर पाए गए बारसूर शैली की अनेक मूर्तियों में गर्भगृह के दरवाजे पर विष्णु और शिव की संयुक्त प्रतिमा हरी-हर की भव्य मूर्ति है। खंडित मूर्ति में से, महिषासुरमर्दिनी, जिसे स्थानीय रुप से दंतेश्वरी कहते हैं। जिनकी मूर्ति को अभी भी पहचाना जा सकता है। बलिदानों का चित्रण करती हुई मूर्तियां और मंदिर के कोनों में अलंकृत नंदी बैठे हुए हैं।

## पर्यटन



# सापूतारा : जहां भगवान राम ने बिताए थे वनवास के 11 साल

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें किसी धार्मिक या ऐतिहासिक जगह पर घूमने का शौक होता है। तो वहीं कुछ लोग ऐसे हैं, जो किसी हिल स्टेशन या बीच जैसी जगहों पर घूमना चाहते हैं। आज हम आपको ऐसी जगह के बारे में बताएंगे, जहां धार्मिक लोग भी जाना पसंद करते हैं और ग्रुप के साथ मस्ती करने वाले लोग भी। गुजरात का सापूतारा एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां श्रीराम ने वनवास के 11 साल बिताए थे। सापूतारा का अर्थ है सांपों का घर। यहां बगीचों में बड़े-बड़े सीमेंट के सांप बनाए गए हैं। यहां के जंगलों में सांपों की विभिन्न प्रजातियां भी पाई जाती हैं। गुजरात में सहयाद्री पर्वतमाला की खूबसूरत वादियों में स्थित है सापूतारा। गुजरात के एक मात्र इस हिल स्टेशन यह भी है कि यहां बाकी पहाड़ों की तरह घुमावरदार रास्तेज न के बराबर हैं। यानी पर्यटकों को पहाड़ों पर उल्टी आने की शिकायत रहती है, उनके घूमने के लिए सापूतारा अच्छा विकल्पो हो सकता है। गर्मियों में अधिकतम 32 डिग्री सेल्सियस से न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस होता है जबकि सर्दियों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 16 डिग्री सेल्सियस और 10 डिग्री सेल्सियस होता है। मानसून (जुलाई से सितंबर) में यहां सालाना 255 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की जाती है। यहां हर साल सापुतारा मानसून उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस उत्स व में रिमझिम बारिश के बीच प्रदर्शनी, डेयरिंग एक्टिविटीज के साथ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भोजन महोत्सव, खेल, प्रतियोगिताएं, फ्लैश मॉब तो पर्यटकों को आकर्षित करते ही हैं साथ ही बोट राइडिंग और रोप-वे का लुत्फ भी उठाया जा सकता है। धार्मिक दृष्टि से भी सापूतारा को एक बेहतरीन स्थाटन माना जाता है। मान्यीता है कि भगवान राम ने अपने वनवास काल में से 11 साल यहां बिताए थे। सापुतारा का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन वघई है जोकि सापूतारा से करीबन 50 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां पहुंचने के लिए नजदीकी हिल स्टेशन बड़ोदरा है।

# एसडीएम का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाएं मिली पटरी पर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं संपूर्ण रूप से पटरी पर मिलीं। एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन की सराहना करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अधीक्षक डॉ. हरपाल सिंह सहित पूरा अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा। एसडीएम ने आकस्मिक चिकित्सा कक्ष, फार्मेसी काउंटर, ओपीडी, औषधि वितरण केंद्र, लेबर रूम, प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, बाल कल्याण इकाई तथा अस्पताल परिसर की स्वच्छता सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी औषधियां उपलब्ध मिलीं, औषधि वितरण प्रणाली सुचारु रूप से कार्यरत रही, ओपीडी और फार्मेसी काउंटर व्यवस्थित ढंग से चलते पाए गए। लेबर रूम और प्रसव कक्ष में आवश्यक उपकरण दुरुस्त मिले, टीकाकरण का कार्य भी समयबद्ध तरीके से जारी था, बाल कल्याण इकाई निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप संचालित मिली, वहीं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई भी संतोषजनक स्तर पर पाई गई। एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनजीवन से सीधा जुड़ा हुआ विषय हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को यह भी निर्देश दिए कि मरीजों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए बेहतर उपचार और आवश्यक सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जाएं।

# बाढ़ प्रभावित को 21 लाख से अधिक सहायता राशि वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 5 लाभर्थियों को मुख्यमंत्री आवास

## 100 से अधिक बाढ़ पीड़ितों को मंत्री ने राशन किट

बाराबंकी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य की समीक्षा एवं सामग्री वितरण के लिए गुरुवार को तहसील अन्तर्गत खजुरी स्थित राहत केंद्र पर विशेष कार्यक्रम दौरान जिले के प्रभारी मंत्री/कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही तथा खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने संयुक्त रूप से एमएलसी अंगद कुमार सिंह के साथ बाढ़ प्रभावित 100 से अधिक परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की। इसके अलावा कटान/क्षतिग्रस्त हुए 18 मकान स्वामियों को तात्कालिक सहायता के रूप में 21 लाख से अधिक की सहायता राशि की प्रतीकात्मक चेक प्रदान की। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं जनपद की बाढ़ स्थितियों पर नजर रख रहे है और उनके निर्देशानुसार प्रशासन ने तेजी से कार्यवाही की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद तक समय से सहायता पहुंचाएगी।

बाढ़ की कटान से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए प्रत्येक मकान स्वामियों राम अभिलाख सिंह, रामबहादुर, भगवान, सुमिरता, सुशीला देवी, तुलसीराम, रामबक्श, चमनलाल, राम सागर, लालू, श्रीकृष्ण, गीता, लालबहादुर, सुकई, रामकरन, मोतीलाल व तुलसीराम को 1 लाख 20 हजार के हिसाब से कुल 21 लाख से अधिक की सहायता राशि प्रदान की गयी।

शामिल रहे। इस दौरान 05 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र भी प्रदान किये गए। ग्रामीणों ने इस सहायता के लिए सरकार व मंत्रिगण का आभार जताया। राहत केंद्र पर प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश सरकार हर आपदा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। राहत शिविर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 100 प्रभावित परिवारों को 52 किलो की राहत सामग्री किट वितरित की। इसमें चावल, आटा, दाल, आलू, नमक, तेल, मसाले, मोमबत्ती, माचिस सहित आवश्यक वस्तुएँ शामिल थीं। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा और प्रशासन लगातार राहत सामग्री पहुँचाने के साथ चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी प्रभावित परिवार असहाय न रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थलों पर बसाया जाएगा। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि उपलब्ध कराकर मकान निर्माण हेतु मदद दी जाएगी, ताकि भविष्य में उन्हें बार-बार इस समस्या का सामना न करना पड़े।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम न्यायिक राजकुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह, सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव,टिकैतनगर नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता तहसीलदार उमेश द्विवेदी सुधाकर पांडेय समेत राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# भारत सरकार के सचिव संजीव किसानों से हुए रूबरू, आत्मनिर्भरता के बताए गुर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। भारत सरकार कृषि मंत्रालय के अपर सचिव संजीव नारायण माथुर ने गुरुवार को विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत खिझना में किसानों से सीधा संवाद किया।इस बीच उन्होंने एफपीओ संगठन के सदस्यों से रूबरू हुए और कृषकों की समस्याएं जाना एवं सुझावों को तन्मयता से सुना।

बैठक में कृषि विभाग के निदेशक, उपनिदेशक समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती, लाभकारी फसलों एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

संजीव नारायण माथुर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना व उन्हें संगठित कर बेहतर विपणन सुविधा उपलब्ध कराना है। एफपीओ संगठन किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इस मौके एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी भी उपस्थित रहे।

# प्रदर्शन के पहले योगी की पुलिस ने कांग्रेसियों को घरों में किया कैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## योगी की पुलिस विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने में जुटी : अभिषेक सिंह राणा

सुल्तानपुर। गुरुवार को वोट चोर गद्दी, छोड़ के नारे को बुलंद करने हेतु कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर जनपद के कांग्रेसी वाराणसी के बाबतपुर हवाई अड्डे पहुंचने की तैयारी में जुटे थे लेकिन रात ही पुलिस सक्रिय हो गई और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, सुब्रत सिंह सनी, वरुण मिश्र हामिद रायना सहित आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसियों को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर कांग्रेसियों द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़ नारे को बुलंद कर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी चल रही थी लेकिन योगी सरकार के इशारे पर बीती रात जनपद की पुलिस हाई अलर्ट हो गई और कांग्रेस के नेताओं को घर में कैद कर हाउस अरेस्ट कर लिया इसके बाद जनपद के कांग्रेसी आक्रोशित हो गए, दोपहर बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत दर्जनों कांग्रेसी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए जहां उन्होंने अपने गुस्से का इजहार किया इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पुलिस को आगे कर लोकतंत्र में प्रदर्शन की आजादी को खत्म कर रही है, जो इस देश के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे जननायक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली दौरे पर थे जब बीच में उनके रास्ते को रोका गया तब पुलिस की सक्रियता कहां गई थी। योगी की पुलिस सिर्फ विपक्ष के नेताओं की आवाज को दबाने के लिए हाई अलर्ट रहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारे नेताओं का रास्ता बंद किया जा रहा है उन्हें काले झंडे दिखाए जा रहे हैं तब पुलिस की सक्रियता नहीं दिखती। आज भाजपा की तानाशाही के खिलाफ हम लोगों द्वारा सिर्फ रणनीति तैयार की जाती है उसके पहले ही योगी की पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी जाती है और हम लोगों को घरों में कैद कर हमारी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है लेकिन ऐसा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बाबा रामलाल की प्रतिमा स्थापित किए जाने हेतु डीएम से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

सुल्तानपुर। अवध किसान आंदोलन के प्रणेता महान स्वतंत्रता संग्राम स्व बाबा रामलाल मिश्र की प्रतिमा स्थापित किए जाने हेतु कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला और जिले में प्रतिमा स्थापित करने हेतु मांग की है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा महान स्वतंत्रता संग्राम व अवध किसान आंदोलन के प्रणेता स्व बाबा रामलाल मिश्र को महान नायक बताया और उनकी प्रतिमा शहर में ससम्मान स्थापित किए जाने हेतु जिला प्रशासन से मांग की है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष, सुरेश चंद्र मिश्र, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी वरुण मिश्र, आवेश अहमद, हौसिला भीम, अनवर हुसैन, शाहबाज खान आदि लोग शामिल रहे।

## समय से नहीं खुलती राशन दुकानें

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सरकारी राशन दुकानें समय से नहीं खुलती । कार्ड धारकों का कहना है कि दुकान खुलने का कोई समय ही निर्धारित नहीं है, जिससे उन्हें खाद्यान्न मिलने में भारी कठिनाई हो रही है। कई कई बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ते हैं।बड़ी नगर पंचायत में मात्र दो राशन की दुकानें हैं। जबकि इस नगर पंचायत में 14 वार्ड हैं। जब वार्ड की संख्या कम थी उस समय यहां पर चार दुकानें राशन वितरण करती थी। उपभोक्ताओं का कहना है कि यहां पर स्थित कोटे की दुकान बिना टाइम खोली और बंद की जाती हैं ।उनका आज तक कोई समय निश्चित नहीं हो पाया है।नगर वासियों की मांग है कोटे की दुकान बढ़ाई जाए। जिससे लोगों को राशन लेने में परेशानी का सामना न करना पड़े। क्योंकि यहां पर वार्ड बढ़ने के कारण लोगों की जनसंख्या भी बढ़ गई है।

## अफवाहों से बचे ,चोर ड्रोन कैमरे का उपयोग नहीं करते : अभय मौर्य

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में हाल ही में यह अफवाह तेजी से फैल रही है कि चोर अब चोरी करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस विषय पर स्पष्ट करते हुए थानाध्यक्ष अभय मौर्य ने कहा कि यह पूरी तरह भ्रम और असत्य है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे आगे फैलाएँ। थानाध्यक्ष मौर्य ने कहा पुलिस की नज़र हर गतिविधि पर है, और जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी को भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत नज़दीकी थाने या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। अफवाह फैलाना न केवल समाज में डर का माहौल बनाता है, बल्कि असामाजिक तत्वों को बढ़ावा भी देता है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीणों और युवाओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें। केवल आधिकारिक सूचना और पुलिस की पुष्टि के बाद ही किसी बात को साझा करें। अंत में थानाध्यक्ष ने कहा, ''आपकी सुरक्षा और शांति हमारी ज़िम्मेदारी है। सहयोग करें, सतर्क रहें और किसी भी अफवाह का हिस्सा न बनें।'' संदेश साफ़ है— सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और अफवाहों से दूरी बनाएँ।

## डीएम के आदेश के बाद भी जांच करने नही पहुंची नामित जांच टीम

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के आदेश की समय सीमा बीत जाने के बाद भी नामित जांच टीम अभी तक जांच प्रकिया शुरु नहीं की है जिससे घपलेबाजी व फ्राड जैसे गंभीर मामले की निशपक्ष जांच में सवाल उठ रहे है। मामला तहसील क्षेत्र बल्दीराय अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंघनी का हैं शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार सिंह ने को ग्राम प्रधान विकाश यादव पर इक्कीस वर्ष पूरे न होने पर मार्कसीट व आधार में हेराफ़ेरी करते हुए प्रधान पद हथियाने तथा बिना खुली बैठक ग्राम पंचायत के विकास कार्य का धन बंदर वाट करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को सशपथ पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की थी। जिले के ईमानदार जिला अधिकारी ने 6/8/25 शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेते हुए जांच अधिकारी नामित करते हुए तीस दिवस के अंदर जांच आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। लेकिन नामित जांच अधिकारी ने अभी तक ग्राम पंचायत में जांच की प्रक्रिया ही नहीं शुरू की। शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि नामित जांच अधिकारी ने पूर्व में एक अन्य प्रकरण की जांच भी की थी लेकिन निष्पक्ष जांच न होने के कारण गंभीर मामले को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर जांच अधिकारी को हटाकर किसी दूसरे सक्षम अधिकारी को जांच अधिकारी नामित कर मामले की निष्पक्ष जांच करवाए जाने की मांग की। यही शिकायतकर्ता ने मामले की जांच में हो रही देरी में कई सवाल उठाते हुए 10/9/25 को इस गंभीर प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए पीएम तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। अब देखना यह होगा कि ग्राम पंचायत सिंघनी के भ्रष्टाचार मामले की जांच निष्पक्ष होती है या पूर्व की जांच की भांति मामले को क्लीन चिट दे दी जाएगी फिलहाल ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की चर्चा चारों तरफ हो रही है।

## प्रताप सेवा समिति की पहल, नशा मुक्त अभियान का बना हिस्सा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के परिसर में डायलिसिस सेंटर के पास जहां पर पूर्व में मरीजों का पर्चा बनता था, उसी कक्ष में ओएसटी सेंटर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरके मिश्रा के द्वारा किया गया। उक्त अवसर एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉक्टर पवन सिंह सुपरचित मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सहाबुद्दीन अम्मार, डां.अबसार, मैट्रन मूर्ता, अंजलि सहित दर्जनों लोगों उपस्थित रहे। यह केंद्र नाको द्वारा संचालित है। समाजसेवी संस्था प्रताप सेवा समिति नशे के रोगियों के लिए खोजी अभियान चलाकर यहां इलाज करवाएगी। प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही ने कहा कि संस्था द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं द्वारा शत-प्रतिशत सहयोग करेगा,प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही ने बताया की इस मुहिम में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स सोसाइटी से सीपीओ रिचा श्रीवास्तव प्रयागराज, दिशा अयोध्या से डां.सौरभ शुक्ला,प्रताप सेवा समिति से जय प्रकाश श्रीवास्तव परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश, परामर्शदात्री अर्चना दूबे,आउट रीच वर्कर अर्चना सिंह, पारो गुप्ता, इरफाना, सुप्रिया राज, अमित मिश्र, राज पांडेय आदि की गरिमामय उपस्थित रही।

# औद्योगिक क्षेत्र मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण, गर्जी जेसीबी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। उमरा स्थित औधोगिक क्षेत्र एवं लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण के कारण दिन भर जाम की स्थितियां बनी रहती है।औधोगिक इकाईयों की बैठक में फैक्ट्री संचालकों ने जोर शोर से अतिक्रमण का मुद्दा उठाया था।उसके बाद तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने मुख्य चौराहे से स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए जाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र के आस-पास व लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण का चिह्नांकन किया।इस दौरान मुख्य चौराहे की दर्जनों दुकानें अतिक्रमण की जद में पाई गई थीं। बीती 28 अगस्त को यूपीसीडा की ओर से मुख्य चौराहे पर नोटिस चस्पा करने के साथ अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। गुरुवार को जेसीबी के साथ पहुंची टीम ने अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया।यूपीसीडा के इस अभियान से व्यापारियों में हड़कंप मच गया।उन्हें अपनी रोजी रोटी की चिंता सताने लगी है।

# कलश यात्रा संग भागवत कथा, यज्ञ का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ग्राम पंचायत बजगहनी के ग्राम जानी नगर में बृहस्पतिवार से पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं छठवां 51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ का बुधवार को भव्य कलश यात्रा संग शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा ब्रह्मा देवस्थान से बाजे-गाजे और श्रद्धालुओं के जयघोष के बीच प्रारंभ हुई। यह यात्रा जानी नगर, बजगहनी, चौधीपुर, ढखौली और खुज्झी होते हुए धन्नाग़ तीर्थ स्थित सरोवर तक पहुंची। वहां से जल लेकर श्रद्धालुओं ने कथा स्थल पर पूजा-अर्चना के उपरांत कलश स्थापना की। इस अवसर पर नैमिष धाम से पधारे आचार्य बनवारी लाल महाराज ने धर्मशास्त्रों का उल्लेख कर बताया कि कलश सुख, समृद्धि और वैभव का प्रतीक है। किसी भी मांगलिक कार्य का शुभारंभ कलश स्थापना से ही किया जाता है।

कलश यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर पूर्व प्रधान अशोक कुमार, भगवती प्रसाद, रामसागर प्रमुख यादव, देशराज यादव, नंदराम, रामखेलावन, रामगोपाल, राहुल, शिवम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## गौवंश की दुर्दशा पर भड़के गौ रक्षा जिला प्रमुख

पूरनपुर। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के गौ रक्षा जिला प्रमुख शिवम भदौरिया ने वुधवार सुबह 10 बजे वीडियो बयान जारी कर सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में सड़क हादसों में मृत हुए लगभग 50 से 55 गौवंश पशुओं का स्वयं अंतिम संस्कार कराया गया। भदौरिया ने रोष जताते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस सरकार का गठन गौवंश संरक्षण के नाम पर हुआ, उसी सरकार में गौवंश पशु बेसहारा होकर सड़कों पर भटक रहे हैं। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में भी इन मूक पशुओं को जगह नहीं मिल पा रही है। ऐसे हालात में न केवल गौवंश अपनी जान गंवा रहे हैं बल्कि इंसानों की भी जानें जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नेताओं का इस विषय पर चुप रहना और जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना अत्यंत अफसोसजनक है। गौ रक्षा जिला प्रमुख ने मांग की कि शासन-प्रशासन शीघ्र ही ठोस कदम उठाकर इस समस्या का समाधान करे।

# सीएचसी अधीक्षक का स्थानांतरण होते ही आवाम का फूटा गुस्सा, तबादला निरस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## अस्पताल के सामने ही धरने पर बैठे लोग



हैदरगढ़ बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला के स्थानांतरण आदेश ने स्थानीय जनता और अस्पताल स्टाफ दोनों में असंतोष की लहर दौड़ा दी। जैसे ही लोगों को उनके तबादले की सूचना मिली, अस्पताल परिसर में भारी संख्या में लोग जुटे और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

बताते चलें कि डॉ. शुक्ला बीते दो वर्षों से हैदरगढ़ सीएचसी की कमान संभाले हुए थे। उनके कार्यकाल में न केवल अस्पताल की व्यवस्था मजबूत हुई बल्कि मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। अस्पताल स्टाफ से लेकर स्थानीय नागरिकों तक, सभी उनकी कार्यशैली और निर्णय क्षमता से प्रभावित रहे।

डॉ. शुक्ला ने अपने कार्यकाल में सीएचसी को एक अनुशासित और व्यवस्थित स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने न केवल आपातकालीन सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाया, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी कई सकारात्मक बदलाव किए। उनकी निगरानी में अस्पताल में समय पर दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान और रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार जैसी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। जैसे ही उनके स्थानांतरण की खबर फैली, लोग इसे एक 'सिस्टम की गलती' मानने लगे । विरोध स्वरूप नागरिक और अस्पताल कर्मचारी एकजुट होकर अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन करने लगे। लगभग एक घंटे तक चले इस विरोध के बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से मुलाकात की और मांग की कि स्थानांतरण आदेश वापस लिया जाए।जनभावनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य प्रशासन को भी निर्णय पर पुनर्विचार करना पड़ा और एहतियातन एक दिन पूर्व जारी किया गया स्थानांतरण आदेश निरस्त कर दिया गया। जनता और स्टाफ का यह समर्थन यह साबित करता है कि डॉ. शुक्ला न केवल एक कुशल चिकित्सक हैं बल्कि एक योग्य प्रशासक भी हैं, जिन्होंने अस्पताल की छवि को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

# भारत से मुकाबले से पहले ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगा पाकिस्तान

एजेंसी



दुबई। पाकिस्तान एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के चौथे मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा।

संयुक्त अरब अमीरात टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान शुक्रवार को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतर रहा है।सलमान आगा की अगुवाई में टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है। ओमान के साथ मुकाबला पाकिस्तानियों के लिए भारत के साथ होने वाले अहम मुकाबले से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने और लय बनाए रखने का एक अच्छा अवसर है। टीम की बल्लेबाजी लाइनअप में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और साहिबजादा फरहान से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज फखर जमान और सलमान आगा पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वहीं निचले क्रम की बात की जाये तो हसन नवाज, मोहम्मद हैरिस, मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ का कौशल टीम को अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की सुविधा देता है। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई शाहीन अफरीदी करेंगे। अफरीदी की तेज गति, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज और सूफियान मुकीम के सहयोग के साथ पाकिस्तान दुबई की परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगा। पिच की अगर बात की जाये तो पारंपरिक रूप से सपाट और तेज आउटफील्ड वाली यह पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार है, हालाकि स्पिनर बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभाने सकते है। इस पिच को लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए मददगार माना जाता है। पिछले दस टी-20 मैचों में से आठ में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। पहली पारी का स्कोर आमतौर पर लगभग 170 होता है। वहीं अगर ओमान की बात की जाये तो पाकिस्तान उसके सामने कड़ी चुनौती है। कप्तान जतिंदर सिंह अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों, आमिर कलीम और हम्माद मिर्ज़ा से स्थिरता की उम्मीद करेंगे, जबकि आशीष ओडेदरा, विनायक शुक्ला और हसनैन शाह सहित मध्य और निचले क्रम को टीम का समर्थन करने के लिए आगे आना होगा। शकील अहमद और मोहम्मद इमरान की अगुवाई में ओमान की गेंदबाजी इकाई की कड़ी परीक्षा पाकिस्तान की मजबूत और आत्मविश्वास से भरी लाइनअप के सामने होगी। विश्लेषकों को उम्मीद है कि पाकिस्तान प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम करेगा और भारत के खिलाफ अपने हाई-प्रोफाइल मैच में महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करेगा।

# कंधे की चोट के कारण भारत दौरे से बाहर हुए ऑलराउंडर एरॉन हार्डी

एजेंसी



नई दिल्ली। ऑलराउंडर एरॉन हार्डी कंधे की चोट के कारण भारत दौरे से बाहर हो गए हैं। हार्डी की जगह विक्टोरिया के ऑलराउंडर विल सदरलैंड को टीम में शामिल किया गया है। सदरलैंड पहले से ही वनडे टीम का हिस्सा थे और अब वे दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए लखनऊ पहुंचेंगे। हार्डी की जगह वनडे टीम में किसी और खिलाड़ी का चयन बाद में किया जाएगा। हार्डी के शुरुआती शेफ़ील्ड शील्ड मुकाबलों तक फिट होने की उम्मीद है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच 4 अक्टूबर को वाका मैदान पर न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ होगा। हार्डी हाल ही में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज़ का हिस्सा रहे थे। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और उन्हें न्यूजीलैंड के छोटे दौरे (तीन टी20) के लिए नहीं चुना गया था, बल्कि ए टीम में शामिल किया गया था। उनके फिटनेस पर निर्भर करेगा कि वे भारत के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज़ में वापसी कर पाएंगे या नहीं। हार्डी का बाहर होना ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी बढ़ाता है क्योंकि कई तेज गेंदबाज पहले ही चोटिल हैं। कप्तान पैट कमिंस की पीठ की चोट ने उनकी एशेज में उपलब्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हार्डी के टीममेट लांस मॉरिस पीठ की सर्जरी के चलते 12 महीने के लिए बाहर हो गए हैं, जबकि युवा तेज गेंदबाज कैलम विडलर को स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। मॉरिस चार दिवसीय मैचों में खेलते, जबकि विडलर वनडे स्क्वॉड का हिस्सा थे। मॉरिस की जगह आए ब्रॉडी काउच भी चोटिल हो गए और अब उनकी जगह साउथ ऑस्ट्रेलिया के हेनरी थॉर्नटन को बुलाया गया है। भारत ए के खिलाफ पहला चार दिवसीय मैच 16 सितंबर से और दूसरा 23 सितंबर से खेला जाएगा। इसके बाद कानपुर में 30 सितंबर, 3 और 5 अक्टूबर को तीन वनडे मुकाबले होंगे। ज़ेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, जैक एडवर्ड्स, कैंपबेल केलावे, सैम कॉन्स्टास, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, फर्गस ओ'नील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचिओली, लियाम स्कॉट, विल सदरलैंड (दूसरे मैच से), हेनरी थॉर्नटन। कूपर कॉनॉली, हैरी डिक्सन, जैक एडवर्ड्स, सैम एलियट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैकेंज़ी हार्वे, टॉड मर्फी, तनवीर संगा, लियाम स्कॉट, लैकी शॉ, टॉम स्ट्रेकर, विल सदरलैंड, हेनरी थॉर्नटन (एक खिलाड़ी और जोड़ा जाएगा)।

# महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में पहली बार अम्पायर और रेफरी की जिम्मेदारी संभालेंगी महिलाएं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को महिला क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया। भारत में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए पहली बार पूरी तरह महिला अम्पायर और मैच रेफरी पैनल की नियुक्ति की गई है। यह ऐतिहासिक फैसला इस ओर इशारा करता है कि अब टूर्नामेंट के सभी 31 मुकाबले महिला अम्पायर और महिला मैच रेफरी की देखरेख में खेले जाएंगे। आईसीसी ने इसे महिला क्रिकेट को सशक्त बनाने और खेल में लैंगिक समानता की दिशा में बड़ा कदम बताया है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने एक आधिकारिक बयान में इसे महिला क्रिकेट के विकास का अहम पड़ाव बताते हुए कहा, यह महिला क्रिकेट की यात्रा का ऐतिहासिक क्षण है। महिला अधिकारियों की यह नियुक्ति केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि अवसर, दृश्यता और प्रेरणा देने का माध्यम है। यह आने वाली पीढ़ियों को दिखाएगा कि नेतृत्व और प्रभाव का कोई लिंग नहीं होता। भारत में होने वाला यह 13वां महिला क्रिकेट विश्व कप 33 दिनों तक खेला जाएगा, जिसमें 8 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। पूरी तरह महिला अम्पायर और रेफरी की नियुक्ति से यह टूर्नामेंट खेल इतिहास में एक प्रेरणादायी मिसाल बनेगा। 18 सदस्यीय पैनल घोषितः आईसीसी ने कुल 14 महिला अम्पायर और 4 महिला मैच रेफरी के नाम घोषित किए हैं। इनमें क्लेयर पोलोसाक, जैकलीन विलियम्स और सू रेडफर्न, जो तीसरी बार महिला विश्व कप में अंपायरिंग करेंगी। इसके अलावा लॉरेन एगेनबैग और किम कॉटन भी पैनल का हिस्सा हैं। इन दोनों ने 2022 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग की थी। इसके अलावा ट्रूडी एंडरसन, शांद्रे फ्रिट्ज़, जीएस लक्ष्मी और मिशेल पेरेरा को मैच रेफरी चुना गया है।

# कार्डिफ़ टी20: बारिश से बाधित मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रन से हराया

एजेंसी



कार्डिफ़। बारिश से प्रभावित पहले टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) विधि से इंग्लैंड पर 14 रन की जीत दर्ज की। मुकाबला दो घंटे की देरी से शुरू हुआ और इसे नौ ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला लिया, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस, एडेन मार्करम और डोनोवन फरेरा की आतिशी बल्लेबाज़ी ने दक्षिण अफ्रीका को मज़बूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले ही ओवर में ल्यूक वुड ने रयान रिकेलटन को गोल्डन डक पर चलता किया। वुड ने अपने दूसरे ओवर में ल्हुआन-ड्रे प्रिटोरियस को भी आउट कर मेज़बानों को शानदार शुरुआत दिलाई। हालांकि, मार्करम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए 14 गेंदों में 28 रन बनाए और पारी को रफ्तार दी। उन्हें 24 पर जीवनदान मिला लेकिन जल्द ही आदिल राशिद ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। इसके बाद ब्रेविस ने लगातार तीन छक्के जड़े और फरेरा ने भी दो छक्कों के साथ रनगति तेज़ कर दी। 7.5 ओवर तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 97/5 था, तभी बारिश ने खेल रोक दिया। लगभग 50 मिनट बाद खेल दोबारा शुरू हुआ और इंग्लैंड को 5 ओवर में 69 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। लेकिन इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। कागिसो रबाडा ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट कर दिया। कप्तान जोस बटलर ने कुछ आकर्षक शॉट्स लगाए और 25 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत की राह पर नहीं ले जा सके। हैरी ब्रूक बिना खाता खोले लौटे, जबकि जैकब बेथेल भी जल्दी आउट हो गए। अंतिम ओवर में इंग्लैंड को 26 रन चाहिए थे, लेकिन कोर्बिन बॉश ने टॉम बैंटन को बोल्ड कर मेज़बानों की उम्मीदें खत्म कर दीं। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली।

## इंग्लैंड टी20 सीरीज से बाहर हुए लुंगी एनगिडी

नई दिल्ली। सोफिया गार्डन्स में अभ्यास के दौरान चोटिल हुए दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने बुधवार (10 सितंबर) को इसकी पुष्टि की। मंगलवार को प्रशिक्षण सत्र के दौरान एनगिडी के हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। स्कैन के बाद उनकी चोट की पुष्टि हुई, जिसके चलते उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। एनगिडी आज स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह नांद्रे बर्गर को टीम में शामिल किया गया है। बर्गर हाल ही में खेले गए वनडे सीरीज में हिस्सा थे, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 2-1 से जीता था। हालांकि, बर्गर टी20 टीम से मैनचेस्टर में होने वाले दूसरे मुकाबले से जुड़ेंगे। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की यह टी20 सीरीज में अफ्रीकी टीम 1-0 से आगे है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी 20 में इंग्लैंड को 14 रन से हराया। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैच 12 सितंबर दिन शुक्रवार को खेला जाएगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक अंतिम रूप ले लेगा: पीयूष गोयल

एजेंसी




नई दिल्ली/पटना। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक अंतिम रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वार्ता आगे बढ़ रही है, उससे दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल ने बिहार की राजधानी पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सबोधित करते हुए कहा कि व्यापार समझौते को नवंबर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही है, जिसकी पुष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री की ये टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सोशल मीडिया पर सकारात्मक बातचीत के एक दिन बाद आई है। उन्होंने कहा कि इसी साल फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप दोनों ने अपने मंत्रियों को नवंबर तक समझौते के पहले भाग को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था। गोयल ने बुधवार को फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यही बात दोहराई थी। उन्होंने कहा कि भारत संभावित व्यापार समझौतों के लिए अमेरिका और न्यूजीलैंड के साथ सक्रिय रूप से चर्चा कर रहा है। इस बीच, अमेरिका से वार्ताकारों का एक दल इस महीने के अंत तक भारत का दौरा करेगा और नवंबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर हस्ताक्षर कर दिए जाएंगे। भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश मल्होत्रा, व्यापार समझौते के विभिन्न मानदंडों पर काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस बातचीत से नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच तनाव कम होने के संकेत मिले हैं, जबकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी का भारी-भरकम टैरिफ लगाया था। इसमें 25 फीसदी बेसलाइन टैरिफ के अलावा भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने पर 25 फीसदी का अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क भी शामिल है।

# स्पाइसजेट का कार्लाइल एविएशन से 8.95 करोड़ डॉलर का ऋण समझौता

एजेंसी

नयी दिल्ली। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स के साथ 8.95 करोड़ डॉलर का एक समझौता किया है, जिसके तहत भविष्य के विमानों और इंजनों के रखरखाव के लिए 7.96 करोड़ डॉलर की नकद रखरखाव निधि और अपने पट्टे संबंधी देनदारी के भुगतान के लिए 99 लाख डॉलर की नकद रखरखाव क्रेडिट राशि प्राप्त हुई है। यह समझौता एयरलाइन की नकदी में उल्लेखनीय वृद्धि करता है और इसके चल रहे पुनर्गठन प्रयासों को समर्थन प्रदान करता है। ये तरलता वृद्धि कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स और उसकी संबद्ध संस्थाओं के साथ समग्र निपटान समझौते का हिस्सा हैं, जिसके तहत पट्टाकर्ता कुल 12.118 करोड़ डॉलर के कुछ पट्टा दायित्वों का पुनर्गठन करेंगे। साथ ही कुल पांच करोड़ डॉलर के इक्विटी शेयर जारी करेंगे। निपटान समझौते में एक ऐसी व्यवस्था भी प्रदान की गई है जिसके तहत, यदि पट्टाकर्ता जारी किए गए शेयरों की बिक्री से पांच करोड़ डॉलर से अधिक की आय प्राप्त करते हैं, तो इस अतिरिक्त राशि का एक हिस्सा भविष्य के पट्टा दायित्वों की पूर्ति के लिए लगाया जाएगा। प्रमोटर के पास वैधानिक लॉक-इन अवधि और दोनों पक्षों के बीच अनुबंधित किसी भी अतिरिक्त लॉक-इन अवधि की समाप्ति पर पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर ऐसे इक्विटी शेयर खरीदने का विकल्प/अवसर होगा। स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अजय सिंह ने कहा, ''यह समझौता हमारे चल रहे पुनर्गठन और अन-ग्राउंडिंग प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कार्लाइल द्वारा प्रदान किया गया समर्थन स्पाइसजेट की दीर्घकालिक संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। यह लेनदेन हमारी देनदारियों को महत्वपूर्ण रूप से कम करता है, हमारी बैलेंस शीट को मजबूत करता है, और हमें सतत विकास के लिए अच्छी स्थिति में रखता है।

# अदानी पावर को मध्य प्रदेश में अनूपपुर परियोजना की 800 मेगावाट की इकाई का नया ठेका

अहमदाबाद। अदानी पावर लिमिटेड (एपीएल) को निविदा प्रक्रिया के तहत मध्य प्रदेश में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) द्वारा अनूपपुर जिले में प्रस्तावित वृहद बिजली परियोजना की 800 मेगावाट क्षमता की एक और इकाई का ठेका मिला है। एपीएल ने गुरुवार को बताया कि उसे ग्रीन शू विकल्प के तहत प्राप्त इस अनुबंध के साथ इस परियोजना में कंपनी के पास कुल 1600 मेगावाट क्षमता के निर्माण का ठेका प्राप्त हुआ है। इसे वहां खुली निविदा में 800 मेगा वॉट क्षमता का ठेका अभी कुछ दिन पहले ही मिला था। निविदा प्रक्रिया हाल ही में संपन्न हुई है। अदानी पावर ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसको आज एमपीपीएमसीएल से एक अनुबंध स्वीकृत किए जाने का पत्र (एलओए) प्राप्त हुआ, जिसमें 'ग्रीनशू ऑप्शन' के तहत 800 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता का ठेका दिया गया है। यह एपीएल द्वारा इसी बोली प्रक्रिया में प्रारंभिक 800 मेगावाट क्षमता जीतने में पहले मिली सफलता के बाद आया है। कंपनी ने कहा है कि पिछले 12 महीनों में उसको मिला यह पाँचवाँ बड़ा बिजली आपूर्ति ऑर्डर है, जिससे कुल क्षमता 7,200 मेगावाट हो गई है। मध्य प्रदेश में 800 मेगावाट की यह अतिरिक्त क्षमता का अनुबंध है। पहले ठेके पर दी गई 800 मेगावाट क्षमता पर लागू 5.838 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की समान दर पर आवंटित किया गया है। इस तरह एपीएल मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में डिज़ाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और संचालन (डीबीएफओओ) मॉडल के तहत स्थापित की जाने वाली एक नई 1600 मेगावाट (800-800 मेगावाट की दो इकाई वाली) अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र से बिजली की आपूर्ति करेगी। कंपनी ने कहा है कि मध्य प्रदेश की ये दोनों इकाइयाँ नियत तिथि से 60 महीनों के भीतर चालू हो जाएँगी।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी की घटी चमक



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। जबकि चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,10,520 रुपये से लेकर 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,01,310 रुपये से लेकर 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,10,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## एचएमएसआई 350 सीसी के मॉडल के दाम 18,800 रुपये तक घटाएगी, नई कीमतें 22 सितंबर से होगीं प्रभावी

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इसके तहत अपने 350 सीसी तक के मॉडल की कीमतें 18,800 रुपये तक घटाने का फैसला किया है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि वह अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इसके तहत 350 सीसी तक के अपने दोपहिया वाहनों की कीमत में कटौती की है, जिससे इनकी कीमतें 18,800 रुपये तक कम हो गई हैं। इसमें स्कूटर और मोटरसाइकिल दोनों शामिल होंगे। एचएमएसआई के निदेशक बिक्री एवं विपणन योगेश माथुर ने कहा कि दोपहिया वाहनों और कलपुर्जों पर जीएसटी में कमी एक समयोचित और दूरदर्शी कदम है, जिससे वाहन अधिक किफायती बनेंगे और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी ने यह कदम जीएसटी परिषद की ओर से हाल ही में दोपहिया वाहनों पर टैक्स की दर को 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने के निर्णय के बाद उठाया गया है। योगेश माथुर ने कहा कि कंपनी ने यह कदम ग्राहकों को लाभ पहुंचाने और बाजार को मजबूत करने के लिए उठाया है।

## टीवी नरेंद्रन ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील लिमिटेड के मुख्य अधिशासी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। यह जानकारी संगठन की विज्ञप्ति में दी गई है। श्री नरेंद्रन ने इस पद पर अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशिका सुनीता रेड्डी का स्थान लिया है जिनका एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया । एमआईएमए, भारत में कॉर्पोरेट प्रबंधकों का एक प्रतिष्ठित निकाय है। इसकी स्थापना 1957 में हुई थी और पूरे देश में 68 शहरों और क्षेत्र में इसके सहायक संगठन कार्यरत हैं। यह विदेशी संगठनों के साथ मिलकर भी काम करता है। जेएम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विशाल कंपानी, संगठन के नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष और टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल उपाध्यक्ष और जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर के पूर्व अध्यक्ष पी द्वारकानाथ कोषाध्यक्ष बने हैं।

## दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता रखता है भारतीय वाहन उद्योग: गडकरी

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है। श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा, ''मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है। एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा बीएस सात मानक लाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने उद्योग से कहा कि सरकार कुछ अलग नहीं करेगी, यह भी यूरोपीय मानक के अनुरूप ही होगा। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ई20 के खिलाफ पिछले दिनों चलाये गये अभियान को ''पेड'' बताते हुये कहा कि कहने को तो यह अभियान इथेनॉल के खिलाफ था लेकिन राजनीतिक रूप से यह उन्हें निशाना बनाने के लिए था। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह पुराने वाहन को स्क्रैप करके नये वाहन खरीदने वालों के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में छूट पर भी सरकार के अंदर पैरवी कर रहे हैं।

# समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान पर निकली तीनों सेनाओं की महिला अधिकारी

## तीनों सेनाओं की महिला जल यात्रा 'समुद्र प्रदक्षिणा' को रक्षा मंत्री ने हरी झंडी दिखाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने वाले अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' को गुरुवार को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री सिंह ने इस अभियान में शामिल अधिकारियों को यहां साउथ ब्लॉक से संबोधित करते हुए इसे नारी शक्ति, तीनों सेनाओं की एकता , आत्मनिर्भर भारत और उसकी सैन्य कूटनीति तथा वैश्विक दृष्टिकोण का ज्वलंत प्रतीक बताया।



इस अभियान में तीनों सेनाओं की दस महिला अधिकारी भारतीय सेना के स्वदेशी नौकायन पोत आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर पूर्वी मार्ग पर लगभग 26,000 समुद्री मील की दूरी तय करेंगी। वे भूमध्य रेखा को दो बार पार करते हुए तीन बड़े केप यानी अंतरीपों - लीउविन, हॉर्न और गुड होप का चक्कर लगाते हुए सभी प्रमुख महासागरों और दक्षिणी महासागर और ड्रेक पैसेज सहित कुछ सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों को कवर करेंगी। अगले वर्ष मई में मुंबई लौटने से पहले यह अभियान दल चार अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों का भी दौरा करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्र प्रदक्षिणा अभियान को न केवल एक 'जहाज यात्रा' बल्कि एक आध्यात्मिक 'साधना और अनुशासन एवं इच्छाशक्ति की यात्रा' भी करार दिया।

उन्होंने कहा, '' अभियान के दौरान, अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन उनके दृढ़ संकल्प की लौ अंधेरे को चीरती हुई आगे बढ़ेगी। वे सुरक्षित घर लौटेंगी और दुनिया को दिखाएंगी कि भारतीय महिलाओं का पराक्रम किसी भी सीमा से परे है। रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए द्वारा हासिल असाधारण उपलब्धि का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने साहस तथा समर्पण के साथ कई चुनौतियों का सामना करते हुए एक अन्य स्वदेशी पोत आईएनएस तारिणी पर सवार होकर सफलतापूर्वक दुनिया की समुद्र के रास्ते परिक्रमा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईएएसवी त्रिवेणी का यह अभियान एक और वैश्विक मानक स्थापित करेगा तथा भारत की समुद्री यात्राओं में एक और स्वर्णिम अध्याय लिखेगा।

# दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता रखता है भारतीय वाहन उद्योग : गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा, ''मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है। एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा बीएस सात मानक लाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने उद्योग से कहा कि सरकार कुछ अलग नहीं करेगी, यह भी यूरोपीय मानक के अनुरूप ही होगा। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ई20 के खिलाफ पिछले दिनों चलाये गये अभियान को ''पेड'' बताते हुये कहा कि कहने को तो यह अभियान इथेनॉल के खिलाफ था लेकिन राजनीतिक रूप से यह उन्हें निशाना बनाने के लिए था। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह पुराने वाहन को स्क्रैप करके नये वाहन खरीदने वालों के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में छूट पर भी सरकार के अंदर पैरवी कर रहे हैं।

# भारत जैसे देशों के लिए दोहरी चुनौती की है 21वीं सदी : यादव

नयी दिल्ली। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि 21वीं सदी भारत जैसे विकासशील देशों के समक्ष दोहरी चुनौती है जिसमें युवाओं की विकासात्मक आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही जलवायु परिवर्तन से जैव विविधता के नुकसान और पारिस्थितिकी क्षरण के प्रभावों से धरती को बचाना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन सब स्थितियों को देखते हुए उनकी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महत्वाकांक्षा, नवाचार और परिवर्तन को महत्व देते हुए नया मार्ग चुनकर देश को प्रगति की राह पर ले जाने का संकल्प लिया है। श्री यादव ने गुरुवार को यहां उद्योग एवं वाणिज्य मंडल फिक्की के 'लीड्स' सम्मेलन के चौथे संस्करण में सतत और सहयोगात्मक विकास में हरित वित्त की अहम भूमिका पर जोर दिया और कहा कि दीर्घकालीन और प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं में हरित वित्त की मुख्य भूमिका है। उनका कहना था कि भविष्य की अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण का मार्ग प्रगति और लाभ को स्थिरता के साथ जोड़ने पर निर्भर करता है, जिसमें लोगों के विकास और पारिस्थितिकी प्रणाली को विकास के केंद्र में रखा जाता है। उन्होंने बल देकर कहा कि सरकारों, उद्योग, नियामकों, वैश्विक वित्तीय संस्थानों और नागरिकों के बीच सहयोगात्मक विकास, समावेशी आर्थिक विकास सुनिश्चित करते हुए जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने की कुंजी है। उनका कहना था कि हरित वित्त पोषण को ऐसी आर्थिक प्रणालियाँ बनाना चाहिए जिनमें विकास पारिस्थितिकी, कल्याण और समुदायों के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा हो। केंद्रीय मंत्री ने हरित निवेश में विश्वास पैदा करने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला और कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी और पर्यावरण-पुनर्स्थापना प्रतिबद्धताओं को सक्षम करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हरित क्रेडिट कार्यक्रम की कार्यप्रणाली में संशोधन किया गया है।

# भागवत का जीवन सामाजिक समानता, समरसता के लिए समर्पित है: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत को उनकी 75वीं वर्षगांठ पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन सामाजिक समानता - समरसता और परस्पर भाईचारे को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

श्री मोदी ने देश और समाज के प्रति श्री भागवत के सेवा कार्य का उल्लेख करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बधाई संदेश में कहा, ''श्री भागवत ने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र से प्रेरित होकर समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। मां भारती की सेवा में सदैव तत्पर मोहन जी के जन्मदिन के विशेष अवसर पर मैंने उनके प्रेरक व्यक्तित्व को लेकर अपनी भावनाएं एक लेख में व्यक्त की हैं। मैं उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने अपने लेख में संघ प्रमुख के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा उनके साथ अपने निकट संबंधों का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि 11 सितंबर की तिथि अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ी है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व बंधुत्व का संदेश दिया था और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गयी थी।

श्री मोदी ने लिखा, 'आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व की 75वीं वर्षगांठ है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धा भाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत जी का आज जन्मदिन है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने श्री भागवत के परिवार के साथ अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा है, ल्ल मुझे मोहन जी के पिता स्वर्गीय मधुकरराव भागवत जी के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैंने अपनी पुस्तक 'ज्योतिपुंज''' में उनके बारे में विस्तार से लिखा है। कानूनी जगत से जुड़े होने के साथ-साथ उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए भी खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने पूरे गुजरात में आरएसएस को मज़बूत करने में अहम भूमिका निभायी। राष्ट्र निर्माण के प्रति मधुकरराव जी का जुनून इतना गहरा था कि उन्होंने अपने पुत्र मोहनराव को भारत के पुनरुत्थान के लिए समर्पित कर दिया। मानो पारसमणि मधुकरराव ने श्री मोहनराव में एक और पारसमणि तैयार कर दी हो।''

श्री मोदी ने लिखा है कि श्री मोहन जी 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। 'प्रचारक' शब्द सुनकर कोई यह भूल सकता है कि यह किसी ऐसे व्यक्ति के लिए है जो केवल प्रचार कर रहा है, विचारों का प्रचार कर रहा है, लेकिन, जो लोग आरएसएस की कार्यप्रणाली से परिचित हैं, वे जानते हैं कि प्रचारक परंपरा ही संगठन के मूल में है। पिछले सौ वर्षों में देशभक्ति के जोश से प्रेरित होकर, हज़ारों युवाओं ने अपना घर-परिवार छोड़कर भारत प्रथम के मिशन को साकार करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि उनके आरएसएस में शुरुआती वर्ष भारतीय इतिहास के एक बेहद अंधकारमय दौर से गुजरे। यह वह समय था जब तत्कालीन कंग्रेस सरकार ने कठोर आपातकाल लागू किया था। हर उस व्यक्ति के लिए जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों को महत्व देता था और भारत की समृद्धि चाहता था, आपातकाल विरोधी आंदोलन को मज़बूत करना स्वाभाविक था। श्री मोहन जी और अनगिनत आरएसएस स्वयंसेवकों ने ठीक यही किया। उन्होंने महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, खासकर विदर्भ में व्यापक रूप से काम किया। इसने गरीबों और वंचितों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में उनकी समझ को आकार दिया। श्री मोदी ने लिखा है कि वर्षों से डॉ. भागवत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में विभिन्न पदों पर कार्य किया। उन्होंने प्रत्येक दायित्व को बड़ी कुशलता से निभाया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में श्री मोहन जी के कार्यकाल को आज भी अनेक स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं। इस दौरान उन्होंने बिहार के गाँवों में कार्य करते हुए काफ़ी समय बिताया। इन अनुभवों ने ज़मीनी मुद्दों से उनका जुड़ाव और गहरा किया। 2000 में, वे सरकार्यवाह बने और यहाँ भी उन्होंने अपनी अनूठी कार्यशैली का परिचय दिया, जटिल से जटिल परिस्थितियों को भी सहजता और सटीकता से संभाला। 2009 में, वे सरसंघचालक बने और आज भी बड़ी जीवंतता के साथ कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने लिखा है कि सरसंघचालक होना एक संगठनात्मक दायित्व से कहीं बढ़कर है। असाधारण व्यक्तियों ने व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और माँ भारती के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से इस भूमिका को परिभाषित किया है। श्री मोहन जी ने ज़िम्मेदारी की विशालता के साथ पूरा न्याय करने के अलावा, अपनी शक्ति, बौद्धिक गहराई और संवेदनशील नेतृत्व क्षमता का भी भरपूर उपयोग किया है, जो सभी राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत से प्रेरित हैं।

## विदेशी धरती से बनकर आया था राहुल गांधी का प्रजेंटेशन : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला करते हुए दावा किया है कि उनके द्वारा वोट चोरी के आरोप वाला पावर प्वांइट प्रजेंटेशन विदेशी धरती से बनकर आया था। इसके साथ ही भाजपा ने उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान और परिणाम पर सवाल उठाने पर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि गलत बयानबाजी करना उनकी आदत बन गई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी कार्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेशी दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनको देश की धरती से नहीं विदेश से प्यार है। उनको पंजाब, कश्मीर और हिमाचल में बाढ़ और विभिषिका से कोई लेना देना नहीं है। वह प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने की बजाय विदेश गये। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि श्री गांधी की आदत सिर्फ झूठा आरोप लगाने की है। श्री पूनावाला ने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी को विदेश से विशेष लगाव है, इसीलिए उनका राजनीतिक कनेक्शन भी विदेशी धरती से है। इसका ताजा सबूत उनके द्वारा उनका पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन है। श्री पूनावाला ने कांग्रेस नेता के वोट चोरी के आरोप वाले पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन पर ही सवाल उठाते हुए उसके विदेश में तैयार होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि तमाम सबूतों और तथ्यों से यह साबित हो गया है कि यह पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन विदेश की धरती पर साजिश के तहत देश विरोधी और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने के लिए तैयार किया गया। उन्होंने विपक्षी नेता से पूछा कि आखिर देश की संप्रभुता पर हमला किसके शह और इशारे पर राहुल गांधी ने किया। उन्होंने इन मामलों को लेकर विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप करने का आरोप भी लगाया। श्री पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने गलत नैरेटिव फैलाकर संसद सत्र को चलने नहीं दिया और संसद को बंधक बना लिया। यह एक तरह से लोकतंत्र और जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी का आरोप लगाते हैं लेकिन अदालत का हथौड़ा एक बार फिर उनके खिलाफ चला है।

## सीआरपीएफ का पत्र राहुल को डराने की कोशिश : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गये पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसे डराने की कोशिश करार दिया है।
कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को पत्र का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के पत्र भेजने का समय और उसे तुरंत सार्वजनिक करने की मंशा परेशान करने वाली है। उनका कहना था कि श्री गांधी की सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर लिखे पत्र और उसे सार्वजनिक करने का समय सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा ''यह पत्र ऐसे समय में आया है जब श्री गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। क्या यह विपक्ष के नेता को डराने की एक छिपी हुई कोशिश है, जिन्होंने पहले ही एक और खुलासे की घोषणा कर दी है। क्या सरकार उनके द्वारा उजागर किए जाने वाले सच से घबरा गई है। सीआरपीएफ के वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख सुनील जून ने श्री खरगे को बुधवार को पत्र लिखा है जिसमें श्री गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। पत्र में कहा गया है कि श्री गांधी अपनी सुरक्षा को 'गंभीरता से' नहीं ले रहे हैं और बिना सूचना दिये विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। सीआरपीएफ ने श्री गांधी की इस साल की कुछ विदेश यात्राओं का जिक्र पत्र में करते हुए कहा है कि श्री गांधी 30 दिसंबर से 9 जनवरी तक इटली की यात्रा गये फिर 12 से 17 मार्च तक वियतनाम, 17 से 23 अप्रैल दुबई, 11 से 18 जून कतर, 25 जून से 6 जुलाई लंदन और हाल ही में चार दिन तक मलेशिया की यात्रा में गये हैं।

# पेज एक का शेष

### नेपाल में शासन...

बताया कि समूचे देश में इन हिंसक प्रदर्शनों में कम से कम 34 लोगों की मौत हुई है और 1368 लोग घायल हुए हैं। हालांकि ज़्यादातर घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 949 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। इस बीच देश के कई क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन जारी रहने की सूचनाओं के कारण स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय के अधिकारी अस्पतालों पर नज़र रख रहे हैं और सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

### सुरक्षा प्रोटोकॉल...

नहीं ले रहे हैं और बिना सूचना दिये विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। पत्र में कहा गया है कि नौ माह में वह छह बार विदेश जा चुके हैं। श्री गांधी की इस साल की विदेश यात्राओं का विस्तारपूर्वक जिक्र करते हुए सीआरपीएफ ने कहा है कि पिछले नौ माह में श्री गांधी छह बार विदेश यात्रा कर चुके हैं। पत्र में यात्राओं का विस्तार वे विवरण देते हुए कहा गया है कि श्री गांधी 30 दिसंबर से नौ जनवरी तक इटली की यात्रा गये फिर 12 से 17 मार्च तक वियतनाम, 17 से 23 अप्रैल दुबई, 11 से 18 जून कतर, 25 जून से 6 जुलाई लंदन और हाल ही में चार दिन तक मलेशिया की यात्रा में गये हैं। सीआरपीएफ द्वारा पत्र को सार्वजनिक करने और इसकी टाइमिंग को लेकर किए जाने पर पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया की और कहा कि सीआरपीएफ की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गये पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसे डराने की कोशिश करार दिया है। कंग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को पत्र का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के पत्र भेजने का समय और उसे तुरंत सार्वजनिक करने की मंशा परेशान करने वाली है। उनका कहना था कि श्री गांधी की सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर लिखे पत्र और उसे सार्वजनिक करने का समय सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा, ''यह पत्र ऐसे समय में आया है जब श्री गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। क्या यह विपक्ष के नेता को डराने की एक छिपी हुई कोशिश है, जिन्होंने पहले ही एक और खुलासे की घोषणा कर दी है। क्या सरकार उनके द्वारा उजागर किए जाने वाले सच से घबरा गई है। गौरतलब है कि श्री गांधी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है जो गंभीर खतरे की आशंका वाले व्यक्तियों को प्रदान की जाती है।

### भारत–मॉरीशस...

प्रावधान है। इन पर लगभग 21 करोड़ 50 लाख डॉलर की लागत आने का अनुमान है। अनुदान-सह-ऋण के आधार पर शुरू की जाने वाली परियोजनाओं में एसएसआर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए एटीसी टावर का निर्माण कार्य , मोटरवे एम 4 का विकास, रिंग रोड चरण दो का विकास और सीएचसीएल द्वारा बंदरगाह उपकरणों का अधिग्रहण शामिल है। इन पर करीब 44 करोड़ डॉलर की लागत का अनुमान है। रणनीतिक मोर्चे पर दोनों पक्षों ने मॉरीशस में बंदरगाह के पुनर्विकास तथा पुनर्गठन और चागोस समुद्री संरक्षित क्षेत्र के विकास और निगरानी में सहायता पर भी सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा भारत ने चालू वित्त वर्ष में दो करोड़ 50 लाख डॉलर की बजटीय सहायता प्रदान करने पर भी सैद्धांतिक रूप से सहमति दी है। दोनों पक्षों ने सात क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किये हैं। इनमें भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और मॉरीशस के तृतीयक शिक्षा, विज्ञान एवं अनुसंधान मंत्रालय के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझोता ज्ञापन , वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान और मॉरीशस समुद्र विज्ञान संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत 'कर्मयोगी भारत' और मॉरीशस सरकार के लोक सेवा एवं प्रशासनिक सुधार मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन, विद्युत क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, लघु विकास परियोजनाओं के दूसरे चरण के कार्यान्वयन के लिए भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में समझौता ज्ञापन, जल विज्ञान के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण, उपग्रहों और प्रक्षेपण यानों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और दूरसंचार स्टेशन की स्थापना तथा अंतरिक्ष अनुसंधान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन शामिल हैं। साथ ही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास और मॉरीशस विश्वविद्यालय, रेडुइट के बीच समझौता ज्ञापन और भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु तथा मॉरीशस विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन की भी घोषणा की गयी। इसके अलावा भारत ने टैमरिंड फॉल्स में 17.5 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना स्थापित करने में भी सहयोग करेगा। इस संबंध में एक समझौते को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड की एक टीम शीघ्र ही मॉरीशस का दौरा करेगी।

### चार राज्यों से 5...

काम करता था। इसके सदस्य सिग्नल और टेलीग्राम जैसे एनक्रिप्टेड ऐप्स के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर से संवाद करते थे। वे सोशल मीडिया पर ''गजवा-ए-हिंद'' नामक ऑनलाइन समूह चलाते थे, जिसके माध्यम से युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाया जाता था और उन्हें भर्ती किया जाता था। इस मॉड्यूल का उद्देश्य साम्प्रदायिक तनाव फैलाना और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ना था। जांच में पता चला कि यह मॉड्यूल अल-कायदा और आईएसआईएस से प्रेरित था। इसके सदस्य अरावली पहाड़ियों के जंगलों में हथियार प्रशिक्षण ले रहे थे और त्योहारी सीजन में दिल्ली-एनसीआर में बड़े हमले की योजना बना रहे थे। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से आफताब और सुफियान को गिरफ्तार किया गया, जो हथियारों की व्यवस्था कर मुंबई भागने की फिराक में थे। आफताब दसवीं पास है। पुलिस ने दिल्ली, रांची, ठाणे, निजामाबाद, राजगढ़ और पलामू सहित 12 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। बरामद डिजिटल उपकरणों की फॉरेंसिक जांच चल रही है ताकि नेटवर्क के अन्य सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का पता लगाया जा सके। केंद्रीय एजेंसियां, जिनमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) शामिल हैं, इस साजिश की गहराई की जांच कर रही हैं। श्री कुशवाहा ने बताया कि पिछले छह महीनों से इस मॉड्यूल पर नजर रखी जा रही थी। समय रहते इन आतंकियों को पकड़कर एक बड़ी साजिश को नाकाम किया गया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस मॉड्यूल ने कितने लोगों को भर्ती किया और उनके संभावित लक्ष्य क्या थे। जांच अभी जारी है, और भविष्य में अतिरिक्त गिरफ्तारियां भी संभावित हैं।

### एनकाउंटर में 10...

गया था, जिसमें मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सली मारे गए हैं, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ गरियाबंद के एक दूरस्थ क्षेत्र में हुई, जहां सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के एक समूह को घेर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस ऑपरेशन में राज्य पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन की टीमें शामिल थीं। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में से मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण ओडिशा स्टेट कमेटी का एक वरिष्ठ सदस्य था, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। गौरतलब हो कि गरियाबंद जिला लंबे वक्त से नक्सली एक्टिविटियों का गढ़ रहा है, जहां सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच कई मुठभेड़ें हो चुकी हैं। हाल के सालों में सुरक्षाबलों ने यहां नक्सलवाद को कमजोर करने के लिए कई सफल ऑपरेशन किए हैं, जिसमें कई शीर्ष नक्सली नेता मारे गए या गिरफ्तार किए गए हैं। मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण नक्सली संगठन में एक शीर्ष नेता था, जिस पर कई गंभीर अपराधों का आरोप था। जिनमें हत्या, लूट और पुलिस पर हमला शामिल है। उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था जो इस बात का संकेत है कि वह नक्सली गतिविधियों में कितना प्रभावशाली था। उसकी मौत से नक्सली संगठन की रीढ़ तोड़ने में मदद मिलेगी, क्योंकि वह कई ऑपरेशनों का मास्टरमाइंड था।

### राष्ट्रपति संदर्भ के 14...

संवैधानिक विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायोचित है। संदर्भ में राय मांगी गई है, ''क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के अंतर्गत राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय, कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक के कानून बनने से पहले, किसी भी रूप में, उसकी विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना अनुमन्य है? इसमें यह भी पूछा गया है कि क्या संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग और राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के द्वारा दिए गए आदेशों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत किसी भी रूप में प्रतिस्थापित किया जा सकता है। राष्ट्रपति की ओर से यह भी राय मांगी गयी है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना भी लागू कानून है। इसमें पूछा गया है, ''संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, क्या शीर्ष न्यायालय की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह निर्णय करे कि क्या उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है जिसमें संविधान की व्याख्या से संबंधित विधि के महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल हैं और इसे कम से कम पाँच न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाए। राष्ट्रपति के संदर्भ में यह भी पूछा गया था कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियाँ प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या भारतीय संविधान का अनुच्छेद 142 ऐसे निर्देश जारी करने/आदेश पारित करने तक विस्तारित है जो संविधान या लागू कानून के मौजूदा मूल या प्रक्रियात्मक प्रावधानों के विपरीत या असंगत हैं। इसमें यह भी राय देने को कहा गया है, ''क्या संविधान, भारत के संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत वाद के माध्यम से छोड़कर, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को सुलझाने के लिए शीर्ष न्यायालय के किसी अन्य अधिकार क्षेत्र को रोकता है?'' राष्ट्रपति ने महसूस किया कि मौजूदा परिस्थितियों में जब राज्य सरकारें अक्सर संविधान के अनुच्छेद 32 और 131 का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाती हैं, कानूनी प्रश्नों पर शीर्ष अदालत की राय लेना समय की मांग है। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति संदर्भ के मामले में 22 जुलाई को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर इन सवालों पर अपना पक्ष रखने को कहा था। शीर्ष अदालत ने 29 जुलाई को कहा था कि वह 29 अगस्त से 10 सितंबर के दौरान सुनवाई संबंधित पक्षों की दलीलें सुनेगी। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ (शीर्ष अदालत में) ने आठ अप्रैल, 2025 के अपने एक फैसले में तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा 10 विधेयकों को पुनः अधिनियमित किए जाने के बाद राष्ट्रपति के लिए आरक्षित करने के फैसले को अवैध घोषित किया था। शीर्ष अदालत ने तब समय-सीमा तय करते हुए कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचारार्थ रखे गए विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। इस फैसले के बाद राष्ट्रपति ने संदर्भ के 14 प्रश्नों पर शीर्ष अदालत की राय मांगी थी।

### शहरी सीमा का...

की सूची मांगी गई है। जनगणना निदेशालय के पत्र के बाद निदेशक स्थानीय निकाय अनुज कुमार झा ने इस संबंध में निकायों को पत्र भेजा है। इसमें निकायवार पूरी जानकारी विस्तृत रिपोर्ट के साथ देने को कहा गया है। इससे यह तय माना जा रहा है कि निकायों की सीमा विस्तार फिलहाल के लिए रोक दी गई है। यह माना जा रहा है कि नई जनगणना का काम पूरा होने के बाद अब विस्तार किया जाएगा।

### राज्य कर के दो ...

के तहत पंजीयन के लिए किए आवेदन के निस्तारण के लिए 15 हजार रुपये घूस मांगा और इसे लेते हुए पकड़े गए। इसलिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है और संयुक्त आयुक्त कार्यालय आजमगढ़ से संबद्ध किया गया है।

### कर्ता के प्रति कृतज्ञता...

मंदिर निर्माण के लिए संघर्षरत रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी समाज को तोड़ने वाली ताकतों से चिंतित रहे। उन्होंने अश्पृश्यता के खिलाफ आवाज उठाई और आजीवन सामाजिक समरसता को बढ़ाते रहे।

# शिक्षा विभाग के उप निदेशक वीरेन्द्र नारायण के पटना-मुजफ्फरपुर और पूर्णिया के ठिकानों पर एसवीयू की रेड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने शिक्षा विभाग के उप निदेशक वीरेन्द्र नारायण के पटना से लेकर मुजफ्फरपुर और पूर्णिया के ठिकानों पर गुरुवार छापेमारी की है जो अभी भी जारी है। छापेमारी में अकूत संपत्ति का पता चला है। शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर वीरेंद्र नारायण के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज किया है। एसवीयू ने मुजफ्फरपुर में आरडीडीई के पद पर पदस्थापित वीरेन्द्र नारायण के खिलाफ 3 करोड़ 75 लाख 66 हजार 92 रुपये आय से अधिक अर्जित करने का केस दर्ज कर, कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद तलाशी ले रही है। एसवीयू की टीम मुजफ्फरपुर स्थित कार्यालय ,पटना स्थित आवास और पूर्णिया के पैतृक



आवास की तलाशी ली है। इस दौरान आरडीडीई के ठिकानों से नकद के अलावे जमीन-जायदाद के कागजात के अलावे अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय उप निदेशक वीरेन्द्र नारायण आज से 71 दिन पहले तक वैशाली के जिला शिक्षा पदाधिकारी हुआ करते थे। शिक्षा विभाग ने इन्हें 30 जून को मुजफ्फरपुर प्रमंडल का क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक बनाया था। डीईओ वैशाली के पद पर रहने के दौरान वीरेन्द्र नारायण पर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। वैशाली में पदस्थापन के दौरान जमकर माल उगाही की शिकायत ऊपर तक पहुंची थी। जानकार बताते हैं कि वैशाली में पोस्टिंग के दौरान वीरेन्द्र नारायण ने अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित की। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक वीरेन्द्र नारायण अकेले अधिकारी नहीं है। हाल तक कई जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारी रहे शिक्षा सेवा के अधिकारियों ने जमकर माल बनाया। शिक्षा विभाग की तरफ से सरकारी स्कूलों में संसाधन बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये का जिम्मा जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया था। इन अधिकारियों ने कागज पर काम कराकर जमकर माल बनाया है। जांच एजेंसियों की छापेमारी में अकूत संपत्ति अर्जित करने का खुलासा हो रहा है।

# दिल्ली नगर निगम की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं सफाई कर्मचारी : महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने गुरुवार को सिविक सेंटर में आयोजित 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान की समीक्षा बैठक में सभी जोन के स्वच्छता कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। राजा इकबाल सिंह ने नागरिक पारिस्थितिकी तंत्र में सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी दिल्ली नगर निगम की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं, इस शहर को स्वच्छ और रहने योग्य बनाने में उनके अथक प्रयासों पर गर्व है। महापौर ने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को समाप्त होने वाले स्वच्छता पखवाड़े में हमारे सफाई कर्मचारियों के सहयोग के लिए उनकी शक्ति पर पूरा विश्वास है और आशा व्यक्त की कि वे स्वच्छ और हरित दिल्ली सुनिश्चित करने के लिए अपनी कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। इकबाल सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे हमें पूरी ईमानदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिल्ली में स्वच्छता अभियान जनभागीदारी और दिल्ली नगर निगम सफाई कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण सफल रहा है। कार्यक्रम में उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुंदर तंवर, निगम के नेता सदन प्रवेश वाही, निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार के साथ-साथ अन्य अधिकारी और दिल्ली नगर निगम के क्षेत्रीय स्वच्छता कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के एडीजी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रशार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित गुरदासपुर, अमृतसर तथा फिरोजपुर जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद जलभराव वाले सीमा इलाकों लेकर समीक्षा बैठक भी की।

आज एडीजी आईपीएस सतीश खंडारे तथा आईजी अतुल फुलजेले व अन्य अधिकारियों ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित गुरदासपुर, अमृतसर तथा फिरोजपुर जिलों का हवाई सर्वेक्षण कर सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के नुकसान का आकलन किया। अपने दौरे के दौरान एडीजी ने बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक की और जलभराव वाली सीमा की सुरक्षा के लिए तैयारियों पर ज़ोर दिया। एडीजी खंडारे ने बीएसएफ इकाइयों के समर्पित मानवीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीणों और पशुओं को मुफ्त चिकित्सा सेवा उपलब्ध करना और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाने के लिए त्वरित बचाव अभियान चलाना प्रशंसनीय है। इसके बाद बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय जालंधर में एडीजी ने एक व्यापक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें मौजूदा सीमा सुरक्षा चुनौतियों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे बचाव और राहत उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# डीएम ने कहा क्षमता विकास व व्यावसायिक कार्यक्रमों की नियमित हो निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के क्षमता विकास और व्यावसायिक कार्यक्रमों की नियमित निगरानी किए जाने को कहा।

डीएम तिवारी ने विभागीय अधिकारियों को विद्यालयों में परियोजनाओं के माध्यम से संचालित क्षमता विकास के कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने, नियमित निगरानी करने और निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र शिक्षा के तहत जनपद में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों को जनपद के विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर पुस्तकालय समेत परियोजना के तहत संचालित



व्यावसायिक कार्यक्रमों का निरीक्षण कर एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने नंदानगर में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों का नियमित जांच करने और भोजन और आवास की व्यवस्था चाक चौबंद रखने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभाग की ओर से करवाए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को कार्यों का गुणवत्ता और आंगनबाड़ी केंद्रों में बनाई जा रही पेंटिंग का निरीक्षण कर जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जीआईसी पैंतोली का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और पुस्तकालयों के निर्माण पर जोर देने की बात कही। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत इस वर्ष प्राथमिक शिक्षा में क्षमता विकास के लिए 386.91 लाख की स्वीकृत धनराशि में से 332 लाख का व्यय किया गया है, जबकि माध्यमिक स्तर पर 2.87 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है। इसके सापेक्ष कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जिला योजना की कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 112 कार्य योजनाओं के लिऐ 427.50 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई है। इसके सापेक्ष वर्तमान तक 392.53 लाख की धनराशि व्यय की जा चुकी है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पुरोहित, सतीश चमोली समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ के सेक्टर-20 में स्ट्रीट वेंडरों का हंगामेदार प्रदर्शन

चंडीगढ़। पंजाब में चंडीगढ़ शहर के सेक्टर-20 में स्ट्रीट वेंडरों ने गुरुवार को नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह उन्हें लगातार परेशान कर रहा है और उनकी रोज़ी-रोटी छीनने की कोशिश कर रहा है। वेंडरों ने एलान किया कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो 15 सितम्बर को बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। वेंडर नेताओं का कहना है कि निगम की ओर से किए गए सर्वे में 22,600 लोगों का नाम दर्ज किया गया था लेकिन आज की तारीख में सिर्फ 3,500 लोग ही अपना काम कर पा रहे हैं। उनका आरोप है कि सर्वे में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई और जिन वेंडरों को सर्वे में शामिल किया गया, उन्हें भी सड़क पर काम करने नहीं दिया जा रहा। वेंडरों का कहना है कि निगम विभाग मिलकर उनके चालान काट रहे हैं। आए दिन कार्रवाई होने से वे न तो दुकान चला पा रहे हैं और न ही परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में आंदोलन और भी बड़ा और तेज़ किया जाएगा।

## लुधियाना के गुरुद्वारा झाड़ साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरुप हुए अग्नि भेंट

चंडीगढ़। पंजाब के लुधियाना जिले में गांव गुरुद्वारा झाड़ साहिब में बीती रात आग लगने की घटना में गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप आग की भेंट चढ़ गया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य हरजतिंदर सिंह के अनुसार एसी का कंप्रैसर फटने के कारण अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास की संगत व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचे। गुरु मर्यादा के अनुसार पावन स्वरूपों की संभाल की गई। इस घटना के बारे में एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी तथा तख्त केसगढ़ साहिब के प्रबंधकों को सूचित कर दिया गया है। उनके आदेशानुसार गुरुवार की सुबह पांच सिंह साहिबानों की डयूटी लगाकर गुरु मर्यादा के तहत अग्नि भेंट हुए स्वरूपों को आज गोविंदवाल साहिब भेजा गया। इस घटना के बाद सिख संगत में गहरा रोष है।

# दशहरा, दीपावली, महापर्व छठ और होली पर यात्रियों के बस किराए में विशेष छूट प्रदान करने के लिए 24 करोड़ रुपये की स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि दशहरा, दीपावली, छठ और होली पर दूसरे राज्यों से बिहार आने-जाने वाले यात्रियों और कामगारों की सुविधा के लिए त्योहारी सीजन में अंतर्राज्यीय बस परिचालन पर विशेष छूट देने के लिए 24 करोड़ 06 लाख 36 हजार रुपये की स्वीकृति दी है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में दुर्गापूजा, दीपावली, छठ और होली के अवसर पर लोक-निजी भागीदारी यानि पीपीपी मॉडल के तहत चलने वाली डीलक्स नन-एसी, डीलक्स एसीऔर डीलक्स स्लीपर एसी बसों के



किराए में राहत दी जाएगी। इसके लिए 24 करोड़ 06 लाख 36 हजार रुपये की मंजूरी प्रदान की है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने इस विशेष छूट योजना का खर्च अनुमानित 24.06 करोड़ रुपये बताया था। चूकि वर्तमान बजट मद में केवल 10 करोड़ रुपये का ही प्रावधान है, इसलिए शेष राशि बिहार आकस्मिकता निधि (बीसीएफ) से अग्रिम उपलब्ध कराई जाएगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सार्वजनिक परिवहन का लगातार विस्तार हो रहा है। डबल इंजन वाली एनडीए सरकार बिहार और बिहार के बाहर रहने वाले लोगों की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में हाल ही में रेलवे ने दीपावली और छठ पर 12 हजार स्पेशल ट्रेन सेवा के संचालन का निर्णय लिया है और अब बिहार सरकार ने अंतर्राज्यीय बस परिचालन पर विशेष छूट देने के लिए 24 करोड़ 06 लाख 36 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

# पंजाब : अमरूद बाग मुआवजा घोटाले में ईडी ने करोड़ों की संपत्ति की अटैच

चंडीगढ़। पंजाब के बहुचर्चित अमरूद बाग व मुआवाजा घोटाला में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोपितों की 9.87 करोड़ की संपत्ति व अचल संपत्तियां और शेयर अस्थायी रूप से अटैच किए हैं। ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉनड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत विकास भंडारी, भूपिंदर सिंह, रितिका भंडारी, करम सिंह और गुरदीप सिंह के खिलाफ की गई है। ईडी ने यह जांच पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की उस एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जिसमें भूपिंदर सिंह, विकास भंडारी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि निजी व्यक्तियों ने सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से गुआवा के बागों का झूठा अस्तित्व दिखाकर मुआवजा हड़प लिया। यह भूमि ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) द्वारा एरोसिटी रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट (आईटी सिटी, एसएएस नगर, मोहाली) के लिए अधिग्रहित की जानी थी। अधिक मुआवजा पाने के लिए आरोपितों ने कई हथकंडे अपनाए थे। जमीन पर जहां अमरूद के पेड़ मौजूद नहीं थे, वहां भी पेड़ दिखाए गए थे। पेड़ों का घनत्व, उम्र और संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई। राजस्व अधिकारियों और बागवानी विभाग के अफसरों की मिलीभगत से नकली रिकॉर्ड तैयार कराए और फर्जी रिपोर्ट बनवाई गई। इस तरह अवैध तरीकों से आरोपितों ने करोड़ों रुपये का मुआवजा हासिल किया था। ईडी ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि यह अटैचमेंट अस्थायी है और आगे की जांच के बाद मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# मुआवजा राशि नहीं मिलने से नाराज बाढ़ पीड़ितों ने किया सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। अनुग्रह राशि नहीं मिलने से नाराज बाढ़ पीड़ितों ने गुरुवार को भागलपुर साहिबगंज एन एच 80 को जाम कर दिया है। जिले के एकचारी थाना क्षेत्र केझभोलसर पंचायत के करीब 500 ग्रामीण सड़क पर उतर आए और स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नाराज महिलाओं ने झाडू लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भागलपुर-साहिबगंज मुख्य मार्ग पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि वे बाढ़ प्रभावित इलाके में रहते हैं। लेकिन अब तक सरकार की ओर से मिलने वाली जीआर (अनुग्रह) राशि उन्हें नहीं मिली है। प्रदर्शन में शामिल कविता देवी ने बताया कि भोलसर पंचायत के तीन गांवों के लोग इस



आंदोलन में शामिल हुए हैं। कई बार अंचलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक मुआवजा राशि नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण लाखों रुपये का सामान बर्बाद हो गया। मुश्किल हालात में परिवार किसी तरह गुजर-बसर कर रहे हैं। सरकार की ओर से मदद की घोषणा तो हुई, लेकिन अधिकारी लाभ दिलाने में नाकाम रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी स्थिति नहीं सुधरी। मजबूरन आज सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ा। इस दौरान प्रदर्शनकारी सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। उल्लेखनीय है कि एनएच-80 भागलपुर से झारखंड के साहिबगंज को जोड़ता है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के जाम रहने से यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। कहलगांव डीएसपी को भी घटना की जानकारी दी गई है। हालांकि वह मौके पर नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी ग्रामीणों को शांत करने पहुंचे, लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक उन्हें मुआवजा राशि देने की ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, वे जाम नहीं हटाएंगे।

## पंजाब के 92 श्रद्धालु नेपाल में सीमा पर फंसे

चंडीगढ़। पंजाब से नेपाल यात्रा पर गए 92 श्रद्धालुओं का जत्था वहां फंस गया है। नेपाल में हिंसक घटनाओं के बीच पंजाब सरकार ने इन यात्रियों की वापसी के लिए केंद्र व नेपाल सरकार से संपर्क किया है। माना जा रहा है कि गुरुवार देरशाम या शुक्रवार तक पंजाब के यह श्रद्धालु भारतीय सीमा में प्रवेश कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं का एक यह जत्था अमृतसर से 3 सितंबर को रवाना होकर 5 सितंबर को बॉर्डर पार कर जनकपुर धाम पहुंचा था। वहां से 6 सितंबर को काठमांडू और उसके बाद पोखरा गया। श्रद्धालुओं के भ्रमण के दौरान 8 सितंबर से नेपाल में हालात अचानक खराब होने शुरू हो गए। इसके बाद जत्था लगातार सुरक्षित वापसी का रास्ता तलाशता रहा है। नेपाल में बिगड़े हालात के बीच जत्थे ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात के समय सफर करने का निर्णय लिया। नेपाल में गए श्रद्धालुओं का नेतृत्व रिंकू बटवाल ने एक वीडियो शेयर कर बताया कि 9 सितंबर वे सभी पोखरा में थे। सड़कों पर तनाव और कर्फ्यू का माहौल था। जिसके बाद वे 9-10 सितंबर की रात को नेपाल बॉर्डर की तरफ निकले। रातभर के सफर के बाद जत्था 10 सितंबर को नेपाल-भारत सीमा पर स्थित भैरहवा (भैरवा) बॉर्डर तक पहुंच गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063